अधिकतम तापमान 24.00* >> न्यूनतम तापमान 16.00* >> सूर्योदय 6:38 >> सूर्यास्त 18:25 >> डॉलर 81.65 >> यूरो 81.67 >>

दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा | वर्ष-13, अंक-140 | बुधवार 09 नवम्बर, 2022 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य 3.00 रुपये

dainikbhaskarup.com

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित

छोटीबड़ीबात

आज ही के दिन 2000 में उत्तर प्रदेश से विभाजित कर उत्तराखंड को भारत गणराज्य के 27वां राज्य बनाया गया था।

यूपी की खतौली सीट पर पांच दिसंबर को होगा विधानसभा का उप-चुनाव

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की खतौली विधानसभा सीट के लिए उप-चुनाव की तारीख घोषित कर दी। यहां पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। यह सीट भाजपा विधायक विक्रम सिंह सैनी की विधानसभा सदस्यता रद्द होने पर खाली हो गई थी। निर्वाचन आयोग ने उप-चुनाव का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि 10 नवंबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 नवंबर है। 18 नवंबर को नामांकनों की छटनी होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 21 नवंबर है। पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे और 8 दिसंबर को वोटों की गिनती होगी।

पृथ्वी को बचाने के लिए एकजुट हो अमेरिका-चीन सहित सभी देश : एंटोनियो गुटेरस

एजेंसी

शर्म-अल-शेख (मिस्र)। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने मिस्र के शर्म-अल-शेख में चल रहे 27वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में चेतावनी देने के साथ साफ कहा कि पृथ्वी बचाने का यह आखिरी मौका है और सभी देशों को एकजुट होकर सहयोग की राह पर चलना होगा। सम्मेलन में भारत के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा कि पृथ्वीवासी तेजी से अपनी जिंदगी की जंग हार रह रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों को लिए पृथ्वी को बचाने का यह अंतिम अवसर है। यदि हम अभी सहयोग न कर सके तो नरक में जलेंगे, क्योंकि अब आपसी सहयोग के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं है। दुनिया में सर्वाधिक प्रदूषण फैलाने वाले चीन और अमेरिका पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये देश उत्सर्जन में कमी लाकर मानवता को नष्ट होने से बचाएं। उन्होंने साफ कहा कि सभी देशों को जलवायु के मसले पर एकजुट होकर समझौता करना चाहिए, क्योंकि सभी एक साथ आत्मविनाश के रास्ते पर चल ही रहे हैं। हर हाल में दुनिया को 2040 तक कोयला के इस्तेमाल से मुक्त करना होगा। उन्होंने दुनिया के सबसे अमीर और सबसे गरीब देशों के बीच एक समझौते का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन से संक्रमण में तेजी लाकर यह सुनिश्चित करना होगा कि गरीब देश उत्सर्जन कम करके जलवायु प्रभावों का सामना कर सकें।

भारत ने जताई वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंता

सम्मेलन में भारत के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की दर को नियंत्रित करने के लिए जलवायु शमन की वैश्विक गति पर्याप्त नहीं है। इसके कारण पूरी दुनिया को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुनिया भर में बड़े पैमाने पर नुकसान का कारण बनने वाले प्राकृतिक खतरों को स्वीकार करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन को लेकर 'सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी' जारी करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के एजेंडे का पूरी तरह से समर्थन करता है।

जलवायु कोष में अपना हिस्सा देगा ब्रिटेन

ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार किसी विश्व मंच पर पहुंचे ऋषि सुनक ने जलवायु कोष के लिए 11.6 अरब पाउंड देने की ब्रिटिश प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मौजूदा समय जलवायु परिवर्तन पर तेजी से कार्रवाई का समय है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा में निवेश नई नौकरियों के साथ विकास का भी शानदार स्त्रोत है। रूस पर निशाना साधते हुए सुनक ने कहा कि यूक्रेन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन का घिनौना युद्ध और दुनिया भर में ऊर्जा की बढ़ती कीमतें भी जलवायु परिवर्तन पर तेजी से आगे बढ़ने का एक कारण है। विकासशील देशों को अनुचित ढंग से अमीर देशों के कार्बन उत्सर्जन के बोझ तले दबाने का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ऐसे देशों को उनका अपना स्वच्छ विकास का मार्ग दिखाने में मदद करने में विश्वास रखता है।

सारसुर्खियां

डंपर ने रिक्शा को कुचला, तीन छात्रों सहित चार की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के रायगढ़ में बीती रात एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब रेत से भरा डम्पर एक आटो रिक्शा पर पलट गया। इस दुर्घटना में परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्रों और आटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद मुहैया कराने का ऐलान किया है। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना बीती रात मुंबई-गोवा हाइवे पर पोलादपुर के पास हुई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पोलादपुर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची। उसने क्रेन की मदद से डंपर को हटाकर चारों शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए उन्हें पोलादपुर ग्रामीण अस्पताल में भेज दिया। मृतकों की पहचान उमर बदुर (रिक्शा चालक) और हलीमा पोटेरे (23), आसिया बदुर (20), नाजनीन करबेलकर (23 वर्ष) के रूप में की गई है ।

पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा भर्ती मामले में सीबीआई की छापेमारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा भर्ती मामले में सीबीआई की टीम ने मंगलवार को जम्मू में दो जगहों पर छापेमारी की है। जम्मू में सीआरपीएफ जवान कश्मीर सिंह और आईआरपी जवान विकास शर्मा के आवास पर सीबीआई की छानबीन चल रही है। सब इंस्पेक्टर एसआई भर्ती घोटाले में सीबीआई चार से पांच दिन के भीतर आरोप पत्र दायर करने की तैयारी है। इसमें जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड के अफसरों की भूमिका से पर्दा उठ सकता है।

बिना नीट के प्रवेश पाए 891 विद्यार्थी निलंबित

सीबीआई जांच के आदेश के बाद आयुष घोटाले में एक्शन, 5-5 लाख में हुए थे दाखिले

एजेंसी

लखनऊ। यूपी के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेजों में फर्जी एडमिशन मामले में बड़ा एक्शन हुआ है। बिना नीट एडमिशन लिए 891 छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया है। कॉलेजों के बाहर इन छात्रों के सस्पेंशन की नोटिस लगा दी गई हैं। हालांकि सीएम योगी ने बच्चों को लेकर नरम रवैया अपनाया है। उन्होंने आदेश दिया कि सस्पेंड छात्रों के खिलाफ एफआईआर और सख्त कार्रवाई न की जाए। इससे पहले सोमवार देर योगी सरकार ने मामले को सीबीआई के पास भेजा था। यूपी के आयुष मंत्री दया शंकर मिश्र ने बताया, जिन बच्चों का एडमिशन गलत था, उन सभी बच्चों को सस्पेंड कर दिया गया है। इस मामले में कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर डॉ. एस एन सिंह और उमाकांत यादव, प्रभारी अधिकारी शिक्षा निदेशालय को भी सस्पेंड कर किया गया है। इसके अलावा यूनानी निदेशालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. मोहम्मद वसीम और शिक्षण होम्योपैथी निदेशालय के कार्यवाहक संयुक्त निदेशक प्रो. विजय पुष्कर खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

चार नवंबर को दर्ज हुई एफआईआर

मामले में 4 नवंबर को सबसे पहले हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। इसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। क्योंकि मामला छात्रों से जुड़ा था। इसलिए सरकार भी सीरियस हो गई और जांच एसटीएफ को सौंप दी।

आयुष कॉलेज में हुए घोटाले का पूरा मामला है क्या?

वर्ष 2021-22 में काउंसिलिंग के लिए आयुर्वेद निदेशालय ने बोर्ड का गठन किया था। आईटी सेल न होने के कारण बोर्ड की निगरानी में निजी एजेंसी सॉफ्ट सॉल्यूशन को काउंसिलिंग का ठेका दिया गया। इस एजेंसी को अपट्रान पावरट्रानिक्स लि. ने नामित किया था। एक फरवरी 2022 से शुरू हुई काउंसिलिंग प्रक्रिया 19 मई तक चार चरणों में पूरी की गई। प्रदेश के राजकीय तथा निजी कॉलेजों में 7338 सीटों पर एडमिशन हुए। काउंसिलिंग से लेकर वेरीफिकेशन तक की जिम्मेदारी निजी एजेंसी की थी। दाखिलों के बाद सीट एलाटमेंट भी कर दिया गया। 1181 छात्रों के रिकॉर्ड नीट काउंसिलिंग की मेरिट सूची से नहीं मिले। इनमें से 22 छात्र ऐसे थे जो नीट में शामिल ही नहीं हुए थे। 1181 में से 927 को सीट आवंटन किया गया था। इनमें से 891 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश ले लिया।

6 स्टूडेंट्स पहले हुए थे सस्पेंड

शुरुआती जांच के बाद आयुर्वेद निदेशालय ने संदिग्ध छात्रों की सूची नाम-पते के साथ संबंधित आयुर्वेदिक महाविद्यालयों को भेज गए। संदिग्ध छात्रों के प्रवेश रद्द करने के आदेश दिए। 28 अक्टूबर को राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय लखनऊ के प्रधानाचार्य ने 6 छात्रों को सस्पेंड कर दिया।

मेडिकल कॉलेज फीस : सुप्रीम कोर्ट ने कहा-लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है शिक्षा, याचिकाकर्ताओं पर ठोंका पांच लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा कम होनी चाहिए, सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए ये बात कही। राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में ट्यूशन फीस को 24 लाख रुपये प्रति वर्ष बढ़ा दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने याचिकाकर्ता नारायण मेडिकल कॉलेज और आंध्र प्रदेश पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए इसे छह सप्ताह की अवधि के भीतर अदालत की रजिस्ट्री में जमा करने का आदेश सुनाया। पीठ ने कहा कि फीस को बढ़ाकर 24 लाख रुपये प्रति वर्ष करना, यानी पहले तय की गई फीस से सात गुना अधिक करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है। ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए।

कॉलेज और राज्य सरकार की याचिका खारिज शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कॉलेज द्वारा दायर एक याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें एमबीबीएस छात्रों की ट्यूशन फीस बढ़ाने के सरकार के फैसले को खारिज कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने माना था कि आंध्र प्रदेश प्रवेश और शुल्क नियामक समिति नियम, 2006 के प्रावधानों पर विचार करते हुए समिति की सिफारिशों/रिपोर्ट के बिना शुल्क को बढ़ाया/निर्धारित नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ट्यूशन फीस का निर्धारण या समीक्षा करते समय कई कारकों जैसे पेशेवर संस्थान का स्थान, पेशेवर पाठ्यक्रम की प्रकृति, उपलब्ध बुनियादी ढांचे की लागत पर विचार करना आवश्यक है। इसमें कहा गया है कि कॉलेज प्रबंधन को अवैध सरकारी आदेश के अनुसार एकत्र की गई राशि को अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

कानपुर : पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए के छापे

भास्कर ब्यूरो

कानपुर। हिंसा के बाद पीएफआई कनेक्शन सामने आई। मंगलवार को एनआईए की टीम ने दलेलपुरवा में 3 जगह पर छापामारी की। 2 संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं। कहा जा रहा है कि जहां पर एनआईए की टीमें दस्तावेज खंगाल रही हैं। वो सभी पीएफआई के दफ्तर हैं। फिलहाल लोकल थानों की पुलिस इस मामले में कुछ कहने से बच रही है।

एनआईए के अधिकारियों के मुताबिक जांच खत्म होने के बाद ही आधिकारिक तौर पर कुछ कहा जाएगा। यहां ये भी अहम है कि टेरर फंडिंग के मामले में एनआईए लगातार पीएफआई के सदस्य रहे लोगों पर शिकंजा कस रहा है। सूचना आ रही है कि आजमगढ़ में भी एनआईए की टीमें छापामारी कर रही है।

5 लोगों के बारे में जुटाई जानकारी

टीम ने पीएफआई से जुड़े रहे 5 लोगों के बारे में जानकारी जुटाई है। लोकल पुलिस पहले से पीएफआई से जुड़े लोगों के बारे में ब्योरा जुटा रही है। इसी सिलसिले में अनवरगंज थाने की पुलिस दलेलपुरवा में स्थित बेबी कंपाउंड में पहुंची। जहां पुलिस ने 2 लोगों के बारे में जानकारी की है। यह दोनों को संदिग्ध मानते हुए हिरासत में लिया गया है।

कानपुर हिंसा में हुआ था खुलासा

बता दें कि हाल ही में जुमे की नमाज के दिन कानपुर के बेकनगंज इलाके में पुलिस हिंसा हुई थी। इस मामले में पीएफआई कनेक्शन सामने आया था। कानपुर में एमएमए जौहर फैंस एसोसिएशन के अध्यक्ष हयात जफर हाशमी सहित कुछ स्थानीय नेताओं ने जुमे की नमाज के दिन बंद बुलाया था। पैगंबर मोहम्मद के अपमान के खिलाफ जुलूस निकाला गया था।

आजमगढ़ में एनआईए ने डाला डेरा

आजमगढ़ । नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी एनआईए ने डेरा डाल दिया है। एनआईए की यह सक्रियता हाल ही में पीएफआई को लेकर पूरे देश में हुई छापेमारी के बाद मिले लिंकेज के आधार पर बढ़ी है। इससे एक माह पूर्व भी जिले में गुपचुप तरीके से छापेमारी की थी। जिल के बिलरियागंज, मुबारकपुर और सरायमीर जैसे इलाके खाड़ी देशों के संपर्क में हैं। ऐसे में यहां के लिंकेज के बारे में निगरानी की जा रही है और इस सिडिंकेट से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी भी जुटाई जा रही है।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी श्री गुरु नानक देव जी की 553वीं जयंती समारोह में भाग लेते हुए ।

मिशन हिमाचल पर यूपी के मुख्यमंत्री : लगातार दूसरे दिन तीन विधानसभा क्षेत्रों में हुई योगी आदित्यनाथ की जनसभा

संकट के समय भाई-बहन को इटली में नानी याद आती हैं

भास्कर ब्यूरो

कांगड़ा/कुल्लू/शिमला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिशन हिमाचल पर हैं। उन्होंने 4 दिन में यहां 12 रैली की। विधानसभा चुनाव में महज 3 दिन शेष हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी ताबड़तोड़ जनसभाएं हो रही हैं। सीएम योगी ने लगातार दूसरे दिन हिमाचल में जनसभा कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। मंगलवार को भी तीन विधानसभाओं (पालमपुर, आनी व ठियोग) में उनकी जनसभा हुई। हिमाचल के मतदाताओं में योगी आदित्यनाथ के प्रति जबर्दस्त उत्साह दिखा। लोग घरों की छतों पर भी खड़े होकर उनका संवाद सुनते रहे। योगी आदित्यनाथ ने देवभूमि की जनता का आह्वान करते हुए कांग्रेस को उखाड़ फेंकने की बात की तो पालमपुर के लोगों से खुद को जोड़ा। उन्होंने कहा कि संकट के दौरान भाई-बहन को इटली में नानी की याद आती है। जो सरकार सम्मान व सुरक्षा नहीं दे सकती, उन्हें समर्थन देने की आवश्यकता नहीं है। हिमाचल की जनता ने भी उत्तर प्रदेश में सुशासन व कानून व्यवस्था का राज लाने वाले योगी आदित्यनाथ का अपनी धरती पर गगनचुंबी नारों व उत्साह से स्वागत किया। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले पालमपुर विधानसभा में रैली की। यहां भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी त्रिलोक कपूर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पालमपुर में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने पहली बार रामजन्मभूमि पर राम मंदिर के शुभारंभ का प्रस्ताव पारित किया था। आपको अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि आज अयोध्या में राम मंदिर का 55 फीसदी काम हो चुका है। 2023 के अंत तक 500 वर्षों की प्रतीक्षा को दूर करते हुए रामलला अपने मंदिर में विराजमान होंगे।

कोरोना में कांग्रेस का कोई नेता सुध लेने आया था क्या

कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार लोकेंद्र कुमार के पक्ष में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सीमाओं के लिए यहां के वीर योद्धाओं के योगदान अभिनंदनीय है। मैं इस धरती को नमन करता हूं। मैं भगवान राम की पावन धरा से आया हूं। सीएम योगी ने यहां के लोगों को अयोध्या आने का न्योता दिया। सीएम ने पूछा कि कोरोना काल में भाजपा नेता व कार्यकर्ता आ रहे थे, क्या कांग्रेस का कोई नेता भी सुध लेने आ रहा था। दिल्ली से भाई-बहन आ रहे थे क्या। संकट में उन्हें इटली में नानी याद आती हैं, कुल्लू और आनी नहीं।

सात दिन की कस्टडी में मुख्तार का साला सरजील

भास्कर ब्यूरो

प्रयागराज। मनी लांड्रिंग केस में मुख्तार अंसारी के बेटे विधायक अब्बास अंसारी के बाद अब उसके साले सरजील रजा उर्फ आतिफ की भी सात दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय की कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली गई है। ईडी ने सरजील को सोमवार शाम मऊ की जेल से रिहा होने के बाद अपने कब्जे में ले लिया था। उसे प्रयागराज लाकर अदालत में पेश कर सात दिन की कस्टडी रिमांड की अर्जी दी जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

ईडी मुख्तार के साले सरजील से भी मनी लांड्रिंग के बारे में विस्तृत पूछताछ कर सकेगी। इससे पहले ईडी ने शुक्रवार को मऊ के विधायक अब्बास अंसारी को पूछताछ के लिए बुलाने के बाद गिरफ्तार किया था। अदालत ने उसे सात दिन के लिए ईडी की कस्टडी में भेजा है जिससे लगातार धन शोधन के आरोप के बारे में पूछताछ जारी है। ईडी के सूत्रों का कहना है कि सरजील और अब्बास को आमने-सामने बैठाकर सवाल-जवाब किए जाएंगे।

गुडलक ने पुलिस उपनिरीक्षक की परीक्षा उत्तीर्ण

कासगंज/अमांपुर। क्षेत्र के गांव आनंदपुर निवासी जयप्रकाश मिश्रा की बेटी गुडलक मिश्रा ने उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनका एसआई पद पर चयन होने पर परिजनों, ईष्ट मित्रों एवं क्षेत्रीय लोगों ने खुशी व्यक्त की है। गुडलक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।

मेट्रो निर्माण को मिलेगी गति, असेम्बल की जा रही एक और लॉन्चिंग गैन्ट्री

लॉन्चिंग गैन्ट्री स्थापित होते ही प्रारंभ हो जाएगा सेगमेंट लिफ्टिंग के साथ वायाडक्ट का निर्माण कार्य

लियाकत मंसूरी

मेरठ। मेरठ में आरआरटीएस और मेरठ मेट्रो का निर्माण पूरी तेजी के साथ किया जा रहा है। इस कार्य को और गति देने के लिए एमईएस कॉलोनी और डोरली स्टेशन के बीच एक और लॉन्चिंग गैन्ट्री (तारिणी) लगाई जा रही है, जिसकी असेंबली का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। यह लॉन्चिंग गैन्ट्री स्थापित होते ही सेगमेंट लिफ्टिंग के साथ वायाडक्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर देगी।

एनसीआरटीसी की पीआरओ अपर्णा त्रिपाठी ने बताया, इस लॉन्चिंग गैन्ट्री (तारिणी) का उपयोग लगभग 3 किमी लंबे वायाडक्ट के निर्माण के लिए किया जाएगा, जो एमईएस कॉलोनी और डोरली स्टेशन के मध्य से मेरठ नॉर्थ स्टेशन तक बनाया जाएगा। इसके आगे के भाग में वायाडक्ट निर्माण के लिए मोदीपुरम स्टेशन तक पिलर निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मेरठ में वायाडक्ट के निर्माण के लिए लगाई जाने वाली यह तीसरी लॉन्चिंग गैन्ट्री है। इससे पहले, अलग-अलग जगहों पर 2 लॉन्चिंग गैंट्री पहले से ही कार्य कर रही हैं। पहली लॉन्चिंग गैन्ट्री ने रिठानी और शताब्दी नगर स्टेशन के बीच में वायाडक्ट का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया है। वहीं दूसरी लॉन्चिंग गैन्ट्री शताब्दी नगर और ब्रह्मपुरी के बीच पूरी तेजी से वायाडक्ट निर्माण का कार्य कर रही है।

लॉन्चिंग गैन्ट्री (तारिणी) के बारे में

लॉन्चिंग गैन्ट्री (तारिणी) एक विशालकाय मशीन होती है जो एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रयोग की जाती है।

इसे पिलर के ऊपर स्थापित किया जाता है, जहाँ से यह गर्डर के विभिन्न सेगमेंट्स को उठाती है और उसे आपस में जोड़ती है। ये सेगमेंट लगभग 50 से 60 टन भारी होते हैं। गर्डर के इन सेग्मेंट्स को ट्रालियों पर लाद कर कॉस्टिंग यार्ड से साइट पर लाया जाता है और लॉन्चिंग गैन्ट्री के द्वारा एक-एक कर आपस में जोड़ा जाता है। यह वायडक्ट के निर्माण के साथ-साथ आगे बढ़ती है।

21 किमी का बन रहा मेट्रो सिस्टम

मेरठ शहर में 21 किलोमीटर का मेट्रो सिस्टम बनाया जा रहा है, जिसमे 13 स्टेशन होंगे। मेट्रो का नेटवर्क मेरठ साउथ से शुरू होगा तथा परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैंसाली, बेगमपुल, एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ और मोदीपुरम होता हुआ मोदीपुरम डिपो तक जाएगा। इनमे से मेरठ सेंट्रल, भैंसाली और बेगमपुल तीन स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे, जबकि अन्य सभी स्टेशन एलिवेटेड होंगे।

मेरठ में मेट्रो का विस्तार

ज्ञातव्य है कि मेरठ में मेट्रो नेटवर्क रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के बुनियादी ढांचे पर ही संचालित हेगी। मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशनों पर आरआरटीएस ट्रेनों के रुकने का भी प्रावधान होगा, जहां से मेरठ मेट्रो के यात्री दिल्ली आदि की यात्रा के लिए ट्रेन ले सकेंगे।

लगभग 700 पिलर्स बनकर होंगे तैयार

मेरठ में आरआरटीएस और मेट्रो को संचालित करने के लिए वायाडक्ट (पुल) निर्माण के लिए लगभग 700 पिलर्स बनाए जाने हैं, जिनमें से लगभग आधे पिलर्स का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इन पिलर्स पर वायाडक्ट का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है। परतापुर से रिठानी के बीच का वायाडक्ट लगभग पूरी तरह तैयार हो चुका है।

सार सुर्खियां

आकांक्षा हत्याकांड में पति सहित ससुर और भाईयों पर मामला दर्ज

कासगंज/गंजडुंडवारा। कस्बा में बीते दिनो हुई संदिग्ध परिस्थितियों में हुई एक नवविवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पिता ने पति, ससुर और चचेरे भाई पर दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है।
थाना क्षेत्र सहावर के कस्बा मोहनपुर निवासी आदर्श गुप्ता ने कोतवाली गंजडुंडवारा में तहरीर देकर मृत बेटी के पति पति अमन गुप्ता, ससुर राकेश गुप्ता, चचेरे भाई ऋषि गुप्ता के विरूद्ध मुकद्दमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया है कि उन्होने अपनी बेटी आकांक्षा की शादी कस्बा के मोहल्ला घासी निवासी अमन गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता के साथ 4 जुलाई 2022 को की थी। शादी में लगभग 25 लाख रुपए खर्चा कर अपनी बेटी को विदा किया था। आरोप है कि ससुरालीजन दिए हुए दान से संतुष्ट नहीं थे और स्कारर्पियों कार की मांग करने लगे। न देने पर उनकी पुत्री को प्रताडित करते हुए पूर्व में भी दो-तीन बार उसे मारने की कोशिश की गई। जानकारी होने पर थाने में शिकायत करने को कहा तो ससुरालीजनों ने उनकी पुत्री आकांक्षा से मारपीट कर फांसी लगाकर हत्या कर दी और घर से भाग गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिभान सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

प्रदेश सह प्रभारी बनने पर विजय राजपूत का किया अभिनंदन

कासगंज। राष्ट्रीय लोधी महासभा के नव मनोनीत प्रदेश सह प्रभारी विजय राजपूत का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम सोरों के प्रहलादपुर स्थित एनआर पब्लिक स्कूल में हुआ। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक राजपूत ने कहा कि राष्ट्रीय लोधी महासभा में समाज के व्यक्ति को उचित स्थान देने का प्रयास किया जाता है। प्रदेश कोषाध्यक्ष जीएस राजपूत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष डा. भूदेव सिंह ने कहा कि वह अपने जिलाध्यक्ष होने के साथ-साथ जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता को सामाजिक सहयोग देने का प्रयास करते हैं। वह जिला स्तर पर सामाजिक संगठन विस्तार करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेघ सिंह वर्मा ने की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि डीएस लोधी, प्रेमशंकर वर्मा, सीपी वर्मा, रविंदर सिंह, रामेंद्र सिंह, प्रमोद लोधी, आकाश राजपूत, नरोत्तम सिंह, अरविंद लोधी, अनिल राजपूत, रामनरेश राजपूत, अमित राजपूत, रवि वर्मा मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई गुरू नानकदेव की जयंती

कासगंज/सोरों। क्षेत्र के एनआर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को गुरु नानकदेव की जयंती मनाई गई। छात्र-छात्राओं ने गुरुनानक के जीवन से संबंधित गीत व प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक विवेक कुमार राजपूत व प्रधानाचार्य प्रो. डा. एमके सोलंकी ने गुरु नानकदेव के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर किया। प्रबंधक विवेक कुमार राजपूत ने गुरु नानकदेव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने गुरुनानक देव की शिक्षाओं का अनुसरण करने कीअपील की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक कुलदीप शर्मा ने किया। इस दौरान उमा, कौशल मौर्य, निशू शर्मा, आकांक्षा, देव सोलंकी, उमेश, आयुष सिंह राठौर, परिधि, माधुरी, प्रांजल, दिव्या कुमारी, पी. सिंह, भूपेंद्र कुमार, श्वेता सिंह, अमित उपाध्याय, जवाहर सिंह, सुमन वर्मा, निशिका पांडे, शिवम माहेश्वरी, भावना, रजनी, राजीव तिवारी, खुशबू तिवारी, बबिता राजपूत, पीके पांडे, हर्षिका गहलोत, गुंजन, यशी दीक्षित, दीपक वर्मा, पूनम सिंह, पवन माहेश्वरी, अनीता, रोहित पचैरी, अभिषेक उपाध्याय, राजेश कुमार, अंकुर गौर, मोह प्रकाश, अनामिका वशिष्ठ, रिचा, सुमनलता मौजूद रहे।

श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का हुआ आयोजन

कासगंज/सिढ़पुरा। कस्बा में सोमवार की देर शाम आयोजित हुए श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। बाबा के भजनों की धुनों पर पांडाल में मौजूद श्रद्धालु थिरकते दिखाई दिए। श्री खाटू श्याम सेवा मित्र मंडल सिढ़पुरा एवं श्याम प्रेमी ने कार्यक्रम का आयोजन कराया। कार्यक्रम कस्बा सिढ़पुरा के रामखिलाड़ी फार्म हाउस में हुआ। इस दौरान श्री श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में भव्य दरबार, अलौकिक श्रंगार, छप्पन भोग, इत्र वर्षा एवं अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। इसके बाद उदयपुर से आई भजन गायिका केमिता राठौर, जयपुर से आए भजन गायक आयुष सोमानी एवं पीयूष सांवरिया ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए।
कैप्शन- श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के दौरान मौजूद भक्तगण। 08केएसजे3



शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में कासगंज प्रथम स्थान पर

कासगंज। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में जनपद पुलिस ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही थाना सुन्नगढ़ी व थाना पटियाली पूरे प्रदेश में प्रथम रहे हैं। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि आईजीआरएस से माह अक्टूबर में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में पूरे प्रदेश में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीओ व थना प्रभारी द्वारा शिकायतों के निस्तारण में की गई त्वरित कार्रवाई से कासगंज पुलिस को रैंक एक प्राप्त हुई। थाना सुन्नगढ़ी व थाना पटियाली को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। एसपी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लगन से कार्य करने वाले अधिकारियों, कमार्चारियों को बधाई दी है।

कार्तिक स्नान पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

भास्कर ब्यूरो

अनूपशहर। गंगापुल से लेकर मस्तरामघाट तक के एरिया में फैले अनूपशहर गंगातट पर कार्तिक पूर्णिमा पर्व के मौके पर बड़ी तादात में श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के जयघोष के साथ आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। सोमवार रात दस बजे से एक बजे तक बड़ी तादात में स्नानार्थी अनूपशहर पहुंचे थे। गंगास्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना की तथा भगवान सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण किया। गरीबों को दानपुण्य किया। मेलाक्षेत्र रामधुन से गूंज रहा था। मौहल्ला अहारगेट में देवी जागरण का आयोजन किया गया। पंचमुखी महादेव, शिवानंद आश्रम सहित कई जगहों पर भंडारे आयोजित किये गये।

मेहताजी के बाग व शिवानंद आश्रम में संतों ने बसेरा कर धूनी जमाई। मेला प्रशासन ने मेला क्षेत्र को तीन जोन व बारह सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की तथा हर जोन के स्नानघाटों पर मोटरबोट, नाव व गोताखोरों की तैनाती स्नान,प्रकाश, शौचालय, पेयजल, साफ सफाई, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस व मेडीकल कैम्प, पशु चिकित्सा, वाहन पार्किंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि का बंदोबस्त किया था। एसडीएम नवीन कुमार,नोडल अधिकारी राहुल यादव, सीओ अन्विता उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक यज्ञ दत्त शर्मा, तहसीलदार नीरज द्विवेदी, नायब तहसीलदार अखिलेश यादव, ईओ संजय वर्मा, खंड विकास अधिकारी मोकमसिंह,बीईओ नरेंद्रसिंह आदि अधिकारी रात भर मेला व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

कार्तिक स्नान का हुआ समापन

एक माह से चले आ रहे कार्तिक स्नान का समापन हुआ। श्रद्धालु महिलाओं ने व्रत रखकर व शालिगराम व तुलसी पूजन के साथ अपने व्रत व एक माह के कार्तिक स्नान को पूर्ण किया।

बाइक में लगी आग

सोमवार देर रात गंगापुल रेती में संदग्धि परिस्थिति में एक बाइक आग में जलकर स्वाहा हो गयी है। बाइक को जलता देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर सीओ व प्रभारी निरीक्षक यज्ञ दत्त शर्मा ने मौके पर पहुंच अग्निशमन गाड़ी बुलवाकर आग पर काबू पाया। बाइक में आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि दो पक्षों में विवाद हुआ था। बाइक मामले को भी इस विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस जांचकर रही है। उसके बाद ही कुछ स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है।

दर्जनों गुम हुए बच्चों को परिजनों से मिलवाया

कार्तिक मेला में आये दर्जन भर से अधिक बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गये थे। जिहें नगरपालिका परिषद परिषद में बने खोया पाया केंद्र व स्काउट व गाइडों ने परिजनों से मिलवाया।

संघ के स्वयंसेवकों ने यातायात व्यवस्था में दिया सहयोग

इस बार पुलिस फोर्स की कमी के चलते आरएसएस के स्वयंसेवकों ने यातायात व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग किया।

गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

भास्कर ब्यूरो

अनूपशहर। अनूपशहर में गुरु नानक देव के 553वें प्रकाश उत्सव पर एक विशाल शोभायात्रा नगर के बाल निकेतन मांटेसरी स्कूल से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए मोहल्ला मदार गेट स्थित सातवीं पातशाही गुरुद्वारे पर आकर समाप्त हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित रहे शोभायात्रा में महिलाओं ने गुरु नानक देव की महिमा का गुणगान किया इसमें गुरु की पालकी और पंज प्यारों की शोभायात्रा के साथ-साथ बाहर से आए हुए अखाड़े और बैंड आकर्षक का केंद्र रहे अखाड़े में आए हुए युवकों ने हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया ऐतिहासिक गुरुद्वारा सातवीं पातशाही हरिराय साहब मेअखंड पाठ के बाद भोग लगाया गया तथा निशान साहिब चढ़ाया गया शोभायात्रा में सिख गुरुओं के त्याग व बलिदान को दशार्ती झांकियों को देखकर अभिभूत हो उठे।

दो टेम्पों की आमने-सामने की भिड़त में आधा दर्जन लोग घायल, दो गम्भीर

कासगंज/गंजडुंडवारा। कस्बा में कादरगंज रोड स्थित प्रवेश द्वार के निकट दो टेम्पो की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में टेंपो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। दो गंभीर घायलों को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर किया है। मंगलवार को कादरगंज रोड पर दो टेंपो की भिडंत के बाद एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो में सवार लोगों में चीखपुकार शुरू हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को अवगत करात हुए टेम्पो के नीचे फंसे लोगों को निकाला। दुर्घटना में लाल सिंह व सुजावलपुर निवासी आसमा, तरन्नुम, वशीर, ताहिर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां से गंभीर घायल लाल सिंह व अलीमुद्दीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जागरूक अभियान के दौरान वालंटियर्स ने प्लास्टिक कचरा किया एकत्रित

ग्रामीणों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान भी बताए

भास्कर ब्यूरो

कासगंज। दुलार सेव द प्लानेट संस्था द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के आठवें दिन मंडी रोड स्थित हनौता गांव में संगठन के वालंटियर्स ने प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया। इस दौरान ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान भी बताए। प्रकाश पर्व पर वृक्षों के निकट दीप जलाकर उनके संरक्षण के लिए भी लोगों को प्रेरित किया।

संस्था के संस्थापक डा. मनोज शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विरोध में अभियान चलाया जा रहा है। इसी समय में मंगलवार को गुरु नानकदेव प्रकाश पर्व भी है। उन्होंने बताया कि गुरु ग्रंथ साहब के अनुसार हवा को गुरु, पानी को पिता और धरती को मां का दर्जा दिया गया है। गुरु ग्रंथ साहब में स्पष्ट संदेश है कि अपने इर्द-गिर्द की नदियों व दरियाओं में गंदगी पैदा होने से रोकें और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर इस धरती को सांस लेने लायक बनाएं, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धरती को रहने लायक बना सकें। प्रकाश पर्व की वजह से संस्था के वालंटियर्स ने प्लास्टिक कचरा एकत्रीकरण के साथ ही पेड पौधों के पास दीप जलाएं। इस अभियान में देवराजग त्रिगुणायत, हर्ष पचैरी, वंश वर्मा, हेमंत कुमार, सुधारानी, छाया राजपूत, रूबी और खुशबू ने सहभागिता की।

आईआईएमटी विश्वविद्यालय के छात्रों ने बनाये तकनीकी पोस्टर

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी आईआईएमटी विश्वविद्यालय के तत्वावधन में बीटेक व पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के मध्य तकनीकी पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को उनसे संबंधित पाठ्यक्रमों के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के बारे में जानकारी देना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, माइक्रो बैटरी, कार्बन नैनोट्यूब, इलेक्ट्रिक बाइक/कार आदि विषयों पर पोस्टर बनाये।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ आईआईएमटी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. दीपा शर्मा के द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहनजी गुप्ता व प्रति कुलाधिपति डॉ. मयंक अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभाग की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के अन्य सभी विभागों के छात्रों ने प्रतियोगिता प्रदर्शनी का अवलोकन किया जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ। विभाग के डीन डॉ. यतेंद्र चक्रवर्ती तथा विभागाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने छात्रों द्वारा किये गए कार्य की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। रीति राय, अभिषेक कुमार, हर्षिता, मुकेश, साक्षी सलोनी, निशांत त्यागी आदि प्रतियोगिता के विजेता रहे। अंशिका चौहान, अभिषेक, हर्षवर्धन, माहि, संभव सिंह, उज्जवल लाम्बा आदि द्वितीय विजेता रहे। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. बीके चौहान, सूरज गोस्वामी, प्रियंका निमेष, अश्वनी शर्मा, सुमित कुमार, प्रिया, पुष्पेंद्र सिंह, अदिति शर्मा आदि ने छात्रों के पोस्टरों की सराहना कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मिस्टर किड्स इंडिया के विनर रहे शक्षम शर्मा

भास्कर ब्यूरो

सिकंदराबाद। रूप प्रोडक्शन मिस्टर एंड मिसेज एंड किड्स इंडिया 2022 के विजेता सिकंदराबाद के मोहल्ला वैद्य वाडा निवासी लोकेश शर्मा के पुत्र शक्षम शर्मा रहे। सिकंदराबाद आगमन पर शक्षम शर्मा का उनके परिजनों ने ढोल नगाड़े बजा आतिशबाजी छोड़ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बंधाई देने वालो की भारी भीड़ मौजूद रही। रूप प्रोडक्शन के बैनर तले हुई प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इवेंट मुंबई डायरेक्टर फिरोजखान ने कहा कि कुछ भी बनने से पहले काबिल बनो। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट शक्ति कपूर बॉलीवुड एक्टर, प्रीति जिगियानी, एमटीवी स्टार नितिन आहूजा मिस्टर वर्ल्ड रोहित खंडेलवाल आदि लोग मौजूद रहे।

सिकंदराबाद तहसील को मिला राज्य में प्रथम स्थान

भास्कर ब्यूरो

सिकंदराबाद। प्रदेश में सिकंदराबाद तहसील ने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतो के निस्तारण में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में तहसील सिकंदराबाद ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। एसडीएम सिकंदराबाद राकेश कुमार सिंह जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया करते थे।

जनसुनवाई पोर्टल के कार्यों की मानिटरिंग भी की जाती है। एसडीएम ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल से प्रप्त शिकायतों को तहसील कार्यालय को ऑनलाइन भेजा जाता है प्राप्त संदर्भों की जांच ऑनलाइन दिए गए समय के अनुसार संबंधित को भेज दी जाती है शिकायत करने वाला शख्स कार्यवाही से संतुष्ट है कि नहीं इसकी जानकारी भी उस से ली जाती है। जिससे कि की गई जांच की गुणवत्ता को जाना जा सके। प्रदेश में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का राज्य स्तरीय मूल्यांकन किया गया इसमें उत्तर प्रदेश में सिकंदराबाद तहसील ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अधिकारियों की कार्यशैली ने दिलाया प्रथम स्थान

तहसील में प्राप्त शिकायतो का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसी का नतीजा है। कि प्रदेश में सिकंदराबाद तहसील नंबर वन आई है।

लेप्स हुई इंश्योरेंस पॉलिसी का सेटलमेंट कराने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

खाकीवर्दी के संरक्षण में चल रहा था ठगी धंधा, मुख्य अभियुक्त व उसकी पुलिसकर्मी पत्नी समेत पांच अभियुक्त गिरफ्तार

- करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है यह गैंग
- सहारनपुर में तैनात एक सिपाही भी चल रहा है वांछित

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। साइबर सेल ग्रेटर नोएडा व दादरी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने लेप्स हुई इंश्योरेंस पॉलिसी का सेटलमेंट कराने के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गैंग का पदार्फाश किया है। मुख्य अभियुक्त व उसकी पुलिसकर्मी पत्नी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग पिछले चार सालों में करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है। भेल के सेवानिवृत्व अधिकारी से 80 लाख रुपए की ठगी कर चुके हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से आठ मोबाइल, छह सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, डायरी, डाटाशीट, मोहर, आधार कार्ड आदि सामने बरामद किए हैं। वहीं इस मामले में संलिप्त साइबर सेल के तत्कालीन प्रभारी व वर्तमान में ऐच्छर चौकी प्रभारी को निर्लंबित कर दिया गया है। जबकि एक सिपाही वांछित चल रहा है। निर्लंबित किए गए तत्कालीन साइबर सेल प्रभारी ने ठगी करने वाले आरोपियों को पूर्व में रित लेकर छोड़ दिया था। डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा ने बताया कि भेल के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक शर्मा ने बीते अगस्त माह में दादरी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी लेप्स हुई इंश्योरेंस पॉलिसी का सेटलमेंट करने के नाम पर उनके साथ 80 लाख रुपए की ठगी की गई है। आरोपियों ने पल्रोभन देकर रजिस्ट्रेशन चार्ज व अन्य चार्ज के नाम पर पिछले दो वर्षो में 80 लाख रुपए अलग- अलग बैंक खाते में जमा करा लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल व दादरी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने छानबीन की तो कुछ अहम सुराग मिले। जांच में दीपक कुमार निवासी तिबड़ा रोड मोदीनगर गाजियाबाद का नाम सामने आया। अभियुक्त दीपक कुमार के कब्जे से पीड़ित अशोक शर्मा के कागजात व कुछ अन्य लोगों के इंश्योरेंस डाटा बरामद किए गए। इस तरह पुलिस ने ठगी करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए मुख्य अभियुक्त दीपक कुमार, उसकी पत्नी प्रियंका, जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी शिवा कालोनी गांधी पार्क अलीगढ़, विशाल त्यागी निवासी गांव मोहगलीपुर मुजफ्फरनगर व हरेंद्र निवासी ग्राम लाडपुर बीबीनगर बुलंदशहर को गिरफ्तार किया। अभियुक्ता प्रियंका उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है,जो वर्तमान में शामली में तैनात है। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित अशोक शर्मा से ठगे गए 80 लाख रुपए की रकम में से 12.50 लाख रुपए अभियुक्ता प्रियंका के खाते में जमा कराए गए थे, उसे इस बात की जानकारी थी कि उसका पति गलत कायरे में संलिप्त है,इसके बाद भी संरक्षण दिया। वहीं अभियुक्त जितेंद्र उर्फ जीतू बीमा धारकों के पास कॉल करता था, जबकि विशाल त्यागी ऐसे बीमा धारकों की डिटेल लाकर देता था,जिनकी पॉलिसी लेप्स हो चुकी होती थी। अभियुक्त हरेंद्र अन्य अपराधियों को शरण देता था। डीसीपी ने बताया कि इस मामले में अभी छह अभियुक्त फरार चल रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है।

साइबर सेल के तत्कालीन प्रभारी व वर्तमान ऐच्छर चौकी प्रभारी निलंबित

भेल के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक शर्मा के साथ हुई ठगी के मामले की छानबीन करने पर चौंकाने वाली बात सामने आई। पता चला कि ठगी करने वाले आरोपियों को बीते अगस्त माह में पकड़ा गया था, लेकिन 10 लाख रुपए की रित लेकर छोड़ दिया था। इस मामले में तत्कालीन साइबर सेल प्रभारी व वर्तमान ऐच्छर चौकी प्रभारी रंजीत को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं इस मामले में एक अन्य पुलिसकर्मी प्रदीप सोम की भी संलिप्तता पाई गई है। आरोपी प्रदीप सोम की तलाश की जा रही है। पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

मुख्य अभियुक्त दीपक महिंद्रा फाइनेंस व एचडीएफसी लोन में कर चुका है नौकरी

ठगी के आरोप में गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त दीपक महिंद्रा फाइनेंस, एचडीएफसी लोन समेत कई अन्य जगह नौकरी कर चुका है। नौकरी करने के दौरान वह ग्राहकों का डाटा चोरी कर लेता था और फिर फोन कर ठगी करता था।

अपराध करने का तरीका

पुलिस के हत्थे चढ़े अभियुक्त बहुत ही शातिर हैं। लेप्स इंश्योरेंस धारकों को बीमा लोकपाल बनकर कॉल करते थे तथा पॉलिसी के लेप्स हुए पैसे को कई गुणा बढ़ाकर पैसा रिकवर कराने के नाम पर रजिस्ट्रेशन चार्ज व अन्य चार्ज के नाम पर खाते में पैसा जमा करा लेते थे। पीड़ित अशोक शर्मा से पिछले दो वर्षो में 80 लाख रुपए की ठगी की गई है।

ठगी की रकम से खरीदी कार व जमीन

ठगी के आरोप में गिरफ्तार दीपक, प्रियंका, जितेंद्र उर्फ जीतू व अन्य आरोपियों ने ठगी की रकम से गाजियाबाद,मेरठ आदि स्थानों पर जमीन खरीदी थी। कार व बाइक भी खरीदी थी। ठगी की ज्यादातर रकम प्रॉपर्टी में निवेश कर रखी है। डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। आरोपी फर्जी कॉल सेंटर से रोजाना 50 हजार से 1 लाख रुपए कमा लेते थे। सबसे बड़ी ठगी भेल के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक शर्मा से की थी।

ईएसजी-कॉन्क्लेव 2022: अवसर, चुनौतियां और आगे की राह

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। पर्यावरण, सामाजिक और शासन से संबंधित पहलुओं पर छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से, जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने ईएसजी कॉन्क्लेव का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पंकज अग्रवाल , वाइस चेयरमैन, जीएल बजाज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और डॉ सपना राकेश, डायरेक्टर, जीएलबीआईएमआर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि इंद्रजीत घोष, चेयरमैन, एमएसएमई चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया ने अपने वर्षों के अनुभव के बारे में जानकारी साझा की।ईएसजी - कॉन्क्लेव ने उन प्रासंगिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, जिनके भविष्य के लिए प्रमुख निहितार्थ हैं। पैनलिस्ट में सीतेश बरचे, सीनियर मैनेजर, सीएमडी सचिवालय, एनटीपीसी लिमिटेड, अंकुर हांडा, सहायक उपाध्यक्ष, मिरे एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर, आशीष अग्रवाल, प्रोफेसर, आईआईएम

लखनऊ डॉ दीपक टंडन, प्रोफेसर, आईएमआई दिल्ली और सब्यसाची दत्ता, चेंज कैटेलिट्स-सीएसआर पार्टनर थे। पैनलिस्टों ने सूचनात्मक चर्चा पर ध्यान केंद्रित किया कि कैसे एक व्यावसायिक संगठन ईएसजी को सही अर्थ और उद्देश्य दे सकता है। रामवीर तंवर, पर्यावरणविद् और टेडेक्स स्पीकर कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्हें भारत के 'पॉन्ड मैन' के रूप में भी जाना जाता है। वह नोएडा में आर्द्रभूमि को पुनर्जीवित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता की कहानी, संघर्ष और असफलताओं को साझा किया। जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, उस क्षेत्र में जैव विविधता को बचाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला जहां शहरीकरण बड़े पैमाने पर चल रहा है। कॉन्क्लेव के बाद ईएसजी कॉन्क्लेव-केस स्टडी एनालिसिस प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को उनके साथ साझा किए गए केस स्टडी के आधार पर अपनी सीख दिखाने के लिए मंच पर बुलाया गया था। न्यायाधीशों द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदंडों पर उनके विश्लेषण और सोच कौशल को आंका गया। प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को पर्यावरण की स्थिरता के साथ वास्तविक दुनिया के मुद्दों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेनो द्वारा आईआईएमटी कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो, रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा आईआईएमटी कॉलेज में लगाये गये रक्तदान शिविर में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। कैम्प में 238 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

रो. सौरभ बंसल ने बताया कि रोटरी ब्लड बैंक नोएडा में डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण रक्त की कमी चल रही थी। जिसे दूर करने के लिये आईआईएमटी कॉलेज के एमडी मयंक अग्रवाल ने कॉलेज कैम्पस में रक्तदान शिविर आयोजित करने की सहमति प्रदान की। रोटरी क्लब के सहयोग से लगाये गये शिविर में 314 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 76 बच्चे कम हीमोग्लोबिन व 18 से कम उम्र के होने के कारण रक्तदान नहीं कर सके। कुल 238 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

क्लब अध्यक्ष रो. विजय शर्मा ने बताया कि रक्तदान के लिये छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला सभी ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। कैम्प का शुभारंभ डायरेक्टर अभिन्न बख्शी भटनागर ने किया तथा प्रिन्सिपल डॉ. गोविंद गुप्ता, कैम्प कॉर्डिनेटर पुरुषोत्तम त्रिपाठी व पारुल गर्ग ने छात्र, छात्राओं को रक्तदान करने के लिए जागरुक किया व व्यवस्था में सहयोग किया। कैम्प आयोजित कराने में डायरेक्टर उमेश कुमार जी का विशेष योगदान रहा। कैम्प में रो.विजय शर्मा, रो.विनोद कसाना, रो.अतुल जैन, रो.एम पी सिंह, रो.अनिल गुप्ता, रो.अमित राठी, सरदार रंजीत सिंह (मणि) व अन्य लोग मौजूद रहे।

'स्वच्छ कैंपस ड्राइव' कार्यक्रम का गलगोटिया कॉलेज में हुआ आयोजन

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत गलगोटिया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के परिसर में एक माह के लिये 'स्वच्छ कैंपस ड्राइव' का आयोजन किया गया है। जो अभी 15 नवम्बर 2022 तक चलेगा। अभी तक इसके अन्तर्गत सेफ एण्ड ग्रीन दीपावली, स्वच्छ-टैक डिपार्टमेंट कम्पटीशन प्रतियोगिता, इलैक्ट्रानिक-वेस्ट हैजार्डस एण्ड मैनेजमैंट, (इ-वेस्ट डेस्क) का प्रेजेन्टेशन जिसमें बताया गया कि इ-वेस्ट में से जरूरी वस्तुओं को निकाल कर कैसे प्रयोग में लाया जा सकता है। यह एक नयी पहल थी। और दूसरे प्रोजेक्टों में सेव पेपर, नो प्लास्टिक यूज, इलैक्ट्रिक- ऑटोमैटिव वाहन पर विद्यार्थियों के लिये स्पेशल वनडे-ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर है। आज पर्यावरण की सुरक्षा करना पूरे विश्व के लिये एक बड़ी चुनौती बन गयी है। इस लिये गलगोटिया कॉलेज ऑफ इन्जिंनीयरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी ने भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम का स्वागत करते हुए और इसके महत्व को आम जन मानस तक पहुँचाने के लिये अपने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर अपने जीसीईटी के परिसर से ही इसकी शुरूआत की है। 15 नवम्बर 2022 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नो फूड-वेस्ट, नो प्लास्टिक यूज, ग्रीन पैंथर के द्वारा प्लॉट एडेप्टेशन और नुक्कड़ नाटकों के द्वारा इन अति महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का महत्व को आम जन मानस को बताने का प्रयास किया जायेगा। इन सभी कार्यक्रमों की प्रस्तुति और रूप-रेखा और जमीनी स्तर पर उतारने के लिये गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये इस प्रकार के कार्यक्रम की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रमों की सफलता के लिये जी सी ई टी के डायरेक्टर आसिम कादरी, डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर डा. अन्सार अन्जुम, भगवत प्रशाद शर्मा इन सभी की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर फायरिंग, पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा

ग्रेटर नोएडा। जानलेवा हमले के आरोपी को पकड़ने गई रबूपुरा कोतवाली की पुलिस टीम पर आरोपी ने फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने आरोपी को अवैध असलाह के साथ धर दबोचा। ज्ञात हो कि बीते शनिवार को रबूपुरा क्षेत्र के तिरथली गांव निवासी एक युवक द्वारा अवैध असलाह दिखाकर एक व्यक्ति को गोली मारने की धमकी देने का वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। मामले में पीड़ित सलमान ने मुख्य आरोपी शाहरुख व उसके पांच अन्य साथियों के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट, गाली गलौज आदि का केस दर्ज कराया था। एक आरोपी को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। सोमवार रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मुख्य आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार करने उसके घर गयी थी। दबिश के दौरान शाहरुख ने अवैध असलाह से पुलिसकर्मियों पर फायर कर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से अवैध असलाह व कारतूस बरामद हुए हैं।

आगामी 13 नवम्बर को होगा टीपीएफ का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम

ग्रेटर नोएडा/नई दिल्ली। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम दिल्ली के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के सयुंक्त सचिव सी.पी.एस. बक्शी से मंत्रालय में जाकर उनसे मुलाकात की और उन्हें टीपीएफ के द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। जैन समाज में जरुरतमंद जैन परिवार भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा चलायी जा रही स्कीम का उपयोग कर सके और मंत्रालय हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

11 दिन से लापता बुजुर्ग का शव मिला,परिजनों ने अपहरण कर हत्या का आरोप

ग्रेटर नोएडा। दादरी कोतवाली क्षेत्र के कोट डेरी गांव से 11 दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुए बुजुर्ग का शव सड़ी गली अवस्था में भोगपुर के जंगल में हाइवे के किनारे से बरामद किया गया। शरीर पर मस्से के निशान से पहचान की गई। मृतक के परिजन ने अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोट डेरी गांव निवासी फिरे सिंह भाटी (85) बीते 29 अक्टूबर की शाम को घर से घूमने के लिए निकले थे, लेकिन घर वापस नहीं लौटे। काफी देर बाद भी वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश करनी शुरू की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बुजुर्ग की तलाश में जुटी पुलिस व परिजनों को भोगपुर गांव के जंगल में हाइवे के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली। शव की शिनाख्त बुजुर्ग फिरे सिंह भाटी के रूप में की गई। परिजनों का आरोप है कि अपहरण कर हत्या कर दी गई है। किसी पर शक ना जताते हुए अज्ञात में शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज है। मृतक मंद बुद्धि थे। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। भोगपुर जंगल के हाईवे के किनारे शव सड़ी गली अवस्था में मिला है।

श्री रतन सिंह इण्टर कॉलेज
दौलतपुर, बल्देव (मथुरा)

विज्ञप्ति

देहाती समाज सुधार शिक्षा एवं प्रसार समिति दौलतपुर बल्देव मथुरा के साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति का चुनाव की प्रक्रिया दिनांक 25.11.2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 27.11.2022 दिन रविवार को विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगी। विद्यालय की प्रबन्ध समिति के चुनाव का कार्यक्रम तथा साधारण सभा के सदस्यों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। सूची पर यदि किसी को आपत्ति है तो अपनी आपत्ति को मूल अभिलेखों/प्रमाण पत्रों सहित आपत्ति दिनांक 11.11.2022 तक दर्ज करायें।

चुनाव कार्यक्रम

1. नामांकन तिथि दिनांक 25.11.2022 दिन शुक्रवार प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ सायं 3 बजे तक।
2. नामांकन वापिस लेने की तिथि 26.11.2022 दिन शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक
3. नामांकन की जांच दिनांक 26.11.2022 दिन शनिवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक
4. वैध अवैध नामांकनों की घोषणा 26.11.2022 दिन शनिवार सायं 4 से 5 बजे तक
5. निर्वाचन दिनांक 27.11.2022 दिन रविवार प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ
6. निर्वाचन पदाधिकारियों की घोषणा दिनांक 27.11.2022 दिन रविवार दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ

नोट

विद्यालय की प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 27.11.22 दिन रविवार प्रातः 10 बजे से श्री रतन सिंह इण्टर कॉलेज दौलतपुर बल्देव मथुरा में होगा।

भवदीय
जितेन्द्र सिंह (एडवोकेट)
निर्वाचन अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर सिकरोडा विकास खण्ड रजापुर गाजियाबाद

पत्रांकः मीमो / ग्रा0पं0 / निविदा प्रकाशन / 2022-23 दिनांक 07-11-2022

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रसूलपुर सिकरोडा विकास खण्ड रजापुर (गाजियाबाद) में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (ओडीएफ प्लस), केन्द्रीय वित / राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिए निम्नलिखित कार्यो की निविदाएं / कुटेशन दिनांक 23-11-2022 के अपराहन 1: 00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22-11-2022 तक कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय रसूलपपुर विकास खण्ड रजापुर गाजियाबाद से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है, तथा जमा की जा सकती है। निविदा अधिकृत अधिकारियों / समिति द्वारा इच्छुक ठेकेदारों की उपस्थिति में दिनांक 23-11-2022 के अपराहन 3: 00 बजे खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की लागत अनुमानित	अरनेस्ट मनी	निविदा मूल्य	कार्य अवधि
1	प्लास्टिक बैंक स्थापना कार्य 08 यूनिट	150000	2%	150	1 माह
2	कूड़ेदान / कचरा पात्र	300000	2%	300	1 माह
3	फिल्चर चैम्बर	150000	2%	150	1 माह
4	सिल्टर कैचर	110000	2%	110	1 माह
5	इन्सिनिरेटर	50000			1 माह
6	स्वच्छता किट	20000			1 माह

1- अरनेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० के रूप मे जमा की जा सकती है। जो ग्राम पंचायत रसूलपुर सिकरोडा विकास खण्ड रजापुर गाजियाबाद के नाम से बन्धक होगी।
2- निविदा जमा करते समय रू0 100/- का नानज्यूडिशियल स्टाम्प साथ लगाये।
3- कार्य पी0डब्लू0डी० एवं ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित मानक एवं विशिष्टियों के अनुरूप होगा।
4- नियमानुसार सभी शासकीय कटौतियाँ की जायेगी।
5- निविदा / कोटेशन बिना कारण बताऐं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6- निविदा / कोटेशन / कार्य के सम्बन्ध में नियम शर्ते प्राक्कलन, मानक एवं विशिष्टयों आदि की विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
7- समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।

सचिव
ग्राम पंचायत रसूलपुर सिकरोडा
विकास खण्ड रजापुर गा०बाद।

प्रधान
ग्राम पंचायत रसूलपुर सिकरोडा
विकास खण्ड रजापुर गा०बाद।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-1139/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 21.09.2022 मृतक स्व0 जग्गू पुत्र श्री बख्तावर निवासी नि0 ग्राम हल्दौना तुगलपुर, ग्रेटर नोएडा, तहसील व जनपद गौतमबुद्वनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग
जगनपुर अफजलपुर	286म 287म 288म 289म 290म	स्व0 जग्गू पुत्र श्री बख्तावर निवासी नि0 ग्राम हल्दौना तुगलपुर ग्रेटर नोएडा तहसील व जिला जनपद गौतमबुद्वनगर	श्री सुखवीर	पुत्र	49 वर्ष
			श्री सतवीर	पुत्र	47 वर्ष
			श्री सत्य पाल	पुत्र	45 वर्ष
			श्री ब्रहम पाल	पुत्र	43 वर्ष
			श्री विजेंद्र सिंह	पुत्र	41 वर्ष
			श्री विक्रम सिंह	पुत्र	30 वर्ष
			श्री जुगेन्द्र सिंह गैराठी	पुत्र	35 वर्ष
			श्रीमती किरन	पुत्री विवाहित	59 वर्ष
			श्रीमती बाला	पुत्री विवाहित	54 वर्ष
			श्रीमती मीता	पुत्री विवाहित	44 वर्ष
			श्रीमती आशा देवी	पुत्री विवाहित	29 वर्ष

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फतेहपुर अट्टा में परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 984/एस0टी0-एस0डी0एम0-2022 दिनांक 22.07.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	आयु लगभग	मृतक से संबंध
फतेहपुर अट्टा	475, 477, 478, 782/1, 477, 480, 481, 482, 558, 565, 566	श्री सकूरा पुत्र स्व0 श्री फकीरा नि0 फतेहपुर अट्टा, तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर	श्री आशु	47	पुत्र
			श्री इस्लाम	45	पुत्र
			श्री खलील	43	पुत्र
			श्री जमील	40	पुत्र
			श्री शाहिद खान	30	पुत्र
			श्रीमती खुरशेदी	44	पुत्री विवाहित
			श्रीमती हुसनो	42	पुत्री विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-1174/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 28.09.2022 मृतक स्व0 मुबारक अली पुत्र श्री बुद्धा व श्रीमती सगीरन पत्नी स्व0 मुबारक अली नि0 ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग, तहसील व जनपद गौतमबुद्वनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग
अच्छेजा बुजुर्ग	391 640	स्व0 मुबारक अली पुत्र श्री बुद्धा व श्रीमती सगीरन पत्नी स्व0 मुबारक अली नि0 ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग तहसील व जनपद गौतमबुद्वनगर	श्री अफसर	पुत्र	48 वर्ष
			श्री आशिक अली	पुत्र	62 वर्ष
			श्री आश मौहम्मद	पुत्र	32 वर्ष
			श्रीमती सितारा	पुत्री विवाहित	36 वर्ष
			श्रीमती विसमिल्ला	पुत्री विवाहित	65 वर्ष

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

ISHAN AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & RESEARCH CENTRE, GREATER NOIDA

VACANCIES

INVITES APPLICATION FOR BAMS 1st, 2nd 3rd, 4th Prof. Year

Posts: Professors, Associate Professors, Asst. Professors, Medical Consultant & Medical/ Labs / Hospital/ Admin Staff, M.O., Nursing Staff, Clerks, Librarian

Subjects, Qualifications & Experiences as per Ministry of AYUSH (GOI), NCISM, U.P. Govt. Norms

Salary: As per UP Govt./GOI Norms

Apply by Email/ Post/ Walk-in interview within 15 days at campus:
Plot 1A/1, K.P.1, Greater Noida-201310

Email: info@ishanayurved.com

Mob.:9818180933, Ph.0120-2334424

गुरु नानकदेव जी ने हमेशा गरीबों की सेवा में अपना जीवन बिताया। गुरु जी ने कहा था कि गरीबों की सेवा से बढकर कुछ नहीं है

-जसजीत कौर, डीएम शामली

कड़ी सुरक्षा में हुई विधायक नाहिद हसन की कोर्ट में पेशी

- पेशी के बाद पुनः जेल के लिए किया रवाना
- एसडीओ पर जानलेवा हमला व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में हुई पेशी

भास्कर ब्यूरो

कैराना। चित्रकूट जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन को एसडीओ पर जानलेवा हमला करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने अगली तारीख 28 नवंबर नियत की है। वहीं, विधायक की पेशी के चलते कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील हो गया। पेशी के बाद उन्हें पुनः जेल के लिए रवाना कर दिया गया। मंगलवार को कैराना से समाजवादी विधायक चौधरी नाहिद हसन को चित्रकूट जेल से बंदी रक्षक गाड़ी में कैराना स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेशी पर लाया गया। विधायक की कोर्ट में पेशी को लेकर सुबह से ही न्यायालय द्वार व परिसर में पुलिस एवं पीएसी के जवान तैनात किए गए। कचहरी में आने वाले वादकारियों की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। करीब दस मिनट कोर्ट में पेशी पर रुकने के बाद विधायक को पुनरू बंदी रक्षक गाड़ी से जेल रवाना कर दिया गया।

एक अधिवक्ता के साथ कोर्ट में पहुंचे विधायक

20 अक्टूबर को जमीन की धोखाधड़ी के मुकदमे में कैराना स्थित एमपी/एमएलए कोर्ट में सपा विधायक नाहिद हसन की पेशी हुई थी। उस समय कचहरी परिसर में हजारों समर्थक जुट गए थे, जिस कारण कचहरी में थोड़ी अव्यवस्था फैल गई थी। इस बार पुलिस की ओर से विधायक की पेशी को लेकर कड़े बंदोबस्त किए गए। बंदी रक्षक गाड़ी से उतरने के बाद विधायक नाहिद हसन अपने एक अधिवक्ता के साथ न्यायालय में पेश हुए।

नजदीकी जेल में रखने के लिए कोर्ट में आवेदन

चित्रकूट जेल से कैराना स्थित न्यायालय में पेश होने आए विधायक नाहिद हसन के अधिवक्ता ने न्यायालय में एक आवेदन डाला है, जिसमें उन्होंने विधायक के स्वास्थ्य का हवाला देकर न्यायालय से आग्रह किया है कि विधायक को नजदीकी जनपद की जेल में रखा जाए, क्योंकि विधायक का स्वास्थ्य ठीक नहीं हैं। चित्रकूट जेल काफी दूर है, जिस कारण विधायक नाहिद हसन को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले में हुई विधायक की पेशी-गत 11 जुलाई 2019 की शाम करीब छह बजे झिंझाना बिजलीघर पर तैनात तत्कालीन विद्युत विभाग के एसडीओ नाजिम अहमद झिंझाना से सिकंदरपुर बिजली घर पर जा रहे थे। तभी रास्ते में सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में आए चार लोगों ने उनकी की गाड़ी रुकवाकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था, जिसमें एसडीओ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एसडीओ की ओर से झिंझाना थाने पर चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने व जानलेवा हमले करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। एसडीओ ने बताया था कि 19 जून को उनके द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग रेड अभियान चलाया था, जिसमें 11 बिजली चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। बिजली चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन द्वारा उन्हें फोन कर धमकी दी थी कि उनके कुछ लोगों पर गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद पुलिस ने विधायक नाहिद हसन व झिंझाना निवासी हैदर का नाम मुकदमे में शामिल कर लिया था। उक्त मुकदमे में कोर्ट की ओर से विधायक नाहिद हसन को तलब किया गया था।

28 नवंबर लगी अगली तारीख

कोर्ट में तारीख पर विधायक नाहिद हसन को पेश किया गया। कोर्ट ने मामले में अगली तारीख 28 नवंबर नियत की है। उनके अधिवक्ता ने बताया कि अगली तारीख वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराने के आदेश हुए हैं।

न्याय पालिका पर है पूरा भरोसा-नाहिद

चित्रकूट जेल से बंदी रक्षक गाड़ी में आए सपा विधायक नाहिद हसन ने मीडिया द्वारा पूछने पर कहा कि उन्हें अपने देश की न्यायपालिका पर पूर्ण भरोसा है। वहीं, उन्होंने कोर्ट में पेशी के बाद बंदी रक्षक गाड़ी में बैठने से पूर्व हाथ जोड़कर समर्थकों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की।

सार सुर्खियां

स्कूल में भी मनाया प्रकाशोत्सव

शामली। श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव के अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने गुरु नानकदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। छात्र-छात्राओं ने गुरु नानकदेव जी के जीवन चरित्र पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

मिल अधिकारियों का आश्वासन

शामली। जाम की समस्या को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं व भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के पदाधिकारी शुगर मिल के अधिकारियों से मिले तथा शहर में लगे जाम से व्यापारियों, स्कूली बच्चों व मरीजों को लाने व ले जाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि जाम के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अगर कोई एम्बुलेंस मरीज को इलाज के लिए दूसरी जगह ले जा रही है तो शहर के अंदर अथवा बाहर किसी डाक्टर या अस्पताल ले जाना संभव नहीं है। मिल अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि 24 घंटे के अंदर मिल सुचारू रूप से चालू हो जाएगी, जिसके बाद जाम से भी राहत मिलेगी। विनोद निर्वाल, राजबीर सिंह, प्रवीण तरार, शेखरपाल, दीपक शर्मा, डा. श्रीपाल सिंह, अश्वनी शर्मा, संदीप शर्मा, नरेन्द मलिक, सुरेन्द्र सरोहा, रिजवान, नासिर चौधरी मौजूद रहे।

अंकित सहमण्डल प्रभारी, दीपक जिलाध्यक्ष मनोनीत

शामली। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति की अनुमति पर मंडल प्रभारी पंकज वालिया द्वारा विश्व हिन्दू महासंघ के शामली निवासी पूर्व जिलाध्यक्ष अंकित गर्ग को सहारनपुर मंडल सहप्रभारी मनोनीत किया है। इसी के साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख दीपक बंसल पुत्र अरुण कुमार बंसल को शामली जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मंडल प्रभारी पंकज वालिया ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त कि है उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन हित में कार्य करेगी।

संगम में नहीं मिला पानी, मायूस लौटे श्रद्धालु

शामली। कार्तिक पूर्णिमा पर गांव गंदेवडा स्थित गंगा-यमुना संगम घाट में पानी न आने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। कस्बा सहित आसपास के देहात क्षेत्रों से सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए संगम घाट पर पहुंचे लेकिन वहां पानी न मिलने से उनमें मायूसी के साथ-साथ आक्रोश भी फैल गया। कईश्रद्धालुओं को मायूस होकर वापस लौटना पडा, जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने घाट पर लगे हैंडपंप के पानी से ही स्नान कर घाट पर स्थापित की गयी भगवान शिव की पूजा अर्चना कर गरीबों को दान पुण्य किया तथा परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

शामली के खिलाडियों ने जीते गोल्ड व सिल्वर मैडल

शामली। शामली डिस्ट्रिक किक बाक्सिंग एसोसियेशन के खिलाडियों ने 2 से 6 नवम्बर तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अनेक देशों से लगभग एक हजार खिलाडियों ने भी भाग लिया। शामली जनपद से 92 किग्रा. भार वर्ग में शुभम निर्वाल, 69 किग्रा. भार वर्ग में आदित्य भाल ने अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पटखनी देकर गोल्ड मैडल पर कब्जा किया। वहीं 50 किग्रा. भार वर्ग में कादम्बरी सिंह ने विभिन्न कैटेगरीब में गोल्ड व दो सिल्वर मैडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शामली जनपद का नाम रोशन किया। क्षेत्रीय विधायक प्रसन्न चौधरी ने विजेता खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोच सुशील कौशिक, टीम मैनेजर व इंटरनेशनल रैफरी सोनू सैनी ने भी खिलाडियों को बधाईदी है।

मंदिर में चोरी का प्रयास, घटना कैमरे में कैद

कांधला। क्षेत्र के गांव जसाला के मजरे फजलपुर में ऐतिहासिक देवी मंदिर स्थित है। भवन में दुर्गा मां की मूर्ति स्थापित है। भवन में ही एक अन्य मूर्ति भी स्थापित है। देर शाम मंदिर के पुजारी की नजर मंदिर में रखे दान पात्र पर गई तो उस पर निशान देखकर उसने मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा तो शुक्रवार की लगभग 04 बजे एक चोर मंदिर में लगे दान पात्र को तोडने की कोशिश करता हुआ नजर आया।

ग्राहक बनकर आए चोर ने हजारों रूपये उड़ाए

कांधला। नगर के रेलवे रोड पर व्यापारी मदन मोहन गुप्ता ने जूतों की दुकान कर रखी है। मंगलवार को वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक युवक उनके पास आया तथा जूतों की मांग की। व्यापारी ने उसको जूते दिखाए तो ग्राहक बनकर आए युवक ने व्यापारी को बातों में उलझा लिया। आरोप है कि ग्राहक बनकर आए युवक ने मौका पाकर व्यापारी के गले में रखी हजारों रूपए की नगदी पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गया। यह घटना व्यापारी की दुकान पर लगे सी सीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीडित ने सोशल मीडिया पर उक्त युवक के फोटो वायरल करने के साथ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

कोहरे ने दिलाई गरम कपड़ों की याद

- सड़कों पर हैडलाईट जलाकर चलते दिखे वाहन

भास्कर ब्यूरो

शामली। नवम्बर माह शुरू होते ही ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। मंगलवार सवेरे छाए घने कोहरे ने लोगों को गर्म कपड़ों की याद दिला दी। हाइवे पर विजीब्लिटी बहुत कम होने के कारण वाहनों को हैडलाईट जलाकर चलना पड़ा। दिनभर आसमान में धुंधले बादल छाए रहे, जिससे दिन का तापमान भी कम रहा।

नवम्बर माह के प्रारंभ होते ही धीरे-धीरे ठंड ने भी अपनी दस्तक देनी शुरू कर दी है, हालांकि कुछ दिन पूर्व आसमान में कोहरे का असर नजर आया था लेकिन वह ज्यादा घना नहीं था लेकिन मंगलवार की सुबह आसमान में छाए घने कोहरे ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया। कोहरा इतना घना था कि कुछ दूरी का भी साफ नजर नहीं आ रहा था। हाइवे पर तो हालात और ज्यादा विकट थे, कुछ भी नजर न आने के कारण चालकों को अपने-अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलना पडा। कोहरे के कारण सडकों पर वाहन रेंगते नजर आए। पूरे दिन आसमान में कोहरे की चादर छाई रही जिससे भगवान सूर्य के भी दर्शन नहीं होसके। कोहरे के कारण ठंड का भी असर साफ नजर आया। सुबह के समय मार्निंग वाक पर जाने वाले लोगों को स्वेटर, जरकीन व गर्म चादर का सहारा लेना पडा। लोगों का कहना था कि मंगलवार को घने कोहरे ने ठंड का अहसास करा दिया, आगामी दिनों में ठंड और ज्यादा बढेगी।

दूसरी ओर आसपास के देहात क्षेत्रों में भी कोहरे का असर नजर आया, सुबह के समय खेतों पर जाने वाले किसान भी कोहरे के चलते देरी से अपने खेतों पर पहुंचे। खेतों में भी ओस साफ नजर आई।

पलायन कर आए फौजी परिवार को मनाकर वापस ले गए ग्रामीण

भास्कर ब्यूरो

कांधला। ऊन क्षेत्र के गांव पिंडौरा निवासी अली हसन ने गांव के पूर्व प्रधान पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए गांव से पलायन कर लिया था।

पलायन करने का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया था। गांव से पलायन करने के बाद अली हसन कांधला आकर रह रहा था। सोमवार को पूर्व प्रधान के साथ गांव के अन्य लोग अली हसन से मिलने के लिए कांधला पहुंचे थे, किन्तु वहां अली हसन के ना मिलने पर उसके दोनों पुत्रों से मिलकर वापस लौट आए थे। घटना के बाद से गांव में सुरक्षा की दुष्टि से पीएससी तैनात कर दी गई थी। मंगलवार को एक बार फिर गांव निवासी अजय कुमार, नितीन कुमार, कुलदीप, अनीस, यासीन सहित कई लोग कांधला थाने पहुंचे, और वहां पर अली हसन से मुलाकात कर गांव मे उसे पूरी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस व ग्रामीणों के समझाने के बाद अली हसन अपने परिवार के साथ गांव लौट गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह का कहना है कि अली हसन व उसका परिवार पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों की बात से सहमत होकर वापस गांव लौट गया है।

एसडीएम ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

कांधला। सोमवार को एसडीएम ऊन निकिता शर्मा ऊन चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने पीड़ति परिवार से मुलाकात की ओर पीड़ति परिवार को हरसंभव सुरक्षा का आश्वासन देते हुए गांव वापस चलने के लिए कहा था। दोनों अधिकारियों के आश्वासन के बाद मंगलवार को गांव पिंडौरा निवासी कई लोग कांधला पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में हरसंभव सुरक्षा का आश्वासन देते हुए वापस गांव ले गए।

ससुरालियों पर उत्पीड़न करने का आरोप

भास्कर ब्यूरो

कांधला। नगर के मौहल्ला खैल निवासी नसीमा पुत्री शरीफ ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका निकाह लगभग 12 वर्ष पूर्व जनपद बागपत के गांव पाली निवासी इन्तयाज पुत्र लियाकत के साथ हुआ था। शादी के बाद उसने पांच बच्चों को जन्म दिया। आरोप है कि उसका पति नशे का आदी है तथा पिछले कई वर्षों से दूसरी महिलाओं के साथ सम्बन्ध रखता है। आरोप है कि विरोध करने पर उसका पति पीड़ता के साथ गाली गलौच कर मारपीट करता है। आरोप है कि इन्तयाज ने लगभग एक सप्ताह पूर्व पीड़ता को मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से वह अपने पिता के घर रह रही है। पीडिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

गुरूनानक देव का प्रकाशोत्सव मनाया

श्री गुरू सिंह सभा द्वारा गुरूद्वारा में कार्यक्रम व लंगर का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

शामली। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानकदेव जी का प्रकाशोत्सव मंगलवार को पूरे उत्साह एवं श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रागी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए गुरुजी के बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानकदेव जी का प्रकाशोत्सव मंगलवार को पूरे उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा द्वारा गुरुद्वारा द्वारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चंडीगढ से आए बाबा महकसिंह ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए संगतों को निहाल किया। कथा वाचक जगजीत सिंह व मनजेन्द्र सिंह ने संगतों से कहा कि गुरु नानकदेव जी ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण में लगा दिया। गुरुजी के तीन अमूल्य सिद्धांत हमें हमेशा याद रखने चाहिए जिनमें कीरत करना, बांटकर खाना तथा नाम जपना शामिल है। उन्होंने गुरु नानकदेव जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम में डीएम जसजीत कौर, एडीएम संतोष कुमार सिंह, एसएसपी अभिषेक ने भी भाग लिया। डीएम ने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने हमेशा गरीबों की सेवा में अपना जीवन बिताया। गुरु जी ने कहा था कि गरीबों की सेवा से बढकर कुछ नहीं है, हमें गुरु नानकदेव जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर गुरुद्वारा में गुरु के अटूर लंगर का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओंने भाग लिया। इस अवसर पर सरदार अर्जुन सिंह, संतोख सिंह, जगजीत सिंह, जीत सिंह, राजेन्द्र पाल सिंह, डा. रवि, डा. सतनाम सिंह, सरदार परमेन्द्र सिंह, सरदार जसविन्दर सिंह, सरदार डा. हरदीप सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, मा. मनजीत सिंह, गुरजीत सिंह बेदी भी मौजूद रहे।

ट्रैफिक पुलिस ने कराई रोडवेज चालकों की आंखों की जांच

भास्कर ब्यूरो

शामली। यातायात विभाग द्वारा नवम्बर माह में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों के नेत्रों की जांच को कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को भी सहारनपुर रोड साईं धाम के निकट कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर यातायात प्रभारी संजय राणा व संयुक्त जिला चिकित्सालय की चिकित्सक डा. नेहा शर्मा, नेत्र परीक्षण अधिकारी रितु ने वाहन चालकों के नेत्रों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। कैंप में रोडवेज के चालकों, परिचालकों के अलावा अन्य वाहन चालकों की भी आंखों की जांच की गयी। यातायात प्रभारी संजय राणा ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि चालकों को तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाना चाहिए, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, दुपहिया व चौपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बैल्ट का प्रयोग जरूर करना चाहिए, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने व ईयर फोन का भी प्रयोग नहीं करना चाहिए। बाइक पर तीन सवारियां नहीं बैठाना चाहिए क्योंकि इससे दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। इस मौके पर यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान भी चलाया तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे।

नगर पंचायत चुनाव : लगभग हर जाति, समुदाय के प्रत्याशी चुनाव मैदान में ठोक रहे हैं ताल

झिंझाना में जातीय समीकरण दिखाएंगे जीत की राह

- निकाय चुनाव को लेकर तेज हुई सरगर्मियां, प्रत्याशी अपने-अपने समीकरण फिट करने में जुटे

पंकज चौहान

झिंझाना। निकाय चुनावों की अधिसूचना भले ही अभी जारी न हुई हो, लेकिन नगर पंचायत झिंझाना चेयरमैन पद के चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई है। पूर्व की तरह इस बार भी जातीय समीकरण ही प्रत्याशी को जीत की राह दिखाएंगे, जिसके चलते हर जाति व धर्म के प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे है। सभी प्रत्याशियों के लिए पहले खुद की बिरादरी में जीत हासिल करना बड़ी चुनौती होगी। यहां के उम्मीदवारो की अगर बात करें तो मुस्लिम समाज से लगभग आधा दर्जन उम्मीदवार दिखाई दे रहे हैं वहीं हिन्दुओं मे भी दर्जनों भावी प्रत्याशी नज़र आ रहें हैं। जातीय समीकरण की बात करे तो, मुस्लिमो से कुरैशी समाज से दो प्रत्याशी मैदान में है जिसमें से मौजूदा चैयरमेन नौशाद ठेकेदार सबसे मजबूत नजर आ रहे हैं। पीरजी व पठान प्रत्याशियों मे पूर्व चेयरमैन व हाजी सरफराज खान एवं सोनू पीरजी मैदान में है। जिस मे हाजी सरफराज खान मजबूत नजर आ रहे हैं। वहीं हिन्दू दावेदारों की बात करे तो कश्यप समाज से पूर्व प्रत्याशी बिजेंद्र कश्यप व कस्बे के कश्यप समाज के अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप मैदान में है। दोनों ही दावेदार अपनी बिरादरी पर मजबूत पकड़ रखते हैं। सैनी समाज से राकेश सैनी, वाल्मीकि समाज से रवि गहलोत मैदान में है। अग्रवाल समाज से सबसे अधिक दावेदार नजर आ रहे हैं जिसमे अजय बंसल, विनोद संगल, आशीष मित्तल, पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल, देशबंधु बिंदल मैदान में है, जिसमे अजय बंसल मजबूत नजर आ रहे हैं।

आरक्षण पर टिकी सभी की निगाहें-झिंझाना मे अनुसूचित समाज की अगर बात करें तो वो अभी भी आरक्षण के इंतजार में बैठा है। यदि आरक्षण अनुसूचित वर्ग मे आता है, तो चुनाव में दावेदारों के चेहरे ही बदल जाएंगे। आरक्षण के बाद अगर मजबूत दावेदारों की बात करे तो वाल्मीकि समाज से रवि गहलोत, अमित सफाई नायक, सभासद पति अमित मैदान मे उतरेंगे। खटीक समाज से प्रदीप मजबूत दावेदार नज़र आ रहे हैं, लेकिन झिंझाना का चुनाव व प्रत्याशी सभी आरक्षण के बाद ही निर्धारित होगा।

प्रचार-प्रसार जारी, दूसरों की गिना रहे खामियां

जैसे जैसे नगर पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं तो चैयरमेन पद के दावेदारों ने भी सड़कों, गलियों की दीवारों पर पोस्टर चिपका कर प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है, जिसमे भावी उम्मीदवार वोटरों के बीच जा कर खुद को मजबूत दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। जो भावी प्रत्याशी कल तक चैयरमेन के साथ घूमते दिखाई देते थे, आज वो उसी चैयरमेन की खामियां गिना रहे हैं।

भाजपा के सिंबल पर होगी हिन्दू प्रत्याशियों की नजर

हिंदू भावी प्रत्याशियों की अगर बात करें तो लगभग सभी दावेदारों की नजर भाजपा के सिम्बल पर होगी। हिंदू प्रत्याशी की जीत हार भाजपा का सिम्बल निर्धारित करेगा। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि भाजपा का टिकट फाइनल होने के बाद हिंदू प्रत्याशियों मे से आधे प्रत्याशी गायब हो जाएंगे।

मिल में तकनीकी खराबी जारी, पेराई ठप्प

गन्ना लादे वाहनों से जाम हुई शहर की सड़कें, जनमानस परेशान

भास्कर ब्यूरो

शामली। पिछले तीन दिनों से शामली शुगर मिल में आई तकनीकी खराबी मंगलवार को भी ठीक नहीं हो सकी, जिसके चलते शहर में गन्नों के वाहनों की लाइन लगी रही, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। जाम की वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पिछले तीन दिनों से शामली शुगर मिल में तकनीकी खराबी आने के कारण पेराई सत्र ठप्प पडा हुआ है। पेराई न होने के चलते शुगर मिल गेट से लेकर अग्रसेन पार्क, हनुमान रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, सिटी बिजलीघर, सुभाष चौंक, भिक्की मोड तक गन्नों से भरे टैक्टर ट्राली सडक पर खडी है जिससे शहर में जाम की स्थिति बनी हुई है। गन्नों के वाहनों के कारण सडकों की चौडाई भी काफी कम होगयी है जिससे अन्य वाहनों का निकलना भी दूभर हो गया है, जिससे पूरे दिन शहर में जाम लगा रहता है, वहीं पैदल चलने वालों को भी निकलने में दिक्कतें उठानी पडती है। मंगलवार को भी मिल में आई खराबी ठीक न होने के कारण सडकों पर सिर्फ गन्नों से भरी टैक्टर ट्रालियां खडी नजर आयी जिससे शहर में जाम लगा रहा। वाहन चालक भी घंटों जाम में फंसे रहे। जगह-जगह तैनात पुलिसकर्मी भी जाम खुलवाने में मशक्कत करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों को भी पूरी रात सडक पर ही गुजारनी पड रही है जिसके चलते उन्हें भी दिक्कतें उठानी पड रही है।

तिगरी में गंगा की रेती पर जिस दिन के इंतजार के लिए दुनिया के तमाम ऐशो आराम छोड़कर लाखों लोग कई दिन से नीचे रेत में तंबु लगाकर पड़े थे, मुख्य स्नान कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार की तड़के ही श्रद्धालुओं का रैला पतित पावनी गंगा मे स्नान के लिए उमड़ पड़ा। दूर-दराज और आस-पास से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु घाटों पर नजर आ रहे थे।

कार्तिक पूर्णिमा: हर ओर आस्था का सैलाब, उद्घोष से गूंजे घाट

भास्कर ब्यूरो,

गजरौला। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तिगरी गंगा धाम में मिनी कुंभ जैसा नजारा देखने को मिला। यहां भोर होते ही उमड़े लाखों श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे व हर-हर महादेव के जयकारों के साथ मोक्षदायिनी, देवनदी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान बाद प्रसाद चढ़ा कर गंगा मैया को नमन कर पुण्य कमाया। तड़के शुरू हुआ यह‘ म शाम तक चलता रहा।

तिगरी में गंगा की रेती पर जिस दिन के इंतजार के लिए दुनिया के तमाम ऐशो आराम छोड़कर लाखों लोग कई दिन से नीचे रेत में तंबु लगाकर पड़े थे, मुख्य स्नान कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार की तडके ही श्रद्धालुओं का रैला पतित पावनी गंगा मे स्नान के लिए उमड़ पड़ा। दूर-दराज और आस-पास से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु घाटों पर नजर आ रहे थे। भोर की किरणों के साथ घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब दोपहर तक जमा रहा। सूर्य की किरणें फैलने पर सभी घाट श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गए थे। तिल रखने की जगह दिखाई नहीं पड़ रही थी। भारी भीड़ के चलते गुजरना मुश्किल हो गया था। कड़ी मशक्कत के बाद ही श्रद्धालु गंगातट तक पहुंच पा रहे थे। यह स्थिति तिगरी गांव किनारे बने घाटों की थी। श्रद्धालुओं ने भागीरथी

बच्चे और बुजुर्गों को अपनों से मिलाने में लगी रही स्काउट

गजरौला। कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले इस विशाल तिगरी गंगा धाम मेले में भारत स्काउट की भूमिका सराहनीय रही। स्काउट की ओर से मेले में खोला गया खोया पाया केंद्र बिछड़ों को अपनों से मिलाने का केंद्र बना रहा।

गंगा तट पर महकी खिचड़ी की खुशबू

तिगरी गंगा धाम। कार्तिक पूर्णिमा पर तिगरी गंगा धाम मेले में उड़द और चावल की खिचड़ी की महक आती रही। मुख्य स्नान के बाद तंबुओं में महिला श्रद्धालुओं ने चूल्हों पर खिचड़ी पकाई और दान किया। बाद में परिवार के साथ खिचड़ी का जायका लिया। वहीं विभिन्न संगठनों ने भी खिचड़ी और हलवा का वितरण किया।

तट पर आस्था व श्रद्धा की डुबकी लगाई। स्नान के बाद सत्यनारायण की कथा कराई तथा माथे पर चंदन.रोली का तिलक लगवाया। घर में सुख शांति व समृद्धि के लिए मंत्रोच्चार के साथ हाथ में रक्षासूत्र बंधवाया। श्रद्धालुओं के स्नान का सिलसिला तड़के से शाम तक चलता रहा। हर-हर गंगे एवं हर-हर महादेव के जयकारों से आसमान गूंज रहा था। उधर, जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी ने भी अधिकारियों संग संग गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

आ अब लौट चलें.....

गंगा में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने किया घरों का रुख

गजरौला। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में स्नान के बाद श्रद्धालुओं के वापसी सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने सूर्योदय होने से पहले ही गंगा में डुबकी लगाई और धार्मिक अनुष्ठान कराए। मेले में मिठाइयां, चाट-पकौड़ी खरीदने के बाद तंबु उखाड़कर घरों का रुख कर लिया। इसके चलते तिगरी से लेकर गजरौला तक वाहनों का रेंगरेंग कर चलने का सिलसिला जारी रहा। मंगलवार को मुख्य स्नान के साथ ही तिगरी मेला संपन्न हो गया। कार्तिक पूर्णिमा पर भोर होते ही लाखों श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे व जय हो गंगे महारानी की, के जयघोष के साथ गंगा में डुबकी लगाई। धार्मिक अनुष्ठान कराए। मेले में मिठाइयां, चाट पकौड़ी और घर के लिए सामान खरीदा और इसके बाद विभिन्न प्रकार के झूलों, मौत का कुआं आदि का लुत्फ उठाने के बाद घर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा की रेती में गाढ़े गए तंबुओं को उखाड़ना और घर से लाए जरूरी सामान को समेटना शुरू कर दिया। मेले में दूसरे जनपदों और दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अधिकांश सामान को रात में ही पैक कर लिया था। सूर्योदय के साथ ही गंगा में गोता लगाने के बाद घर की ओर रुख करने लगे। श्रद्धालुओं आ अब लौट चलें... के अंदाज में अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों, भैंसा बुग्गी, कार आदि वाहनों से अपने गंतव्य की ओर लौटने शुरू हो गए। दिनभर श्रद्धालुओं का वापस लौटने का यह सिलसिला चलता रहा।

गंगा पूठ धाम पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

भास्कर ब्यूरो,

हसनपुर। तहसील क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूठ गंगा घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। मेले में महिलाओं, बच्चों ने खरीददारी की। चाट-पकौड़ी का जायका लिया और झूले का आनंद उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य वाहनों से पूठ गंगाधाम पहुंची। हल्की ठंड के बीच गंगा मैया की जय.. के नारे गूंजते रहे। सूरज की पहली किरण धरती पर आने से पहले ही स्नान का दौर शुरू हो गया। तकरीबन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाट पर जुटी रही।

इस दौरान श्रद्धालुओं को जाम की समस्या का सामना भी करना पड़ा। क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा, मंगरौली, सतैड़ा, मटैना, मंगरौला, शाहपुर कलां, शाहपुर खुर्द, लुहारी खादर, करनखाल, बाईखेड़ा, गंगाचोली आदि गांव के लोग गंगा स्नान को पहुंचे। वहीं, सुरक्षा को लेकर प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह पुंडीर भारी पुलिस बल के साथ गंगा घाट पर मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक ने उप निरीक्षक सीमा राणा के साथ मेले में लगे वाले बाजार में भी निगरानी रखी। मेलें में जाट महासभा, प्रजापति महासभा सहित अन्य सभाएं लगाई गई। पूठ गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर लगे मेंले में महिलाओं तथा युवतियों ने मीना बाजार में जमकर खरीदारी की। इस दौरान बच्चे झूलों पर झूलते नजर आए। सुरक्षा की दृष्टि से मीना बाजार में महिला कांस्टेबल तैनात रही।

कार्तिक पूर्णिमा का क्या है महत्व

कार्तिक पूर्णिमा का हिंदू धर्म में काफी धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करने से जीवन के सारे पाप धुल जाते हैं तथा स्वास्थ्य एवं समृद्धि में वृद्धि होती है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है ऐसा मानना है कि इस दिन जो भी दान किया जाता है। उसका पुण्य कई गुना अधिक प्राप्त होता है। इस दिन अन्न, धन और वस्त्र दान का विशेष महत्व है। पंडित प्रमोद शर्मा ने बताया कि गंगा में कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान दान का विशेष महत्व है।

डीएम की व्यवस्थाओं को दी अद्भुत मैनेजमेंट की संज्ञा

अमरोहा। तिगरी गंगा धाम मेले व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर ने जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी की तिगरी गंगा धाम मेले में व्यवस्था को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने जिलाधिकारी की व्यवस्थाओं को अद्भुत मैनेजमेंट की संज्ञा दी।

भारतीय जनता पार्टी अमरोहा के ट्वीट अकाउंट के माध्यम से जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर ने तिगरी धाम मां गंगा के पावन तट पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा के मेले पर इस बार प्रशासनिक व्यवस्था जिसको उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के दिशा निर्देश अनुसार प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही और मेला स्थल पर शौचालयों का निर्माण एवं महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए लगाए गए चेंजिंग रूम आदि जैसे कार्यों ट्वीट कर सहारा। तिगरी गंगा धाम मेले पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान की झलक जगह जगह देखने को मिली मेला स्थल पर जगह-जगह सफाई व्यवस्था एवं जगह-जगह कूड़ादान लगे हुए दिखाई दिए।

अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के 10 खिलाड़ी का चयन

भास्कर ब्यूरो,

अलीगढ़। अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के 10 खिलाड़ी का चयन नेपाल काठमांडू में इंडो नेपाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए हुआ है। अलीगढ़ स्केटिंग संघ के अध्यक्ष विवेक बंसल पूर्व विधायक ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देकर अपना आशीर्वाद दिया और कहा कि आपके कोच प्रदीप रावत की कढ़ी मेहनत से आज अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के खिलाड़ी प्रतियोगिता में मेडल लाकर अलीगढ़ व भारत का नाम रोशन कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने से ही मेडल प्राप्त होते हैं खिलाड़ी की एक दिन की मेहनत नहीं होती है। अध्यक्ष विवेक बंसल ने कोच प्रदीप रावत को हार्दिक बधाई दी।

सचिव/ कोच प्रदीप रावत ने बताया इंडो नेपाल में भारत से 30 खिलाड़ी स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता नेपाल काठमांडू में 11 नवंबर से 14 नवंबर तक संपन्न होगी। अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के चयनित खिलाड़ियों में प्रखर शुक्ला, कल्याणी शुक्ला, भव्य चौधरी, मयंक वर्मा, मोहित कुमार, भव्य सिंह, आदित्य भारद्वाज, अनिक गुप्ता, लकी सेंगर, लिपर्ष प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। भारत से इंडो नेपाल प्रतियोगिता की टीम प्रभारी नवीन ठाकुर गुड़गांव, उप प्रभारी पवन अग्रवाल शिमला से भारत की टीम को लेकर जा रहे हैं। खिलाड़ियों को सम्मानित करते समय रेखा चौधरी, पूजा कुमारी, आ्शाका सक्सेना, शिल्पी भारद्वाज, वेवी सेंगर, वंशिका चौहान, जितेंद्र भारद्वाज ,अंकित आदि उपस्थित थे।

पंजाब से नई खेप आने से होगी आलू की अकड़ ढीली

भास्कर ब्यूरो,

आगरा। आलू की अकड़ धीमी पड़ सकती है। इसकी वजह है कि पंजाब से नए आलू की खेप आनी शुरू हो गई है। इस वजह से आलू के दामों में गिरावट हो सकती है। इधर शीतगृहों से आलू की निकासी रफ्तार नहीं पकड़ रही है, जिस कारण एक बार फिर भंडारित फसल के सामने संकट खड़ा होने की आशंका है।

बोवाई के लिए बीज निकासी लगभग समाप्त हो चुकी है। अब पंजाब की फसल भी सिकंदरा मंडी तक आ गई है। अभी शुरूआत है, इसलिए दाम ऊंचे हैं। जल्द ही बंपर आवक होगी और दाम भी घटेंगे, जिससे स्थानीय के साथ ही दिल्ली मंडी तक भी भंडारित आलू की मांग घटेगी। बता दें कि आगरा में 72 हजार हेक्टेअर में आलू का उत्पादन होता है और प्रतिदिन 460 से 500 ट्रक, आलू लेकर दिल्ली, महाराष्ट्र सहित दूसरी मंडियों में जाते हैं। दूसरे राज्यों की

फसल मांग को प्रभावित करती हैं। अब पंजाब की फसल बाजार में आने से फिर निकासी पर असर पड़ेगा। वहीं फरुखाबाद, कन्नौज सहित आस-पास के क्षेत्र में होने वाली आलू की ब?ी फसल इस बार बारिश से प्रभावित हुई है। इसलिए इन क्षेत्र से इस बार प्रतिस्पर्धा अधिक नहीं है। कुल भंडारण में से बोवाई में अभी दो से तीन फीसद आलू और लग जाएगा। लेकिन 25 फीसद आलू अभी संकट बना हुआ है। सिकंदरा फल एवं सब्जी मंडी में प्रतिदिन ढाई हजार कुंतल आलू की खपत होती है। थोक में भाव 15 से 22 रुपये प्रति किलोग्राम गुणवत्ता के आधार पर बने हुए हैं। वहीं फुटकर बाजार में 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम तक आलू का भाव है।

सार सुर्खियां

वन विभाग की जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट, चार घायल

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव में वन विभाग की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। चार लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव बीमा टेकरी का है गांव निवासी पहलाद पुत्र रामचरण का कहना है कि गांव के ही दूसरे पक्ष के करण पाल आदि ने गांव में मौजूद वन विभाग के जंगल में कुड़ी बिटोरो से जमीन घेर रखी है अब वह हमारी जमीन पर कब्जा करना चाह रहा है इसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह वि‘ म से कहासुनी के बाद मारपीट हो गई आरोप है कि मारपीट के दौरान लाठी-डंडे ईट पत्थर लगभग आधा घंटे चले। जिसमें पहलाद व नेपाल पुत्रगण रामचरण, वि‘ म व रूपचंद पुत्र पहलाद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई तो दूसरा पक्ष मौका देखते ही गांव से फरार हो गया। घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार शर्मा ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही।

शादी ना कराने पर पिता को मारपीट कर किया घायल

हसनपुर। शादी ना कराने से नाराज बेटे ने बाप के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायल पिता फरियाद लेकर कोतवाली पहुंचा तो पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा मिलक निवासी खूबचंद पुत्र शिवचरण व उसके बड़े लडके कौशल में शादी को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार की देर रात्रि खूबचंद के बड़े भाई करन सिंह के यहां दावत में कौशल शराब पीकर आया और शादी ना कराने पर नाराजगी जताते हुए पिता खूबचंद के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट में कौशल ने ईंट उठाकर पिता के सिर पर मार दी। जिससे खूबचंद का सिर फट गया और वह घायल हो गया। कौशल मौके से फरार हो गया। घायल खूबचंद अपनी पत्नी के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी पुत्र के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया। सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

गश्त के दौरान तमंचे और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

अमरोहा। नौगावां सादात पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सोमवार रात टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। जैसे ही पुलिस टीम गांव कैलबकरी की ओर जा रही सडक पर पहुंची तो यहां खड़े दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर सकपका गए। शक होने पर दोनों को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे और एक-एक कारतूस मिला। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम जसवंत और महेंद्र सिंह निवासी गांव अदलपुर समदू बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

प्रधानाध्यापक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमरोहा। प्राइमरी स्कूल के प्रधानाध्यापक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने मौत का कारण हार्टअटैक बताते हुए बगैर कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शिक्षक की मौत पर पत्नी का रोते बिलखते बुरा हाल है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया के मुहल्ला चौधरियान में अमर सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे मनोज कुमार क्षेत्र के गांव जग्गा नगला के प्राइमरी स्कूल में प्रधानाध्यापक थे। परिवार में पत्नी रिंकी के अलावा एक 8 साल का बेटा है। मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा की छुट्टी थी लिहाजा मनोज परिवार के साथ घर में ही थे। करीब 11 बजे संदिग्ध हालत में उनकी मौत हो गई। परिजन उन्हें निजी अस्पताल भी ले गए, चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत होने की बात कही। इसके बाद परिजनों ने बगैर कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पीके चौहान ने घटना की जानकारी से इनकार किया।

पानी के लिए फूटा महिलाओं का गुस्सा, लगाया जाम

भास्कर ब्यूरो,

आगरा। थाना एत्माउददौला क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में बीते चार दिनों से पानी न आने के चलते परेशान लोगों का गुस्सा फूट पडा।

मंगलवार को गुस्साए महिलाओं और बच्चों के साथ सैकड़ों लोगों ने आगरा अलीगढ़ रोड पर खाली बर्तनों के साथ जाम लगा दिया। इस दौरान कई किमी तक वाहनों की कतारें लग गई। जाम की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया। जाम लगा रहे लोगों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा टैंकरों का चालान काटने के कारण उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है। बता दें की पुलिस द्वारा 1 नवंबर से यातायात माह की शुरूआत की गई है। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है और सख्ती के साथ नियम तोडने वालों पर कार्रवाई की जा रही हैं। मंगलवार को चार दिन से पानी न मिलने से परेशान इस्माइल नगर के लोगों ने सडक पर जाम लगा दिया। महिलाओं द्वारा सडक पर लेट कर जाम लगाने से रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर आई थाना पुलिस ने उन्हें समझा बुझा कर मामला शांत करवाया है।

थाना एतमाउद्दौला के अंतर्गत टेढ़ी बगिया क्षेत्र में सालों से पानी की समस्या है। यहां के निवासी पानी के लिए ज्यादातर टैंकरों पर निर्भर रहते हैं।

बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, चालक घायल

भास्कर ब्यूरो, अमरोहा। हाइवे पर दौड़ रही कार अचानक टायर फटने से बेकाबू हो गई। तेज धमाके के साथ कार के डिवाइडर से टकराने से चालक गंभीर घायल हो गया। जोया सीएचसी से चिकित्सक ने घायल को हायर सेंटर रेफर किया है।

घटना मंगलवार दोपहर डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना के पास की है। शामली जिला निवासी जसवीर पुत्र जयदेव सिंह कार द्वारा मुरादाबाद से लौट रहे थे। यहां पहुंचने पर अचानक टायर फटने से कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। सडक़ हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और जसवीर सिंह गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख हायर सेंटर रेफर किया।

हीरा इंटरनेशनल स्कूल एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड से समानित

भास्कर ब्यूरो,

मंडी धनौरा। ब्रांड इंपेक्ट संस्था ने हीरा इंटरनेशनल स्कूल को जनपद अमरोहा में सर्वाधिक विश्वसनीय विद्यालय चयनित करते हुए एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया है। यह अवार्ड शैक्षिक संस्थानों को शिक्षा के क्षेत्र में किये जाने वाले विशिष्ट एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है।

बता दें कि जनपद में सर्वोत्तम शैक्षिक संस्था का चयन करने के लिए ब्रांड इंपेक्ट संस्था द्वारा शैक्षिक संस्थानों को सूचीबद्ध करके संस्थानों द्वारा किए जाने वाले कार्यों, उनकी गतिविधियों, उपलब्धियों एवं जनपदीय क्षेत्र में साख पर अनुभवी और पेशेवर प्रतिनिधियों द्वारा अनुसंधान एवं सर्वेक्षण किया जाता है और विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से

संस्थाओं के बारे में प्रतिं याएँ एकत्रित की जाती हैं तत्पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा जनपद की सर्वाधिक विश्वसनीय और सर्वश्रेष्ठ संस्था का चयन किया जाता है।

हीरा इंटरनेशनल स्कूल ब्रांड इंपेक्ट के इन सभी मानकों पर अपने आप को सिद्ध करने में सफल रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय का नाम जनपद अमरोहा में सर्वाधिक विश्वसनीय विद्यालय के रूप में एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड के लिए चुना गया। यह अवार्ड विद्यालय के निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल व आंचल अग्रवाल द्वारा प्राप्त किया गया। अवार्ड प्रदान करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेत्री अमीषा पटेल ने विद्यालय की उपलब्धी पर कपिल कुमार अग्रवाल को बधाई दी तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनकी संस्था के योगदान की प्रशंसा की।

अब तक की सबसे बड़ी खोज यह है कि व्यक्ति महज अपना दृष्टिकोण बदल कर अपना भविष्य बदल सकता हैं।
- स्वामी विवेकानंद

इजरायल में भारत के मित्र की वापसी

इजरायल की भौगोलिक स्थिति संवेदनशील है। राजनीतिक अस्थिरता और कमजोर नेतृत्व से उसकी परेशानी बढ़ती है। इस तथ्य को वहां के लोगों ने समझा है। इसके चलते राजनीतिक संक्रमण काल का समापन हुआ। बेंजामिन नेतान्याहू की एक बार फिर सत्ता में वापसी हुई। पहले भी वह प्रधानमंत्री के रूप में इजरायल को मजबूत नेतृत्व प्रदान कर चुके हैं। फिलिस्तीन आतंकी संगठन हमास के हिंसक मंसूबों को वह नाकाम करते रहे है। इजरायल की एकता, अखंडता और सम्मान को बनाये रखने की उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। फिर भी इसे इजरायल का आंतरिक मसला कहा जा सकता है। लेकिन नेतान्याहू का पुनः प्रधानमंत्री बनना भारत के भी हित में है। उन्होंने भारत की भौगोलिक स्थिति को समझा है। उसके अनुरूप विदेश नीति निर्धारित करने का साहस दिखाया है। पाकिस्तान और चीन भारत के पड़ोसी हैं। इनकी फितरत जगजाहिर है। पाकिस्तान में आतंकी संगठनों को संरक्षण और प्रशिक्षण मिलता है। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान का बचाव करता है। इस संदर्भ में नेतान्याहू ने अपने पिछले कार्यकाल में भारत को खुला समर्थन दिया था। उनका कहना था कि चीन और पाकिस्तान के विरोध में भारत के प्रत्येक कदम का इजरायल समर्थन करेगा। इतना ही नहीं आतंकवाद से मुकाबले के लिए इजरायल सामरिक सहायता देने पर भी सहमत हुआ था। वस्तुतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से इजरायल के साथ भारत के संबंध बहुत मजबूत हुए हैं। नेतन्याहू इजरायल के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने लगातार बारह वर्षों तक और कुल मिलाकर पंद्रह वर्षों तक देश पर शासन किया। उन्हें पिछले साल अल्पमत में आने के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। बेंजामिन नेतान्याहू की लिकुड पार्टी के गठबन्धन को बहुमत मिल गया है। यायर लैपिड की येश अतीद पार्टी, रिलीजियस जियोनिज्म, नेशनल यूनिटी, शास और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म के गठबंधन को पराजय का सामना करना पड़। इजरायल में पिछले चार चुनाव में किसी को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला था। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी ने भारतीय विदेश नीति में नया अध्याय जोड़ा था। इजरायल की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उस यात्रा के दौरान हुए सात समझौतों ने सात दशक की कसर पूरी कर दी थी। दूरियां नजदीकियां बन गईं। जल, थल और नभ तक सहयोग का विस्तार हो गया। यह सामान्य यात्रा नहीं थी। भारतीय राजनीति को देखते हुए इस संबंध में निर्णय करना आसान नहीं था। इसके लिए इच्छाशक्ति व साहस की जरूरत थी। मुसीबत में साथ देने वाले को सच्चा मित्र माना जाता है। निजी जीवन की ऐसी अनेक बातें विदेश सम्बन्धों पर लागू होती हैं। रिश्तों में गर्मजोशी न होने के बावजूद पाकिस्तान के हमलों के समय उसने हमेशा भारत का साथ दिया।

टीम इंडिया का 'सूर्योदय'

सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट के नए 'मास्टर ब्लास्टर' हैं। उनकी तुलना दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स से की जाने लगी है, क्योंकि वह मैदान पर 360 डिग्री की बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। यानी मैदान पर चारों तरफ शॉट्स खेलने में माहिर हो गए हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में थोड़ा ही समय हुआ है, लेकिन क्षितिज पर उभरते वह ऐसे बल्लेबाज हैं, जो आज आईसीसी रैंकिंग में 'नंबर वन' हैं। इस साल सूर्यकुमार इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 1026 रन ठोंके हैं। वह टी-20 क्रिकेट में शतक भी जमा चुके हैं और अद्धशतकों की गिनती हर मुकाबले के साथ बढ़ रही है। युवराज और केएल राहुल के बाद, सबसे तेज अर्द्धशतक बनाने वाले, वह तीसरे बल्लेबाज हैं। आज सूर्यकुमार उस मुकाम पर हैं, जहां कभी सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने लंबे वक्त तक अपना वर्चस्व कायम रखा था। रोहित शर्मा भी उसी जमात के बल्लेबाज हैं, हालांकि आजकल वह लंबी, ठोस पारियां खेलने में नाकाम साबित हो रहे हैं। यदि 2016 के बाद आज टीम इंडिया विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है, तो उसमें करीब 60 फीसदी भूमिका 'विराट-सूर्य' ने निभाई है। दोनों ने 471 रन बनाए हैं और टीम के कुल 9 में से 6 अर्द्धशतक भी ठोंके हैं। 'विराट-सूर्य' तीन-तीन अद्धशतक बना चुके हैं और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का ताज पहनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। भारत की पराजित होती पारी को, अंततः, जिताने में 'विराट-सूर्य' की ब्लास्ट पारियों का योगदान रहा है। तीन ओवर में 48 रन अथवा पांच ओवर में 79 रन कोई सामान्य बल्लेबाजी नहीं है। यह काम सिर्फ 'विराट-सूर्य' ने करके दिखाया है। 1983 में भारत को प्रथम विश्व कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव कहते रहे हैं-'पहले अंतिम चार में पहुंचने का सूर्योदय देखो। उसे जीतने की पुरजोर कोशिश करो। अपनी कमियों की खुद समीक्षा करो। उसके बाद आप चैम्पियन बनने की दहलीज पर खड़े हो।' टीम इंडिया आज उसी दौर में है। जिस टीम में हारते-हारते जीतने का माद्दा हो, वही चैम्पियन बनने के मुकाम तक पहुंचने में सक्षम होती है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की जीत ऐसी थी मानो पराजय के जबड़ों से उसे खींच लाए हों! लिहाजा टीम इंडिया मुग़ालते में नहीं है कि सेमीफाइनल में उसका मुकाबला विश्व की 'नंबर दो' टीम इंग्लैंड से है, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि टीम इंडिया दुनिया की शेष क्रिकेट को पराजित कर 'नंबर वन' पर आसीन हुई है।

प्रेरणाप्रद मोती

मनुष्य एक भटका हुआ देवता है। सही दिशा पर चल सके, तो उससे बढ़कर श्रेष्ठ और कोई नहीं।

पं श्रीराम शर्मा आचार्य
(गायत्री परिवार)

आज का राशिफल

मेष : आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा लेकिन आज आपको लक्ष्य बनाए कर कार्य करना पडेगा तभी सफलता निश्चित होगी।

वृष : आज का दिन बीते कुछ दिनों की अपेक्षा में राहत प्रदान करेगा। दिन का आरम्भ घर मे धार्मिक कार्यों से होगा इसके कारण चहल पहल भी रहेगी आध्यात्मिक पक्ष आज प्रबल रहेगा।

मिथुन : आज का दिन स्वास्थ्य के लीये हानि कारक रहेगा दिन के आरम्भ से ही सेहत में गिरावट अनुभव होगी।

कर्क : आज का दिन आप बेहतर रूप से व्यतीत करेंगे दिन के पूर्वार्ध में घर के किसी आवश्यक कार्य मे व्यस्त रहेंगे।

सिंह : आज का दिन भाग-दौड़ वाला रहेगा व्यस्तता के चलते शरीर की उपेक्षा बाद में भारी पड़ेगी लेकिन आशाजनक ना सही लाभ मिलते रहने से निराश नही होंगे।

कन्या : आज आपका स्वभाव संपर्क में आने वालों को आश्चर्य चकित करेगा। अपना मतलब साधने के लिये किसी की चापलूसी करने से भी परहेज नहीं करेंगे।

तुला : आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। कार्य क्षेत्र पर धीमी गति से कार्य करने पर लोगो की आलोचना सुन्नी पड़ेगी।

वृश्चिक : आपके लिये आज का दिन शुभ रहेगा दिन के आरंभ में स्वास्थ्य चुस्त रहेगा मन मे धन संबंधित उलझन रहेगी।

धनु : आज के दिन आप मानसिक रूप से दुविधा में रहेंगे जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे।

मकर : आज आपका विवेकी व्यवहार कार्य क्षेत्र पर सम्मान दिलाएगा लेकिन घर के सदस्यों के प्रति सनकी मिजाज रहने के कारण आपसी मतभेद रहेंगे।

कुंभ : आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा मन मे बड़ी बड़ी योजनाए बनती रहेंगी लेकिन सहयोग की कमी और धन के अभाव के कारण इन्हें साकार नही कर पाएंगे।

मीन : आज के दिन आपके साथ आकस्मिक घटनाएं घटित होंगी इनका फल मिला जुला रहेगा। सामाजिक क्षेत्र पर सम्मान तो बढ़ेगा लेकिन किसी स्वयं जन के कारण शर्मिंदगी भी देखनी पड़ेगी।

बड़ी जीत हासिल करने की तैयारी में भाजपा

182 विधानसभा सीटों की यह विधानसभा क्या एक बार फिर भाजपा को सत्ता पर बिठायेगी? यह प्रश्न राजनीतिक गलियारों में सर्वाधिक चर्चा में है। भले ही त्रिकोणात्मक परिदृश्यों में भाजपा की राह भी संघर्षपूर्ण बन गयी है।

चुनाव आयोग द्वारा गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। किसी भी राष्ट्र एवं प्रांत के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। गुजरात की जनता इन चुनावों में किसको तिलक करेगी, यह भविष्य के गर्भ में है। भले ही 1995 से ही भाजपा लगातार मजबूती से चुनाव जीतती रही है, क्या इस बार भी वह यह इतिहास दोहरायेगी? कांग्रेस यहां सफल एवं सक्षम प्रतिद्वंद्वी रही है, पिछली बार सत्ता के करीब पहुंचने में वह एक बार फिर चूकी थी, क्या इस बार वह ऐसा कर पायेगी? आम आदमी पार्टी दिल्ली जैसा कोई चमत्कार घटित कर पायेगी?

इन सवालों के बीच मुख्य टक्कर तो इस बार भी भाजपा एवं कांग्रेस के बीच है, तीसरे मजबूत दल के अभाव को दूर करते हुए आम आदमी पार्टी अपनी उपस्थिति से भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को ही कड़ी टक्कर दे रही है। दोनों ही दलों की इस बार राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आप की सफल दस्तक से यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है, यह चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से उग्र प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। झाड़ू लोगों का भरोसा जीत पाएगी या नहीं, यह कह पाना मुश्किल है। इस बार का चुनाव मजेदार होने के साथ संघर्षपूर्ण होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार की नकेल डाली जा सकती है। लोगों का विश्वास जीता जा सकता है। सुशासन स्थापित किया जा सकता है।

इस बार भी भाजपा एवं कांग्रेस के बीच है, तीसरे मजबूत दल के अभाव को दूर करते हुए आम आदमी पार्टी अपनी उपस्थिति से भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को ही कड़ी टक्कर दे रही है। दोनों ही दलों की इस बार राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आप की सफल दस्तक से यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है, यह चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से उग्र प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। झाड़ू लोगों का भरोसा जीत पाएगी या नहीं, यह कह पाना मुश्किल है। इस बार का चुनाव मजेदार होने के साथ संघर्षपूर्ण होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी।

182 विधानसभा सीटों की यह विधानसभा क्या एक बार फिर भाजपा को सत्ता पर बिठायेगी? यह प्रश्न राजनीतिक गलियारों में सर्वाधिक चर्चा में है। भले ही त्रिकोणात्मक परिदृश्यों में भाजपा की राह भी संघर्षपूर्ण बन गयी है। क्योंकि इस बार के चुनाव नये परिवेश एवं नवीन स्थितियों के बीच त्रिकोणीय होंगे। यहां के पिछले उप-चुनाव भी त्रिकोणीय संघर्ष के संकेत दे रहे हैं। मगर इस संघर्ष में एक तरफ भाजपा है, तो दूसरी तरफ आप और कांग्रेस। मौजूदा स्थिति यही उजागर कर रही है कि यहां भाजपा व दूसरी पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। यहां के मतदाता भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। इसीलिए नजर इस बात पर होगी कि गुजरात चुनावों में दूसरे और तीसरे पायदान पर कौन-सी पार्टी कब्जा करती है? भले ही स्थानीय निकाय के चुनावों में, खासकर सूरत के इलाकों में आप ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे उसे नई ऊर्जा मिली है, मगर यह जोश जीत में कितना बदल पाएगा, इस बारे में अभी कुछ भी कहना मुश्किल है। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने ढाई फीसदी वोट प्रतिशत का इजाफा करते हुए 41.4 प्रतिशत वोट के साथ स्पष्ट बहुमत से 7 सीटें अधिक लेकर 99 सीटें हासिल की एवं सरकार बनायी। उस समय भी मोदी के ही जादू ने असर दिखाया, जादू तो इस बार भी मोदी ही दिखायेंगे। लेकिन एक प्रभावी नेतृत्व एवं आपसी फूट के कारण भाजपा की स्थिति जटिल होती जा रही है। गुजरात में आदिवासी मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज दिख रहा है।

सीटों के बंटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया जा सकता है। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन को उन्नत बनाये। इन दिनों आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा है। ऐसे ही उम्मीदवारों से आदिवासी समुदाय के वोटों को प्रभावित किया जा सकता है। गुजरात चुनाव में मुद्दे तो बहुत से हैं। मुख्य मुद्दा तो मोरबी में हुआ पुल हादसा बन सकता है। जाहिर है, विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बनाकर भाजपा पर तीखे वार करेगा। यहां आम मतदाताओं में सत्तारुढ़ दल के प्रति कुछ असंतोष दिखाई देता है। खासकर पेंशन योजना को लेकर, क्योंकि यहां सरकारी कर्मचारियों की संख्या काफी ज्यादा है, जो चुनाव में तुलनात्मक रूप से कहीं ज्यादा असरकारक होते हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में यहां सरकारी कर्मचारियों के मूड को भांपने का प्रयास किया जाता है।

- ललित गर्ग

ऋषि सुनक के समक्ष आर्थिक चुनौतियां

पिछले माह ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में महंगाई की दर 10.1 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और यूक्रेन युद्ध के चलते तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण ईंधन की कीमतें 3 गुणा तक बढ़ चुकी हैं। आगे आने वाली सर्दियों में ब्रिटेनवासी मुश्किलों का सामना करने के लिए बाध्य होंगे। समझा जा रहा है 30 प्रतिशत इंग्लैंड वासियों की बचत समाप्त हो चुकी है और सरकारी कर्ज भी, जीडीपी के 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो एक रिकार्ड है। एक गैर सरकारी संस्थान का कहना है कि 50 सालों में यह सरकारी कर्ज जीडीपी के 320 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

भारतीय मूल के ऋषि सुनक द्वारा आर्थिक संकट से जूझ रहे इंग्लैंड के प्रधानमंत्री का दायित्व संभालते ही यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि इस संकट का ऋषि सुनक क्या हल निकालेंगे? पिछले महीनों में 27 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट के साथ 26 सितंबर 2022 तक डॉलर के मुकाबले ब्रिटिश पाऊंड इतिहास में अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद पिछले एक महीने में 6.5 प्रतिशत तक बेहतर हुआ है। इंग्लैंड के विदेशी मुद्रा भंडार, आज मात्र कुछ हफ्तों के आयातों के लिए ही पर्याप्त हैं। एक तरफ पाऊंड डालर के मुकाबले में लगातार गिर रहा है और बैंक ऑफ इंग्लैंड (केन्द्रीय बैंक) के लिए विदेशी मुद्रा भंडारों में भी आ रही गिरावट के चलते पाऊंड को और अधिक गिरने से बचाने में मुश्किल होता जा रहा है। 1976 में जब एक पाऊंड दो अमरीकी डालर के बराबर था और उसमें कमजोरी आ रही थी, तब इंग्लैंड ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से 3.9 अरब डालर का ऋण लेकर उसे थामने की कोशिश की थी। लेकिन अब जब पाऊंड एक अमरीकी डालर की ओर आगे बढ़ रहा है। इंग्लैंड के पास ऐसा कर पाने का सामथ्र्य ही दिखाई नहीं दे रहा।

अर्थव्यवस्था में अगस्त माह तक जीडीपी 0.3 प्रतिशत की गिरावट रिकार्ड हो चुकी थी, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के अनुमानों के अनुसार भी 2023 में जीडीपी ग्रोथ अधिक से अधिक 0.3 प्रतिशत की ही वृद्धि अपेक्षित है। इस वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की ग्रोथ 0.7 प्रतिशत रही, जो दूसरी तिमाही में घटकर 0.2 प्रतिशत, जुलाई में 0.1 प्रतिशत और अगस्त में और घटते हुए ऋणात्मक 0.3 प्रतिशत हो गई थी, यानी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई। पिछले माह ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में महंगाई की दर 10.1 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और यूक्रेन युद्ध के चलते तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण ईंधन की कीमतें 3 गुणा तक बढ़ चुकी हैं। आगे आने वाली सर्दियों में ब्रिटेनवासी मुश्किलों का सामना करने के लिए बाध्य होंगे। समझा जा रहा है 30 प्रतिशत इंग्लैंड वासियों की बचत समाप्त हो चुकी है और सरकारी कर्ज भी, जीडीपी के 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो एक रिकार्ड है। एक गैर सरकारी संस्थान का कहना है कि 50 सालों में यह सरकारी कर्ज जीडीपी के 320 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री के नाते चयनित होते ही ऋषि सुनक ने सीधे तौर पर कहा कि गंभीर संकट में फंसी अर्थव्यवस्था का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में उन्होंने कहा कि गलतियां हुई हैं, लेकिन उनकी नीयत पर शक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि उन्हें इन्हीं समस्याओं के समाधान हेतु चुना गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि वे सरकार को ईमानदारी और पेशेवर तरीके से और जवाबदेही के साथ चलाएंगे। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने आयकर की दर घटाने और कमजोर वर्गों को राहत देने के उद्देश्य से बजट प्रावधान करने के कुछ निर्णय लिए थे, जिसके कारण सरकार द्वारा भारी कर्ज लेने का खतरा मंडराने लगा, जिसके चलते सरकार की साख इतनी अधिक प्रभावित हुई कि 26 सितंबर 2022 तक 30 वर्षीय बॉंड की कमाई 4.95 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। हालांकि इसके बाद इसमें सुधार होते हुए यह 3.75 प्रतिशत तक घट गई है। इसके कारण भविष्य में सरकारी उधार की लागत बढ़ने का अंदेशा हो गया था। सिकुड़ती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई और राजस्व की बदतर होती स्थिति के चलते पूर्व प्रधानमंत्री ट्रस के इस्तीफे के बाद ऋषि सुनक के ऊपर एक बड़ा दायित्व आ गया है कि वो ब्रिटेन की डूबती नाव को पार ले जाने का काम करें। हालांकि 17 नवंबर को जब ऋषि सुनक अपनी आर्थिक नीतियों का खुलासा करेंगे तब स्थिति ज्यादा स्पष्ट हो सकेगी। लेकिन यह समझना होगा कि ऋषि सुनक के पास इस संबंध में क्या विकल्प हैं? लिज़ ट्रस ने अपने बजट में लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए सरकारी करों में भारी रियायत देने की योजना प्रस्तुत की थी। उनका कहना था कि इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी और लोगों को मंहगाई से राहत।

उन्होंने 45 अरब पाउंड की टैक्स कटौती की बात की थी। ऐसे में बाजारी शक्तियों ने इसे सही कदम नहीं माना और बाजार में अस्थिरता व्याप्त हो गई और वित्तीय मंदी के हालात पैदा हो गए। ऋषि सुनक ने लिज़ ट्रस को चेताया था कि वे खर्च पर लगाम लगाएं और करों में कटौती न करें। ऋषि सुनक का यह कहना है कि महंगाई से निकलने के लिए उधार का रास्ता अपनाना सही नहीं है। अब जब पहले कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों ने ऋषि सुनक के मुकाबले लिज़ ट्रस को सत्ता सौंपने का निर्णय लिया था, उन्हीं सांसदों ने अब ऋषि सुनक को सत्ता सौंपी है। बढ़ती महंगाई के बीच करों में कटौती (चाहे वो जनता को राहत देने के लिए ही की गई हो) और उसके लिए जरूरी कर्ज लेने की अनिवार्यता के कारण बाजार ने सरकार की साख को खासा नीचे गिरा दिया और बाँडों की कीमत काफी घट गई। इसका मतलब यह था कि यदि सरकार अपने खर्चे पूरे करने के लिए ज्यादा ऋण लेना चाहे तो वो बहुत अधिक ब्याज दर पर मिलेगा, जिससे भविष्य में सरकार की ब्याज की देनदारी पहले की तुलना में काफी ज्यादा हो जाएगी।

- डॉ. अश्विनी महाजन

राजनीति-धर्म का घालमेल सुखद संकेत नहीं

पंजाब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उपजे राजनीतिक विवाद को भी इसी परिप्रेक्ष्य के रूप में देखा जाना चाहिए। निस्संदेह, यह भी हकीकत है कि विगत में शिरोमणि अकाली दल के सहयोग से ही बीबी जगीर कौर तीन बार इस पद पर आसीन हुई हैं। बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में शिरोमणि अकाली दल का जनाधार सिमटा है और राजनीतिक दखल कम हुई है।

एक आदर्श लोकतंत्र की सार्थकता इस बात में है कि कोई भी चुनाव, मतदान और चयन की प्रक्रिया स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हो। वहीं दूसरी ओर किसी धार्मिक संस्था की व्यवस्थागत प्रक्रिया में किसी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। पंजाब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उपजे राजनीतिक विवाद को भी इसी परिप्रेक्ष्य के रूप में देखा जाना चाहिए। निस्संदेह, यह भी हकीकत है कि विगत में शिरोमणि अकाली दल के सहयोग से ही बीबी जगीर कौर तीन बार इस पद पर आसीन हुई हैं। बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में शिरोमणि अकाली दल का जनाधार सिमटा है और राजनीतिक दखल कम हुई है। शायद पंजाब में परंपरागत कद्दावर राजनेताओं के हाशिये पर जाने से उत्पन्न शून्य को भरने की महत्वाकांक्षा लिये बीबी जगीर कौर मैदान में उतरी हैं। तो स्वाभाविक रूप से उसकी राजनीतिक प्रतिक्रिया होनी ही थी। अब जब शिअद की तरफ से उनसे चुनाव मैदान से हटने को कहा गया तो उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया।

बीबी जगीर कौर का कहना है कि वह किसी धमकी और दबाव से प्रभावित नहीं होंगी। उनका कहना है कि शिअद के दखल से पदाधिकारियों का चयन अब नहीं होगा। इसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही पालन होगा। वह बात अलग है कि विगत में वह तीन बार शिअद की चुनावी रणनीति के अनुरूप ही एसजीपीसी की अध्यक्ष चुनी गई हैं। इसी घटनाक्रम के चलते शिअद ने बीबी जगीर कौर के नाम वापस न लेने पर एक अनुशासन समिति बनायी थी, जिसके सामने उन्हें उपस्थित होने को कहा गया था। लेकिन वे अनुशासन समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुई। कालांतर शिअद द्वारा गठित अनुशासन समिति ने उन्हें दल से निष्कासित करने का फैसला लिया। जो इस बात का भी संकेत है कि बीबी जगीर कौर आरपार की लड़ाई के मूड में हैं। निस्संदेह पंजाब के बदले राजनीतिक परिदृश्य में बीबी जगीर कौर राजनीतिक शून्य को भरने के क्रम में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को परवान चढ़ा रही हैं।यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दशकों तक पंजाब में एकछत्र राज करने वाले शिरोमणि अकाल दल का एसजीपीसी की चुनाव प्रक्रिया व संचालन में गहरा दखल रहा है। भारतीय राजनीति में धार्मिक जुगलबंदी के तमाम पहले उदाहरणों में यह उल्लेखनीय रहा है। कहा जाता रहा है कि इसके जरिये शिरोमणि अकाली दल की आर्थिक व्यवस्था को प्राणवायु भी मिलती रही है। वह बात अलग है कि शिअद बदले हालात के बीच कुछ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों पर एसजीपीसी की चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप के आरोप लगा रहा है। साथ ही बीबी जगीर कौर के चुनाव लड़ने के फैसले को इन्हीं दलों का दखल बता रहा है। हालांकि, बीबी जगीर कौर ऐसे दावों को सिरे से खारिज करती हैं। यह बात सर्वविदित है कि विगत में जगीर कौर को तीन बार एसजीपीसी की अध्यक्ष बनाने में शिअद की बड़ी भूमिका रही है। साथ ही वह दल के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष भी रही हैं। इतना ही नहीं, जब वह गंभीर मामलों में कानून की गिरफ्त में आईं तो शिअद सरकारों में उन्हें भरपूर संरक्षण भी मिला। लेकिन आज बीबी जगीर कौर की महत्वाकांक्षाएं उफान पर हैं।

परमात्मा से योग का आधार बनता है समर्पण

आस्तिक कौन है? प्राचीनकाल में आस्तिक को एक ऐसा व्यक्ति माना जाता था, जो जीवात्मा, परमात्मा और वेदों की वास्तविकता को स्वीकार करता था। इसके बाद बौद्ध युग में, आस्तिक शब्द का अर्थ बदल गया। बदले हुए अर्थ के अनुसार, आस्तिक वह माना जाने लगा जो तीनों में से किसी एक की वास्तविकता को स्वीकार करता है अर्थात जीवात्मा, परमात्मा या वेद। वेद का अर्थ है- वास्तविक ज्ञान। वेद किसी विशेष पुस्तक के लिए नहीं है।

योग का अर्थ दो चीजों का जुड़ना है। फिर यह योग जीवात्मा और परमात्मा के बीच हो तो परस्पर विश्वास होना जरूरी है। और योगी के लिए तो आस्तिक होना और भी जरूरी है, क्योंकि बिना विश्वास के दो चीजें आपस में कभी नहीं जुड़तीं। समय के साथ आस्तिकता की परिभाषा भले ही बदली हो, लेकिन उसका मूल भाव आज भी वही है। पूर्ण समर्पण का भाव परमात्मा से योग का आधार बनता है। इस तथ्य को याद रखना होगा कि योग जीवात्मा और परमात्मा के बीच होता है। यानी योग आस्तिकों के लिए है न कि नास्तिकों के लिए। योग उन लोगों के लिए नहीं है जो नास्तिकता के प्रभाव में सांसारिक कार्य करते हैं। जो भी कर्म छोटे या बड़े, अच्छे या बुरे, व्यक्तिगत या सामाजिक नास्तिक द्वारा किए जाते हैं, उनका जीवन दर्शन नास्तिकता पर आधारित है। वह व्यक्ति योग के मार्ग पर नहीं चल सकता। जीवात्मा और परमात्मा की वास्तविकता को स्वीकार करना होगा। तथ्य यह है कि योग साधना, योग अभ्यास, केवल आस्तिकों के लिए ही संभव है।

आस्तिक कौन है? प्राचीनकाल में आस्तिक को एक ऐसा व्यक्ति माना जाता था, जो जीवात्मा, परमात्मा और वेदों की वास्तविकता को स्वीकार करता था। इसके बाद बौद्ध युग में, आस्तिक शब्द का अर्थ बदल गया। बदले हुए अर्थ के अनुसार, आस्तिक वह माना जाने लगा जो तीनों में से किसी एक की वास्तविकता को स्वीकार करता है अर्थात जीवात्मा, परमात्मा या वेद। वेद का अर्थ है- वास्तविक ज्ञान। वेद किसी विशेष पुस्तक के लिए नहीं है। वेद का अर्थ है-उच्चतम ज्ञान, आध्यात्मिक ज्ञान। यही वेद का वास्तविक अर्थ है। मान लीजिए कि कहीं चोरी या चोरी करने के बारे में विस्तृत निर्देश हैं। यह भी एक प्रकार का ज्ञान है। लेकिन इस तरह के ज्ञान को वेद नहीं कहा जा सकता। यदि हम वेद को इस तरह परिभाषित करते हैं कि जो जीवात्मा, परमात्मा और वेदों की वास्तविकता को स्वीकार करता है, वह आस्तिक है। यह योग शब्द की सही व्याख्या है। बौद्ध युग में इसके अर्थ में जो परिवर्तन आया, वह बिल्कुल भी सहायक नहीं था। जो जीवात्मा को स्वीकार करता है लेकिन परमात्मा या वेद को नहीं मानता है, उसके लिए आध्यात्मिक प्रगति कैसे संभव हो सकती है? तो जीवात्मा को किस दिशा में चलना चाहिए? आध्यात्मिक रूप से आगे बढ़ने के लिए जीवात्मा को किस दिशा में बढ़ना चाहिए? क्या होगा यदि व्यक्ति परमात्मा के बारे में नहीं सोचता है? इसी तरह, यदि कोई व्यक्ति परमात्मा को स्वीकार करता है लेकिन जीवात्मा को नहीं, तो व्यक्ति का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। और जहां जीव स्वयं नहीं है, वहां प्रगति की बात करना भी अप्रासंगिक होगा। तो एक योगी को भी जीवात्मा की वास्तविकता को स्वीकार करना होगा।

5000 से अधिक आबादी वाली 73 ग्राम पंचायत बनेंगी आदर्श गांव

- मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने कहा कि ग्राम प्रधान, सचिव निभाएं अपनी अहम भूमिका

भास्कर ब्यूरो

मथुरा। जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में आयोजित की गई। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेजह्न-2 योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में जनपद के 85 राजस्व गांवों (73 ग्राम पंचायत 5000 से अधिक आबादी वाली) को मॉडल ओडीएफ प्लस, आदर्श गांव बनाए जाने की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए भारत सरकार की वेबसाइट पर लक्ष्य के सापेक्ष एमआईएस फीडिंग की स्थिति एवं शौचालय के निर्माण के लिए पीएफएमएस के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित किये जाने की समीक्षा की गयी। जनपद में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 68 ग्राम पंचायतों में निर्मित कराए गये खाद के गड्ढे एवं सोख्ता गड्ढों एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में मॉडल ग्राम पंचायत बनाये जाने के लिए चयनित 85 राजस्व गांव (73 ग्राम पंचायतों) में निमार्णाधीन आरआरसी सेन्टर, नाली, सिल्ट चैम्बर आदि कार्यों की स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाएं। इन कार्यों के प्राक्कलन, एमबी एवं तकनीकी कार्यों को अपनी देखरेख में कराये जाने के लिए आर्किटेक्ट, कंसल्टिंग इंजीनियर को निर्देशित किया गया। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास एक मॉडल के रूप में हो सके। इसके साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चैधरी ने भी जानकारी देते हुए बताया कि फेस दो के विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के लिए शासन से सिविल इंजीनियर नियुक्त किए गए हैं जो इन ग्राम पंचायतों में प्रकलन बनाने, एमबी एवं गुणवत्ता की जांच करने करेंगे। बैठक में ब्लॉक प्रमुख गोवर्धन विपिन सिंह, जिला पंचायत सदस्य मंजू चैधरी, परियोजना निदेशक एके उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीवान सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा, नागेंद्र सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम पीके खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

वंशी वट का विकास कराएंगे मांट व मथुरा के विधायक

मथुरा - मांट विधायक राजेश चौधरी व मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा मिलकर वंशी वट का सर्वांगीण विकास कराएंगे।वहीं दोनों विधायकों ने कहा कि विकास के दौरान वंशी वट के स्वरूप से छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी।

बता दें कि मांट के विधायक राजेश चौधरी व मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा मंगलवार दोपहर बारह बजे करीब वंशीवट पहुंचे,यहां उन्होंने वंशीवट के पीठाधीश्वर जयराम दास महाराज से वंशीवट के विकास को लेकर चर्चा की।दोनों विधायकों ने कहा कि यहां के पौराणिक स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना यहां विकास कार्य कराए जाने के लिए शासन स्तर पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि वंशीवट के जंगलों की पुनः नपत कराई जाएगी यदि कोई अवैध कब्जा मिलेगा तो उसे हटाया जाएगा।बताते चलें कि वंशीवट को भगवान श्री कृष्ण की रास स्थली भी माना जाता है,यहां मौजूद प्राचीन वट वृक्ष में वंशी की धुन आज भी सुनाई देती है।वहीं मंदिर के दर्शन करने के लिए हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन आते हैं। इस मौके पर भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा, सुनीता ठाकुर, जगदीश त्रिपाठी ,मोहनलाल अग्रवाल ,हुकम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे इसके साथ ही उन्होंने एक सहभोज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं संत जयराम दास महाराज ने बताया कि वह भी चाहते हैं कि वंशीवट का सर्वांगीण विकास हो ताकि लोग उसके पौराणिक स्वरूप को अच्छी तरह समझ सकें।

लाड़लेय ठाकुर संग ब्रजवासियों ने दी परिक्रमा

भास्कर ब्यूरो

बरसाना। अष्ट सखियों के गांव के ब्रजवासियों ने हर साल की तरह ब्रजोद्धारक ब्रजाचार्य श्रील नारायण भट्ट जी के लाडलेय ठाकुर के साथ सोमवार को श्रीधाम बरसाना राधा रानी सप्तकोसीय परिक्रमा दी। परिक्रमा का शुभारंभ प्रियाकुण्ड से प्रातः नारायण भट्ट जी के वंशज और ललितापीठाधीश्वर गोस्वामी कृष्णानन्द भट्ट और लाडले ठाकुर की अगुवाई में भजन कीर्तन के साथ हुआ। परिक्रमा ब्रजेश्वर महादेव, रावल वन, पाडर वन, ब्रह्मचारी बगीचा, डभाला कात्यानी शक्ति पीठ, राधा रानी संखियों संग खेलन लीला स्थली नौवारी चौवारी, (गिर्राज जी के अनुज) गिर्राज गेंदुआ, मुरली के दर्शन करते हुए, रतन कुंड, छोटी कदम खंडी से दर्शन करते हुए, फिसलनी शिला, पुष्कर कूप, छप्पन कटोरा, ऊंचागांव श्रील नारायण भट्ट जी की समाधि, त्रिवेणी कूप एवं देह कुंड का आचमन करते हुए श्री प्रिया जी की प्रधान सखी ललिता जी के दर्शन करते हुए दाऊजी मंदिर में दर्शन के पश्चात भोग प्रसाद ग्रहण कर विश्राम और उसके बाद प्रवचन का आनद लिया। उसके बाद यात्रा माता मैया दर्शन, सुलौखर, प्रिया कुंड, श्री प्रियेश्वर महादेव एवं हनुमान जी के दर्शन कर, गुलाब सखी, गोपाल जी मंदिर परिक्रमा, प्रेम सरोवर, राधा गोविंद जी, श्री प्रेम बिहारी दर्शन, श्री सुदामा कुटी, अहरी राम दरबार दर्शन करते हुए राणा की प्याऊ स्थित श्री हनुमान जी दर्शन, (रंगीली महल) कीर्ति मंदिर में कीरत माता के दर्शन करते हुए राधारानी मंदिर गेट पर बरसाना सप्तकोषीय परिक्रमा का विसर्जन हुआ। यात्रा में प्रमुख रूप से पीठाधीश्वर गोस्वामी उपेंद्र नारायण भट्ट, पीठ के प्रवक्ता गोस्वामी घनश्याम राज भट्ट, यात्रा के व्यवस्थापक समाजसेवी क्रांतिकारी पदम फौजी, गोविंद मुनीम, रोहित भट्ट, गोस्वामी ठाकुर प्रसाद, अरुण भट्ट, सर्वेश भट्ट, गोस्वामी दिनेश नारायण भट्ट, मितुल भट्ट सहित हजारों की संख्या में ब्रजवासी शामिल थे।

सार सुर्खियां

हादसे में घायल बालक की मौत

सौंख। सोमवार को सौंख गोवर्धन मार्ग पर ट्रैक्टर मारुति वैन की आमने सामने की भिड़ंत में घायल हुए सवारों में से एक बालक की मंगलवार को मौत हो गई। सोमवार दोपहर थाना गोवर्धन के गांव पेठा निवासी पंडित बृजेंद्र सिंह अपना निजी कार्य करके सौंख से गांव पैंठा जा रहा थे। तभी विपरीत दिशा से आती मारुति वैन की ट्रैक्टर से आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसने वैन सवार भावेश उर्फ कन्नू उम्र करीब 4 वर्ष, ओमवती व ममता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर कांस्टेबल प्रबल प्रताप ने घायलों को सीएससी गोवर्धन भर्ती कराया था। इनकी हालत चिंताजनक होने पर भरतपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। मंगलवार को इलाज के दौरान बालक भावेश निवासी भरतपुर की मौत हो गई। सौंख चौकी प्रभारी सन्दीप कुमार ने बताया कि इलाज के दौरान भावेश की मौत हो गई। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

अपहरण फिर मुक्त, पर मुकदमा को भटक रहे पीड़ित

कोसीकलां। हाईवे पर दस दिन पूर्व हुई अपहरण की घटना के मामले में भले ही अपहृत मुक्त हो गया हो लेकिन अपहृताओं के खिलाफ आज तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। पीडित लगातार चक्कर लगा लगाकर थक चुके हैं। लेकिन पुलिस उनकी नहीं सुन रही है। पीडितों ने मुख्यमंत्री से सहयोग कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की मांग की है। दरसअसल मामला 30 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे का है। हरियाणा के हथीन निवासी पीडित हसन ने बताया कि वह एवं उसका भाई इलियास बाइक द्वारा कोसी से वापस जा रहे थें। तभी आधा दर्जन कार सवारों ने उसे निकासा चौराहे के समीप घेर कर रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने मारपीट कर उसके भाई इलियास को बाइक समेत अपहरण कर ले गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन के आधार पर थाना शेरगढ के गांव करहारी में अपहृत की लॉकेशन खोजी। आधी रात में ही कोसी और शेरगढ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इलियास को खेतों से मुक्त कराया था और दो लोगों को हिरासत में भी लिया था। हसन ने बताया कि उन्होंने इस मामले में नाम सामने आने पर इमरान, चंद्रपाल, महेंद्र मुस्तफा, दिलसाद आदि के खिलाफ तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने आज तक उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर पीडितों ने अपना दुखडा रोया और पुलिस के असहयोग को बयां किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से सहयोग की अपील कर न्याय की गुहार लगाई है।

धूमधाम से मनाया गया प्रकाश पर्व

वृंदावन। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जयंती के मौके पर धर्मनगरी के नानक टीला स्थित गुरुद्वारे में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। पंथियों ने गुरुवाणी पाठ कर लंगर लगाया। सिख धर्म के पहले गुरु नानक देव के जन्मोत्सव प्रकाश पर्व पर किशोरपुरा नानक टीला स्थित गुरुद्वारे में आयोजित अनुष्ठानों की श्रृंखला में पंथियों द्वारा गुरु नानक देव के उपदेश यानि गुरुवाणी का पाठ किया गया। श्रद्धालुओ ने शबद कीर्तन किया। इसके साथ ही लंगर भी लगाया गया। पंथी परमजीत सिंह ने बताया कि यह गुरुद्वारा ऐतिहासिक महत्व का है। मथुरा आगमन पर गुरु नानक देव इस टीले पर आकर रुके थे।

समाजसेवा खिला सकती है चुनावी गुल

- संभावित उम्मीदवार समाजसेवा के बहाने माहौल बनाने में जुटे

सौंख। निकाय चुनाव की आहट ने कस्बा में समाज सेवा का माहौल बना दिया है। संभावित उम्मीदवार समाज सेवा के जरिए मतदाताओं को संदेश देने में जुटे हैं तथा अपने पक्ष में माहौल तैयार कर रहे हैं। जनता सब देख और परख रही है। परिणाम भविष्य के गर्त में है। नगर पंचायत चुनाव के नजदीक आने के साथ-साथ कस्बा में इन दिनों संभावित प्रत्याशी समाज सेवा में तन मन से जुटे हुए हैं। वह जनसेवा का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने दे रहे हैं। चाहे किसी समाज की शोभायात्रा हो या रामलीला महोत्सव समाजसेवी बढ़-चढ़कर इन कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं और क्षमता के अनुसार सहयोग की सहभागिता कर रहे हैं। अभी पिछले दिनों ही दो संभावित उम्मीदवारों ने कस्बा में मलेरियारोधी दवा का छिड़काव भी कराया है। एक संभावित उम्मीदवार ने कस्बा में रामलीला का आयोजन भी संपन्न कराया। इससे पहले एक उम्मीदवार कस्बा में जगह जगह पेयजल टंकी भी रखवा चुके हैं।चुनाव भले ही समय ले रहे हों लेकिन इस बहाने से कस्बे की जनता को काफी लाभ मिल रहा है। संभावित उम्मीदवार और समाजसेवी पूरी तरह से समर्पित होकर जन सेवा में जुटे हुए हैं सराफा कमेटी के अध्यक्ष तथा भाजपा से जुड़े एक युवा जाट नेता का नाम समाजसेवा की प्रक्रिया में खासाजोर से चल रहा है। अगर कस्बा की सीट पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होती है तो इन दो समाजसेवी उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

महाराजा सूरजमल स्टेडियम: पालिका ने ली न्यायालय की शरण

- डीएम मथुरा सहित 28 लोगों को एक माह में जवाब देने के निर्देश
- चेयरमैन ने पत्रकार वार्ता कर भरी हुंकार, लगाए आरोप

कोसीकलां। महाराजा सूरजमल स्टेडियम की बेशकीमती जमीन के मामले को लेकर नगर पालिका ने अब न्यायालय की शरण ली है। कोर्ट ने एक माह में सभी 28 लोगों से जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। चेयरमैन नरेंद्र कुमार गुर्जर ने पत्रकार वार्ता करते हुए स्थानीय जनप्रतिनधि पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि यह जमीन बच्चों के खेलने की है, जमीन को किसी को भी नहीं हडपने दिया जाएगा। चेयरमैन नरेंद्र कुमार गुर्जर ने पत्रकारों को बताया कि पालिका ने इस मामले को लेकर शरण ली है। पूरी भूमि महाराजा सूरजमल स्टेडियम के नाम से आबंटित है। इसे फजीर्वाडा कर कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है। फर्जी रूप से तीन रजिट्री भी कराई गई है। जिनके नाम मुकदमा भी दर्ज कराया था। चेयरमैन ने आरोप लगाते हुए कि स्थानीय जनप्रतिनधि दबाव बनाकर सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जिप सदस्य नरदेव चैधरी पर भी आरोप मढे। जमीन को उनके ड्राइवर के नाम कराया गया है। इस मामले में उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई थी। जिसे स्वीकारते हुए डीएम मथुरा, एसडीएम छाता सहित संबंधित सभी 28 लोगों से जवाब दाखिल करने के लिए निर्देशित किया है। इसके लिए एक माह की समय सीमा भी तय की है। कहा कि यह हमारी जीत है। यह पहली कामयाबी है। कहा कि वे अवैध कब्जे वाले इस मामले के खिलाफ हर संभव तरीके से प्रयास करेंगे। यह बच्चों के खेलने के लिए स्टेडियम है। इसे मुक्त कराकर ही दम लेंगे। अगर उनको अगली बार भी मौका मिलेगा तो निश्चित तौर पर किसी भी तरह से कब्जा नहीं होने दिए जाएगा। कहा कि पूरे कार्यकाल में किसी भी तरह से सरकारी भूमियों पर कब्जा नहीं होने दिए।

धोखाधड़ी से किसान के खाद के पैसों का किया गबन

मथुरा। सुरीर कोतवाली क्षेत्र में सहकारी समिति भदनवारा पर तैनात निलम्बित आंकिक द्वारा किसानों से धोखाधड़ी कर 40 हजार रुपये गबन का दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवेन्द्र शर्मा सहकारी विकास अधिकारी विकास खंड अधिकारी मांट ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मथुरा के कार्यालय के 17 अक्टूबर के पत्रांक द्वारा आत्म निर्भर सहकारी समिति लिमिटेड भदनवारा के निलम्बित आंकिक चिम्मन लाल एवं समिति सचिव सुग्रीव सिंह के विरुद्ध किसानों की अनिभिज्ञता को देखते हुए सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी किए जाने संबंधी शिकायती प्रकरण की जांच संयुक्त रूप से अपर जिला सहकारी अधिकारी मांट एवं अधोहस्तक्षरी की धारा 65 के अंर्तगत जांच के लिए निर्देशित किया गया था। इस प्रकरण की जांच आख्यानुसार चिम्मनलाल तत्कालीन आंकिक निलंबित को शिकायत कर्ता रामस्वरूप पुत्र छेदालाल को नोडयूज देने के पश्चात भी बकाएदार दशार्ने एवं हरियोम पुत्र शांन्तिस्वरुप तथा साहब सिंह पुत्र होती की रसीदों में हेर फेर कर इन लोगों के साथ 40 हजार 171 रुपये के गबन का दोषी मानते हुए दोषी आकिक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसी के क्रम में कार्यलय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मथुरा के आदेश के अनुक्रम में चिम्मनलाल पुत्र लालाराम निवासी भगत नगरिया आकिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शातिर चोर पुलिस ने दबोचा, नगदी बरामद

वृंदावन। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओ की जेब तराशने वाले शातिर को पुलिस ने मंदिर से धर दबोचा है। पकड़े गए युवक से हजारों की नगदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की जेब तराशने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पूछताछ में अपना नाम दीपक पुत्र कप्तान सिंह बताने वाले युवक ने स्वीकार किया कि वह पिछले करीब एक साल से सैकड़ों लोगों की जेब पर हाथ साफ किया है।

सरकार की कूटनीति पर दिल्ली प्रदर्शन में शामिल होंगे मथुरा भट्ठा संचालक

- 10 नवंबर को रामलीला मैदान से संसद तक करेंगे मार्च

भास्कर ब्यूरो

नौहझील-ईंट भट्ठा उद्योग पर जीएसटी बढ़ाने व कोयले के दामों में हुई बढ़ोतरी के विरोध में ईंट भट्ठा संचालकों की एक बैठक हुई। जिसमें अखिल भारतीय ईंट निमार्ता महासंघ के आह्वान पर दस नवंबर को दिल्ली में रामलीला मैदान से संसद तक मार्च व प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कालेज नौहझील में सोमवार को आयोजित बैठक में जिला ईंट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कहा कि ईंट उद्योग पर जीएसटी बढ़ाई जाने व कोयले के दामों में बढ़ोतरी होने से भट्ठा संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पहले डेढ़ करोड़ रुपये तक के टर्नओवर पर एक प्रतिशत और इससे ऊपर पांच प्रतिशत जीएसटी था। सरकार ने एक प्रतिशत से बढ़ाकर छह प्रतिशत और पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया है। बड़ी बात यह है कि छह प्रतिशत जीएसटी देने वाले कारोबारी इनपुट क्रेडिट का लाभ भी नहीं ले पाएंगे। वहीं जिला ईंट भट्ठा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मोरध्वज अग्रवाल ने बताया कि कोयले के दाम दस हजार रुपये प्रतिटन से बढ़कर 25000 रुपये प्रति टन हो गए हैं। इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कड़े नियमों के चलते अब भट्ठा चलाना संभव नहीं है। इससे ईंट भट्ठा उद्योग पर संकट मंडराने लगा है। सरकार की अनदेखी के कारण ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे। केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से ईंट निमार्ता संघ के आह्वान पर देशभर के ईंट भट्ठा संचालक रामलीला मैदान से संसद तक पैदल मार्च में शामिल होंगे। जिसमें मथुरा जनपद से भी भट्ठा संचालक इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए 10 नवंबर को दिल्ली जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता मथुरा ईंट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर चौधरी और संचालन महामंत्री भानुप्रकाश वार्ष्णेय ने किया।धर्मवीर अग्रवाल, राजकुमार वार्ष्णेय, सुधीर अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, हीरामन अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, लेखराज अग्रवाल मुरारी लंबरदार, राजकुमार अग्रवाल, भूरा ठाकुर, यशपाल सिंह, दामोदर प्रसाद, अनिल सिंघल, तेजप्रकाश सिंघल, रवि पटेल, विष्णु अग्रवाल, किशन अग्रवाल समेत ईंट भट्ठा संचालक मौजूद थे।

कूड़े के ढेर में बदला शेरगढ़ का बस स्टैंड

- बस अड्डे पर रोडवेज बस देखने को तरस रहे शेरगढ़ के वासी

मथुराः शेरगढ़ कस्बे के पास से होकर गुजर रही यमुना पर तब तक परमानेंट पुल नहीं बनाया गया था तो टेंप रेली पुल बनाकर यमुना को लोग पार करते थे और अपने गंतव्य के लिए जाते थे वहीं से सरकार द्वारा चलाई गई रोडवेज बसें भी गुजरती थी जिसके ठहराव के लिए शेरगढ़ कस्बे में एक बस स्टैंड का भी निर्माण किया गया था लेकिन लगभग 13 वर्षों से बस स्टैंड पर आज तक एक भी रोडवेज नजर नहीं आ रही है जिससे लोग सुविधा का लाभ उठा सकें बुजुर्ग व प्रेग्नेंट महिलाएं या छात्रों को रोडवेज बस या प्राइवेट वाहन में जाने के लिए पटेल चौक पर चाला पड़ता है क्योंकि सरकारी सभी रोडवेज बस से वहां से गुजर जाती है क्योंकि यमुना पर अब पुल का निर्माण हो गया है इसकी वजह से सरकारी बस यहां से गुजर जाती है लेकिन बस स्टैंड की हालत अब बद से बदतर होती जा रही है लोगों ने बस स्टैंड को कूड़े के ढेर में तब्दील कर दिया गया है और धीरे-धीरे जमीन पर भी कब्जा होता जा रहा है बस स्टैंड में लगाए गए सामान को लो खा लो काटकर ले जा रहे हैं और बिल्डिंग खंडहर में तब्दील हो गई है बस स्टैंड निर्माण को लेकर कई बार स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित विभाग व अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन आज तक उनकी शिकायत का कोई संज्ञान नहीं लिया गया और कस्बे के लोग वाहन के लिए पटेल चौक पर जाने को मजबूर है।

बेरोजगारी की कगार पर लाखों मजदूर

मथुरा। सरकार की कूटनीति के चलते जिले में ईंट भट्ठा बंद होने से लगभग एक लाख मजदूरों की रोजी रोटी पर संकट मंडरा जायेगा।बड़ी संख्या में बिहार व मध्यप्रदेश के अलावा इलाके के लोग ईंट भट्ठों पर मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं।जिला महामंत्री भानु प्रकाश वार्ष्णेय ने बताया कि मथुरा जिले में लगभग दो सौ ईंट भट्ठे संचालित हैं। प्रत्येक भट्ठा पर चार सौ से पांच सौ मजदूर मजदूरी करने का कार्य करते हैं। ईंट भट्ठा बंद होने से बेरोजगारी बढ़ जायेगी।

गोवर्धन नगर पंचायत को उत्तर प्रदेश में स्वच्छता को लेकर मिला दूसरा स्थान

- लखनऊ में नगर विकास मंत्री ने गोवर्धन नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी आलोक वर्मा को किया सम्मानित

गोवर्धनः उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग द्वारा लखनऊ में आयोजित भारत मिशन सर्वेक्षण में त्योहारों पर स्वच्छता एवं व्यवस्था में उत्तर प्रदेश में गोवर्धन नगर पंचायत को दूसरा स्थान मिला है।नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा ने गोवर्धन नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा को लखनऊ में हुए कार्यक्रम में सम्मानित किया है।हम आपको बता दे गोवर्धन धाम में पांच दिन में करोड़ो श्रद्धालुओं के आवागमन का गवाह गुरु पूर्णिमा मेला अन्नकूट महोत्सव दीपावली और अनेक त्यौहार पड़ते है।इतनी भीड़ पर स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरना नगर पंचायत के लिये चुनौती है।जो कि जिला कोआडिनेटर द्वारा स्वच्छता की जानकारी नगर विकास विभाग लखनऊ को दी जाती है।इसमें मार्गो की स्वच्छता डोर टू डोर कलेक्शन शुलभ शौचालय और त्यौहार के दौरान विशेष स्वच्छता और सुविधा की गतिविधियों के बारे मे जानकारी दी जाती है।उसके बाद समीक्षा के आधार पर पुरस्कार मिलता है।वही आयोजित हुए कार्यक्रम में पहले नम्बर पर आगरा की दयालबाग नगर पंचायत रही।दूसरे स्थान पर गोवर्धन नगर पंचायत रही।और तीसरे स्थान पर प्रतापगढ सिटी नगर पंचायत रहा।गोवर्धन नगर पंचायत का स्वच्छता में उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान आने पर नगर पंचायत कर्मियों में काफी खुशी की लहर दिखी।

छाता थाने में तैनात दरोगा की हृदय गति रुक जाने से मौत

छाता। थाने में तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार का हृदय गति रुकने के कारण स्वर्गवास हो गया। ग्राम बिडावली थाना जलेसर जिला एटा के रहने वाले थे। छाता थाने मे पैरोकार के पद पर कार्य करते थे। अभी कुछ दिन पहले ही इनका प्रमोशन उपनिरीक्षक के पद पर हुआ था।

कोसीः सुविधा न व्यवस्था, कमाई का बस अड्डा

- पेयजल और शौचालय की नहीं कोई व्यवस्था
- हर रोज हजारों कमाकर दे रहा स्टैंड

भास्कर ब्यूरो

कोसीकलां। कहावत है कि कमाऊ पूत सभी को अच्छा लगता है। लेकिन परिवहन विभाग पर यह कहावत कतई भी फिट नहीं बैठती है। शहर के बस स्टैंड के हालात को कुछ यही बयां कर रहे हैं। हर रोज हजारों कमाकर देने वाला बस स्टैंड सुविधाओं के अभाव में है। यात्रियों के लिए यहां न पेयजल की व्यवस्था है और न ही शौचालयों का इंतजाम। इमारत कब धराशायी हो जाए पता नहीं। लेकिन विभाग को इस सब से शायद कोई मतलब ही नहीं। यही कारण है कि यहां विकास के नाम पर कुछ नजर नहीं आता है। औद्योगिक नगरी कोसीकलां में हर बडी संख्या में कामगारों का अवागमन होता है। तीन प्रदेशों की सीमा पर बसे औद्योगिक क्षेत्र में काम के लिए तमाम लोग पहुंच भी रहे हैं। लेकिन यहां परिवहन विभाग की व्यवस्थाएं मुहं चिढा रही है। शहर की बेहतरीन लॉकेशन पर स्थित शहर का बस स्टैंड कबाड घर बना हुआ है। यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं है। पेयजल तो छोडिए शौचालय तक का कोई इंतजाम नहीं है। यहां व्यवस्थाओं के नाम पर एक प्रभारी एवं सफाईकर्मी तैनात हैं। एक आंकलन के अनुसार हर रोज यहां दर्जनों बस आती हैं जिनमें सैकडों यात्री सवार होकर गंतव्य के लिए रवाना होते हैं। जिनसे विभाग हर रोज हजारों रूपए वसूलता है। लेकिन सुविधा के नाम पर चुप्पी साधे हुए हैं। एक बस चालक ने नाम न बताने की शर्त पर दर्द बयां किया कि बस स्टैंड के हालात बदतर हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। महिला यात्रियों को जनसुविधा के लिए इधर उधर जुगत लगानी पडती है। मामले को लेकर इंचार्ज मानसिंह ने इसके बारे में पूछने पर चुप्पी साध ली। प्राईवेट वाहनों का एकछत्र राज बस स्टैंड पर यात्रियों की कोई कमी नहीं है। लेकिन यहां प्राइवेट वाहनों का एक छत्र राज है। स्थानीय दबंगई के चलते ये लोग सरकारी बस वालों को और यात्रियों को धमकाने तक से भी नहीं चूकते।यही कारण है कि यहां सरकारी बसों को कम ही यात्री मिल पाते हैं और निजी वाहनों की बल्ले बल्ले। विभाग इस मसले पर भी चुप्पी साधे है।

श्री रतन सिंह इण्टर कॉलेज
दौलतपुर, बल्देव (मथुरा)

विज्ञप्ति

देहाती समाज सुधार शिक्षा एवं प्रसार समिति दौलतपुर बल्देव मथुरा के साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति का चुनाव की प्रक्रिया दिनांक 25.11.2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 27.11.2022 दिन रविवार को विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगी। विद्यालय की प्रबन्ध समिति के चुनाव का कार्यक्रम तथा साधारण सभा के सदस्यों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। सूची पर यदि किसी को आपत्ति है तो अपनी आपत्ति को मूल अभिलेखों/प्रमाण पत्रों सहित आपत्ति दिनांक 11.11.2022 तक दर्ज करायें।

चुनाव कार्यक्रम

1. नामांकन तिथि दिनांक 25.11.2022 दिन शुक्रवार प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ सायं 3 बजे तक।
2. नामांकन वापिस लेने की तिथि 26.11.2022 दिन शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक
3. नामांकन की जांच दिनांक 26.11.2022 दिन शनिवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक
4. वैध अवैध नामांकनों की घोषणा 26.11.2022 दिन शनिवार सायं 4 से 5 बजे तक
5. निर्वाचन दिनांक 27.11.2022 दिन रविवार प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ
6. निर्वाचन पदाधिकारियों की घोषणा दिनांक 27.11.2022 दिन रविवार दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ

नोट

विद्यालय की प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 27.11.22 दिन रविवार प्रातः 10 बजे से श्री रतन सिंह इण्टर कॉलेज दौलतपुर बल्देव मथुरा में होगा।

भवदीय
जितेन्द्र सिंह (एडवोकेट)
निर्वाचन अधिकारी

सुबह भगवान शनिदेव का मंदिर का महंत चंद्रभान जौहरी ने तैलाभिषेक के साथ हवन पूजन कर विशेष श्रृंगार किया गया।

एमएचए ग्रुप के विभिन्न राज्यों में 35 ठिकानों पर आयकर विभाग की पड़ताल

भास्कर ब्यूरो

आगरा। बड़े मियां तो है बड़े मियां छोटे मियां सुभानल्लाह ये गाना आपने फिल्म में सुना होगा। इस गाने की लाइन आगरा के पूर्व बसपा विधायक और मीट कारोबारी जुल्फिकार अहमद भुट्टो पर सटीक बैठती है। जुल्फिकार अहमद भुट्टो पर चार दिन से लगातार आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। भुट्टो पर करोड़ों की हेरा फेरी का आरोप है। आय से अधिक सम्पत्ति का मामला चल रहा है। वहीं भुट्टो के भाई कामिल कुरैशी उर्फ बंटी की तस्वीरें सामने आई है। कामिल भुट्टो का सगा छोटा भाई है और वह एचएमए ग्रुप का सरताज है। इसके अलावा कामिल तीन तलाक का आरोपी भी है। कामिल विदेशों में जाकर अय्याशी करता था। कामिल की अय्याशी उसकी पत्नी रूबीना कुरैशी को पसंद नही थी। कामिल की विदेशी महिलाओं से रिश्ते थे। वह थाइलैंड देश के वाकिंग स्ट्रीट के पब का शौकीन है। उसकी थाइलैंड की युवती के साथ बीयर पीते हुए फोटो वायरल हो रही हैं। गौरतलब है कि आगरा में बसपा के पूर्व विधायक

जुल्फिकार अहमद भुट्टो के भाई कामिल की पत्नी रूबीना ने गंभीर आरोप लगाए थे। कामिल की शादी नई दिल्ली के विकासपुरी की रहने वाली रुबीना कुरैशी से वर्ष 2012 में हुई थीं। कामिल ने फोन पर रूबीना कुरैशी को तीन तलाक देकर छोड़ दिया था। रूबीना कुरैशी ने पूर्व विधायक जुल्फिकार अहमद भुट्टो पर भी तमाम आरोप लगाए थे। आगरा के सबसे बड़े मीट कारोबारी पूर्व विधायक जुल्फिकार अहमद भुट्टो की फर्म एमएचए ग्रुप पर मंगलवार को भी आयकर विभाग की जांच शाखा की कार्रवाई जारी रही। जांच में कई चौंकाने वाली बातें सामने आ रही हैं। पूर्व विधायक की कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों के नाम पर खाते खुलवाकर उसने करोड़ों रुपए के लेनदेन किए जा रहे थे। विभाग ने ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित किया है। देश में तीसरे नंबर के फ्रोजन मीट सप्लायर एमएचए ग्रुप के विभिन्न राज्यों में 35 ठिकानों पर आयकर विभाग की पड़ताल चल रही है। इसमें राजधानी दिल्ली, गाजियाबाद, मुंबई, कानपुर, उन्नाव में शनिवार और रविवार को जांच चलती रही। आगरा में भी बंसल नगर, एमजी रोड पर ग्लोरी प्लाजा, ताजगंज, शहीद नगर, मंटोला, विभव नगर, कुबेरपुर आदि ठिकानों पर सर्वे चल रहा है।

विद्युत विभाग के जेई व लाइनमैन की मुख्यमंत्री पोर्टल व पत्र द्वारा शिकायत

फतेहपुर सीकरी। विद्युत विभाग के जेई व लाइनमैन पर तानाशाही व रिश्वतखोरी का समाजसेवी व क्षेत्रीय लोगों ने लगाया आरोप की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत। आपको बता दें पहले से ही किसान व मजदूर वर्ग का व्यक्ति बेमौसम बरसात से हुए फसलों में भारी नुकसान और रोजगार ना होने के कारण अपने जीवन को बड़े ही कठिनाइयों से काट रहा है। ऐसे में विद्युत विभाग बड़े ही सुर्खियों का विषय बना हुआ है। ऐसी ही शिकायत एक विद्युत विभाग के जेई विकास विश्वकर्मा व लाइनमैन पर हंस पुरा गांव के समाजसेवी सुनील पाराशर व बरखंडी महादेव के निवासी संतोष कुमार शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया है कि लगातार क्षेत्र में जेई व लाइनमैन की शिकायत एसडीओ को क्षेत्रीय लोगों द्वारा अनगिनत शिकायत दी गई हैं। किंतु विद्युत विभाग के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है जो व्यक्ति लगातार समय पर बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं उनके खिलाफ भी एफ आई आर दर्ज कराई जा रही है। आरोप लगाते हुए बताया जिनके घर हीटर समरसेबल एसी कूलर इत्यादि सामग्री चल रही हैं उनसे जेई विकास विश्वकर्मा व लाइनमैन मोटा पैसा ऐंठ कर छोड़ दिया जाता है। किंतु मजदूर वर्ग को विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों ने समाजसेवी द्वारा क्षेत्रीय विधायक विद्युत विभाग आगरा,जिलाधिकारी आगरा व मुख्यमंत्री पोर्टल पर व लिखित पत्र द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है। अब देखना यह है की क्या पीड़ित मजदूर लोगों को किसानों को न्याय मिलेगा या नहीं यह तो आने वाला वक्त बताएगा फिलहाल समाजसेवी सुनील पाराशर ने शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच करने की मांग की है साथ ही दोषी लोगों पर व दोषी विद्युत विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की अपील की है।

पुलिस ने अनोखा काम करके बच्चों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान ,बच्चो ने कहा थैंक यू पुलिस अंकल

भास्कर ब्यूरो

आगरा। आपने हत्या, आत्महत्या, चोरी, डकैती की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस को जरूर देखा होगा। लेकिन आगरा के थाना मंटोला पुलिस के द्वारा एक ऐसा अनोखा काम किया गया, जिससे मासूम बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई, और बच्चो ने पुलिस से कहा थैंक यू पुलिस अंकल। दरअसल, सोमवार की दोपहर को थाना मंटोला क्षेत्र के अंतर्गत सदर भट्टी की रहने वाली रीजा की ऑस्ट्रेलियन बिल्ली जैकी गुम हो गई थी। सदर भट्टी पर रहने वाले बच्चे रीजा समीर, रयान अली, आहिल समीर और मायशा रो रहे थे। तभी यह सभी बच्चे रोते हुए थाना मंटोला पहुंचे, वहा पर एसओ राजवीर सिंह थे। बच्चो में एसओ

को बिल्ली गुम होने की जानकारी दी। बच्चो को रोता देख राजवीर सिंह ने बच्चो से कहा कि आपकी ऑस्ट्रेलियन बिल्ली हम ढूंढ कर आपको देंगे। जिसके बाद से पुलिस के द्वारा बिल्ली की छानबीन शुरू की गई। हालांकि सीसीटीवी और मुखबिर की सूचना पर पता चला कि यह ऑस्ट्रेलियन बिल्ली शहीद नगर में है। थाना पुलिस के द्वारा 24 घंटे के अंदर ही बिल्ली को ढूंढ लिया गया, और थाने में सभी बच्चो को बुला कर एसओ राजवीर सिंह और कांस्टेबल राजकुमार के द्वारा बिल्ली को सुपुर्द कर दिया गया। ऑस्ट्रेलियन बिल्ली जैकी को देख बच्चो के चेहरे पर मुस्कान लौट आई, और बच्चों ने थाने के अंदर पुलिस का शुक्रिया अदा किया। रीजा समीर और रयान अली ने बताया कि हमारी ऑस्ट्रेलियन बिल्ली को एक कोई घर के बाहर से ले गया था। जिसके बाद हम बहुत निराश थे, और रो रहे थे। तभी हमने पुलिस अंकल से इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद उन्होंने हमारी ऑस्ट्रेलियन बिल्ली को ढूंढ कर हमे दे दिया।

ताज पार्किंग पर गुंडई का मामला

आगरा। ताजमहल में पार्किंग में गुंडई जारी है। पार्किंग गुर्गों का आतंक है। वह यहां वसूली करते है अगर पैसे न मिले तो मारपीट की जाती है। वहीं मंगलवार दोपहर बाद ताजमहल की पूर्वी गेट पार्किंग के बाहर गुंडई का मामला सामने आया है। यहां ऊंट गाड़ी चलाने वाले को दबंगों ने पीटा है। ऊंट गाड़ी वाले से दबंग वसूली कर रहे थे। रुपये न देने पर ऊंट गाड़ी वाले को जमकर पीटा गया है। पिटाई का सीसीटीवी फुटेज हुआ वायरल हो रहा है।

सार सुर्खियां

धूमधाम के साथ मनाया गया गुरुनानक जयंती पर प्रकाशोत्सव

टूंडला। गुरु नानक देव के जन्मदिन के अवसर पर गुरु नानक देव इंटर कॉलेज स्थित गुरुद्वारा में धूमधाम के साथ गुरु जन्मदिन मनाया। इस दौरान आगरा से आये रागी जत्थो द्वारा शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के महिला पुरुष एवं बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मंगलवार को गुरु नानक देव जयंती को प्रकाशोत्सव के रूप में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सिख समाज द्वारा भजन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा आगरा से बुलवाये गये रागी जत्थों ने गुरुद्वारे में गुरुनानक देव के जीवन पर प्रकाश डाला गया। तथा संकीर्तन का भी आयोजन हुआ। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी टूंडला के प्रधान मनप्रीत कीर ने प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गुरुद्वारा साहब कमेटी के प्रधान मनप्रीत सिंह कीर, सरदार मनमोहन सिंह काके, बलवीर सिंह पम्मी, जसपाल सिंह, हरपाल सिंह बंसल, अमरजीत सिंह, जसवीर सिंह, हरी सिंह, सरदार सरनजीत सिंह, इंदरपाल सिंह, बलवीर सिंह, कुलविंदर सिंह, प्रतिपाल सिंह, गुरुमुख सिंह, ओमी बलेचा, रूपेश शुक्ला, सरदार मनमिंदर सिंह के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

ग्रह कलेश के चलते विवाहिता ने लगाई फांसी

टूंडला। थाना पचोखरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोटकी में ग्रह कलेश के चलते एक विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सब को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। अनीता पत्नी संजय उर्फ संजू कुशवाह उम्र करीब 35 वर्षीय की 12 साल पूर्व शादी हुई थी। शादी के कुछ साल बाद पति आये दिन शराब के नशे में अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा करने लगा पत्नी के मना करने पर मारपीट करता था। मंगलवार की प्रातः 8 बजे अनीता ने ग्रह कलेश के चलते फांसी के फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने इसकी जानकारी थाना पचोखरा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सब को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वही ससुरालीजन घटनास्थल से फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मृतका के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे जिनका रो रो कर बुरा हाल था। मृतका का अपने पीछे एक पुत्र कृष्णा उम्र 8 वर्ष, पुत्री राधा उम्र 4 वर्ष, पुत्री काजल उम्र 2 वर्ष छोड़कर गई है। इस दौरान पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

खंड शिक्षा अधिकारी ने किया बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

महेवा/इटावा। दो दिनों से चल रही परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन खंड शिक्षा अधिकारी उदय सिंह राज ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर किया। खेलों जूनियर बालक वर्ग कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुरा की टीम एवं बालिका वर्ग में अलियापुर की टीम विजेता बनी , खो खो में बालक वर्ग मेंहदीपुर एवं बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय बसैयाहार के टीम विजेता बनी, खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने बताया कि सभी विजेता खिलाड़ी 10 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक चलने वाली जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक योगेंद्र सिंह चौधरी,खेल शिक्षक लाल सिंह दोहरे, अजय प्रताप सिंह खो खो शिक्षक,नब्लॉक के खेल अनुदेशकों ने पूर्ण शुचिता के साथ संपन्न कराए, बच्चों की इस खेल प्रतियोगिता में प्राथमिक शिक्षक संघ महेवा अध्यक्ष पवन यादव, मंत्री डॉ. मनोज कठेरिया, उपाध्यक्ष चन्द्र जीत सिंह,जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार राजपूत, जूनियर शिक्षक संघ महेवा के अध्यक्ष सुधा राजपूत, राजेश कुमार प्रधानाध्यापक महेवा, नीरज सिंह दोहरे शिक्षक चिंडौली, आलोक कुमार दोहरे शंकुल शिक्षक बिरहीपुर,आलोक तिवारी प्रधानाध्यापक पेवली आदि शिक्षकों ने सहयोग प्रदान कर प्रतियोगिता को संपन्न कराया,इसके लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटरों का किया अनावरण



भास्कर ब्यूरो

आगरा। टीवीएस मोटर ने शहर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ ऑन-रोड रेंज से युक्त नई टीवीएस आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर सीरीज को आगरा में लॉन्च किया। ये स्कूटर कई इंटेलीजेन्ट कनेक्टेड फीचर्स के साथ आते हैं जैसेह्लह्ल टीएफटी टचस्क्रीन और क्लीन यूआई, इन्फीनिटी थीम पर्सनलाइजेशन, वॉइस असिस्ट और टीवीएस आईक्यूब एलेक्सा स्किल सेट, सहज म्युजिक प्लेयर कंट्रोल, ओटीए अपडेट, प्लग-एण्ड-प्ले कैरी के साथ चार्जिंग, वाहन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े नोटिफिकेशन, मल्टीपल ब्लूटुथ और क्लाउड कनेक्टिविटी के विकल्प और 32 लीटर का स्टोरेज स्पेस आदि टीवीएस मोटर की भरोसेमंद एवं आधुनिक इंजीनियरिंग क्षमताओं से लैस टीवीएस आईक्यूब को अच्छी तरह जांच के बाद डिजाइन किया गया है, जो मजबूत नेटवर्क सपोर्ट, रिलेशनशिप मैनेजर और समग्र डिजिटल इकोसिस्टम के साथ आता है। मनु सक्सेना सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट फ्यूचर मोबिलिटी, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, ह्यह्यटीवीएस आईक्यूब की नई आकर्षक सीरीज बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को ज्यादा विकल्प देती है।

सीकरी घूमने आए सैलानी का मोबाइल लूटा

फतेहपुर सीकरी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे सोमवार शाम कोरई टोल के निकट सीकरी भ्रमण कर लौट रहे सैलानी का मोबाइल लूटकर अज्ञात बाइक सवार फरार हो गया, वही सूचना पर पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने अज्ञात बाइक सवार का पीछा भी किया लेकिन बाइक सवार हाथ नहीं लग सका जानकारी के अनुसार सैलानी शाहरुख मिर्जा पुत्र मोहम्मद हुसैन मिर्जा निवासी सुरत सोमवार शाम अपने परिवारीजनों के साथ सीकरी भ्रमण करने आया था, घूमने के पश्चात वह ओटो से आगरा लौट रहे थे ,शाहरुख ऑटो में आगे बैठा हुआ था और अपने मोबाइल में ट्रेन का स्टेटस चेक कर रहा था इसी दौरान हाईवे पर पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने ऑटो में हाथ मार कर शाहरुख के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगा। पीड़ित ने घटनास्थल से थोड़ी ही दूर खड़ी पीआरबी पर तैनात पुलिसकर्मियों को घटना की

भारत स्काउट्स गाइडस का 72वां स्थापना दिवस मनाया

भास्कर ब्यूरो

फतेहपुर सीकरी। विकास खण्ड फतेहपुर सीकरी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय चौमा शाहपुर में संचालित बाजपेई स्काउट दल एवं अरुणिमा गाइड कंपनी के स्काउट गाइड द्वारा विद्यालय के यूनिट लीडर लाखन सिंह जिला स्काउट मास्टर के साथ भारत स्काउट और गाइड का 72वां स्थापना दिवस मनाया गया।स्थापना दिवस के उपलक्ष में लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

जिला स्काउट मास्टर लाखन सिंह ने बताया कि हर वर्ष 7 नवंबर को स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। विश्व स्तर पर स्काउटिंग की स्थापना का श्रेय लार्ड बेडेन पावेल को जाता है तथा भारत में पंडित राम बाजपेई, मदन मोहन मालवीय, हृदयनाथ कुंजरू, एनी बेसेंट आदि महापुरुषों को जाता है।

ग्राम बसैयाहार में स्वच्छता अभियान को पलीता लगाया जा रहा

बकेवर/इटावा, भास्कर ब्यूरो। स्वच्छ भारत की असल तस्वीर देखना हो, तो महेवा विकासखंड के ग्राम पंचायत विधि पुरा के गांव बसैयाहार आना होगा। ज्यादातर गांवों के प्रवेश के रास्ते पर ही पानी भरा है। बारिश का मौसम समाप्त होते ही गांव की गलियों में भरे कीचड़ ने मुसीबत खड़ी कर दी है। संपूर्ण स्वच्छता अभियान की चौंकाने वाली हकीकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों स्वच्छ भारत-स्वच्छ गांव को लेकर अगस्त में अभियान चलाया गया था। ग्राम पंचायत स्तर पर सफाई कर्मियों की टोली बनाकर गांवों की साफ-सफाई कराने का दावा ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा किया गया। गांव बसैयाहार में दलित बस्ती का हाल गली में लवलवाता कीचड़ बता देगा।ग्राम वासियों ने कई वार वीडीओ महेवा और तहसील दिवस में शिकायत करने के वाद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। ग्राम वासी कई वार नाली निर्माण की शिकायत कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है ग्राम वासी राजेश दोहरे हेतराम दोहरे नरेंद्र दोहरे सोनू, पंकज कुमारी सुमन, रिंकी अजय दोहरे, मंजू देवी मंजीश दोहरे दयाराम दोहरे उदय सिंह प्रदीप मदन साधु लोचन राधे श्याम ओमकार शुक्ला गुड्डी देवी राजीव ने संयुक्त रूप से ग्राम वासी राजेश दोहरे के द्वारा कई बार तहसील दिवस में शिकायत की गई लेकिन सचिव और प्रधान के द्वारा कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम वासियों का आरोप है कि गांव की कीचड़ युक्त गलियों तथा ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की लापरवाही के चलते आज तक स्वच्छता अभियान को पलीता लगाया जा रहा है।

पुलिस ने चोरी गई मोटर साइकिल को बरामद किया

बकेवर/इटावा। बकेवर थाना के कस्बा से रात्रि में मकान के बाहर गली में खड़ी बाइक सुबह की भोर चोरी हो गई थी पुलिस ने भरथना रोड स्थित नेशनल हाइवे पर ओवरब्रिज खत्म होते ही इटावा की ओर बाइक को बरामद किया। कस्बा बकेवर के किदवई नगर निवासी बादशाह के दमाद संजीव कुमार शाम के ससुराल में आया हुआ था घर के बाहर गली में बाइक खड़ी हुई थी शाम को बाहर निकले तो बाइक गायब मिली जिसकी शिकायत थाना पुलिस को कर दी गई थी। पुलिस ने बाइक बरामद कर सुपुर्द कर दी गई वहीं वायरल वीडियो में चोर ने खुद कबूला बाइक चोरी पुलिस ने सांतर चोर को गिरफ्तार करने के बाद आखिर क्यों छोड़ दिया गया। वायरल खबर के मुताबिक चोर को नशेड़ी प्रवृति के होने के चलते पुलिस ने छोड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक पहले भी बाइक चोरी जैसी घटनाएं घटित कर चुका है।

किशोर दिवस पर छात्रों को पढ़ाया जागरूकता का पाठ

आगरा। सोमवार को आईएपी चाइल्ड एंड एडोलिसेंट हेल्थ केयर वीक सीएएचसी डब्ल्यू 2022 के अंतर्गत मित्रवत किशोरावस्था की देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संबंधित कार्यक्रमों के प्रथम दिवस पर रतन मुनी जैन इंटर कॉलेज लोहामंडी आगरा पर किशोर एवं किशोरी छात्र-छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किशोरावस्था दिवस एवं स्वस्थ जीवन शैली दिवस के अंतर्गत इसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष आईएपी आगरा डॉक्टर सुनील अग्रवाल ने स्वास्थ्य के लिए अनुचित एवं जंक फास्ट फूड के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया आगरा आइए पी के सचिव डॉक्टर संजीव अग्रवाल ने अटेंशन स्पैन एकाग्रता में आजकल आ रही कमी के कारणों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि किस प्रकार से इसको सामान्य किया जा सकता है उपाध्यक्ष डॉक्टर अरुण जैन ने मोटापे से संबंधित बीमारियों पर चर्चा की कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनीष सिंह ने आजकल किशोरों में बढ़ रही हिंसात्मक प्रवृत्ति के बारे में व उपायों के बारे में बताया डॉ. प्रीति जैन ने मोबाइल की आदत इसकी बुरी लत इसके दुष्प्रभाव पर चर्चा की आगरा आई एपी के अध्यक्ष डॉ संजय सक्सेना ने किशोरावस्था में उपयोग में आने वाली वैक्सीन के बारे में विस्तार से बताया व यह जागरूक किया कि किस प्रकार से टीकाकरण द्वारा द्वारा अपने को सुरक्षित रखा जा सकता है कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य डॉ स्वाति द्विवेदी द्वारा सफल रुप से किया गया इस दौरान प्रधानाचार्य शर्मा व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार में मारी टक्कर, घायल

भास्कर ब्यूरो

फतेहपुर सीकरी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे आगरा जयपुर मार्ग ग्राम जाजऊ मोड़ पर आगरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मजदूर में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु भेचते हुए कार को हिरासत में लिया है।

घटना मंगलवार की है सीकरी के ग्राम मलिकपुर निवासी महिपाल पुत्र गुलाब सिंह नित्य की भांति अपने मोटरसाइकिल से आगरा फैक्ट्री में मजदूरी करने जा रहा था ,जाजऊ मोड़ पर जैसे ही वह हाईवे क्रॉस कर रहा था तभी आगरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार संख्या यूपी 81 वीटी 8823 ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर हाईवे पर गिर पड़ा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एसएन मेडिकल कॉलेज भेजते हुए कार को हिरासत में लिया है।

एसडीएम व खनन विभाग की टीम को देखकर भाग गए खनन माफिया

भास्कर ब्यूरो

उदी/इटावा। मिट्टी के अबैध खनन की शिकायत की सूचना पर पहुंचे सदर एसडीएम के साथ खनन विभाग की टीम को देख खनन कर रहे माफिया मौके से भाग गए। अफसरों ने एक जेसीबी सहित चार ट्रैक्टर ट्रॉली सीज की। इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मानिकपुर विशु की बीहड मे बनी गौशाला के पास बीती बीती रात खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी से मिट्टी का अबैध खनन किया जा रहा था। अवैध खनन की सूचना पर सदर एसडीएम विक्रम सिंह राघव, व खनन अधिकारी प्रदीप कुमार राज, सहित इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंचे अधिकारियों व पुलिस को आता देख खनन माफिया एक जेसीबी मशीन व चार ट्रैक्टर ट्रॉली छोडकर मौके से फरार हो गए। खनन अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी व चारों ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे लेकर सीज कर दिया गया। सदर एसडीएम ने बताया कि बीती रात इकदिल थाना क्षेत्र में मिट्टी के अबैध खनन की सूचना पर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर एक जेसीबी मशीन व चार ट्रैक्टर ट्रॉली को पकडकर सीज कर दिया गया है। और कहा कि किसी भी तहत से अबैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जऐगा। कार्रवाई के दौरान थाना इकदिल के मानिकपुर विशु चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह, खनन विभाग के बाबू विनोद, के साथ भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

केंद्रीय वस्तु एंव सेवाकर सीजीएसटी आगरा जोन अधिकारियों की टीम की चेकिंग

भास्कर ब्यूरो

उदी/इटावा। केंद्रीय वस्तु एंव सेवाकर आगरा जोन के सीजीएसटी अधिकारियों की टीम द्वारा सीमा में प्रवेश करने वाले वस्तु एवं सेवाओं की सप्लाई वाले वाहनों को लेकर संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपद में केंद्रीय वस्तु एंव सेवाकर सीजीएसटी आगरा जोन अधिकारियों की टीम द्वारा सीमा में प्रवेश करने वाले वस्तु एंव सेवाओं को सप्लाई वाले छोटे एवं बडे वाहनों के ईवे बिल के साथ प्रपत्रों की जाँच की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार की बीती रात बढपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा उदी मोड चौराहे पर मध्यप्रदेश की ओर से आने वाले वस्तु एंव सेवा कर के वाहनों को लेकर संघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान माल वाहक वाहनों के ईवे बिल के साथ माल संबंधित सभी प्रपत्रों की जाँच की गई। इस दौरान सीजीएसटी के अधिकारी निरीक्षक अजय सोनकर ने बताया कि टैक्स चोरी करने वाले वाहनों की हमारी आगरा जोन सीजीएसटी की टीम द्वारा सीमा में प्रवेश करने वाले केंद्रीय वस्तु एंव सेवाकर सप्लाई वाले वाहनों के प्रपत्रों की जाँच की जा रही है। और यह चेकिंग अभियान में निरंतर करीब तीन महीने तक चलेगा। और हमारे जोन करीब नौ जिले लगते है उन सभी जनपदों में यह अभियान चलाया जा रहा। चेकिंग अभियान के दौरान सीजीएसटी निरीक्षक कपिल कुमार, अनुराग सोनी, सतीश कुमार सिंह, व उनकी टीम मौजूद रही।

फोटो-01 चेकिंग करती सीजीएसटी अधिकारियों की टीम।

क्षमता से अधिक भार होने पर काटे गए वाहनों के चालान

उदी/इटावा। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में परिवाहन विभाग द्वारा चेकिंग की गई। अभियान में छोटे बडे वाहन सहित करीब तीन दर्जन काटे चालान। मंगलवार को परिवाहन विभाग के अधिकारी एआरटीओ बृजेश यादव द्वारा जनपद के थाना भर्थना, बकेवर, इकदिल, और थाना बढपुरा सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में ओवरलोड, बगैर टैक्स परमिट, एवं सीटबेल्ट, हेलमेट को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में तीन माल वाहक वाहनों के क्षमता से अधिक भार होने पर उन पर चालान की कार्रवाई की गई। तो वहीं परमिट ना होने पर एक वाहनों को सीज कर दिया गया। इसके अलावा चार पहिया वाहनों पर सीटबेल्ट ना लगाने पर चालानी कार्रवाई की गई। तो वहीं दो पहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाने वालों के चालान काटे गए। इस कार्रवाई मे सभी छोटे बडे वाहन सहित करीब तीन दर्जन वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है।

सिद्ध शनि धाम मंदिर की स्थापना दिवस पर निकली शोभा यात्रा

भास्कर ब्यूरो

इटावा। शहर के ग्वालियर रोड स्थित सिद्ध शनि धाम मंदिर की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को 12 वीं भव्य शनि शोभायात्रा शहर में निकाली गई। शोभायात्रा में एक दर्जन से ज्यादा देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल थी। शहर में जगह-जगह आरती पूजन व पुष्प बरसा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में भगवान शनि देव के जयघोष गुंजायमान होते रहे। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में भव्य भंडारा भी आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सुबह भगवान शनिदेव का मंदिर का महंत चंद्रभान जौहरी ने तैलाभिषेक के साथ हवन पूजन कर विशेष श्रृंगार किया गया। शहर के रामलीला मैदान से शनि शोभायात्रा शुरू हुई। पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, महंत चंद्रभान जौहरी व कार्यक्रम संयोजक नितिन चतुवेर्दी ने न्याय के देवता भगवान शनि देव की आरती उतारी। रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा सिंधी मार्केट, तहसील चौराहा, बजाजा लाइन, नगर पालिका चौराहा, पचराहा, छैराहा, टीटी तिराहा होती हुई शनि धाम मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई। यहां पर भी शनि देव की आरती उतारी गई। शोभायात्रा में भगवान गणेश, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, राम दरबार, माता दुर्गा, माता काली, माता सरस्वती के साथ अन्य देवी-देवताओं की झांकियां भी शामिल थी। अंतिम रथ पर न्याय के देवता भगवान शनिदेव विराजमान थे। यात्रा के मार्गों पर शनिदेव की जगह जगह आरती उतारी गई। वही ढोल नगाड़ों के साथ बैंड व ईको साउंड पर भक्त गीतों की स्वर लहरियां गुंजायमान हो रही थी। शोभा यात्रा को संपन्न कराने में बलराम दुबे, ऋषिकांत चतुवेर्दी, विवेक पांडे, अनुज यादव, आनंद छुगानी, रोहन वर्मा, नीलाभ अग्रवाल, विशाल अग्रवाल ने सहयोग प्रदान किया।

डेंगू को लेकर स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। रोजाना दर्जनों की संया में मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। घर-घर लोग बुखार की चपेट में हैं। जिला व सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। इसी के चलते शासन के निर्देश पर अपर नगरायुक्त अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

बिलारी पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, अपराधियों की संपत्ति कुर्क

उपज़िलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में कार्रवाई

भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। दोपहर के समय उपजिला अधिकारी राज बहादुर सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलजा मिश्रा व थाना अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा थांवला निवासी अरशद पुत्र मोहम्मद शफी की बिलारी नगर के मोहल्ला ठाकुरान में मौजूद संपत्ति वा मुस्लिम पुत्र मजीद निवासी थांवला की थांवला में मौजूद संपत्ति को 14 ए गिरोह बंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप अधिनियम के तहत प्रमुख तौर पर गोकशी के आरोपित होने के कारण संपत्ति को कुर्क किया।

दोपहर लगभग तीन बजे उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी वा बिलारी कोतवाली के पुलिसकर्मी मोहल्ला ठाकुरान के अहाते पर पहुंचे। जहां अरशद पुत्र मोहम्मद शफी के मकान को सील किया, वहीं मौजूद दुकान में किराएदार को बाहर निकाल दुकान को भी मौके पर ही सील कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में लोगों का जमावड़ा लग गया। पुलिस द्वारा एलानिया तौर पर ढोल बजाकर एवं माइक से जन सूचना पहुंचाते हुए इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया । इस घटनाक्रम के बाद प्रशासनिक अमला थांवला ग्राम की तरफ चल दिया जहां पहुंचकर मुस्लिम पुत्र मजीद के आवास पर सूचना प्रसारित की एवं मकान में मौजूद लोगों को बाहर निकाल कर मकान में मौजूद कमरों दालान व मुख्य द्वार को सील कर दिया। मकान में मौजूद महिलाएं बेबसी के आंसू बहा रही थी जिस पर उप जिलाधिकारी राज बहादुर सिंह ने उनसे कहा कि घर के युवकों से कहो की अपराध ना करें अपराधियों का जीवन बर्बादी के अलावा और कुछ नहीं देता। आपको बताते चलें कि मुस्लिम पुत्र मजीद कई मुकदमों में वांचीत है जिसके चलते बीती ग्यारह सितंबर की सुबह को पुलिस ने मुस्लिम का एनकाउंटर कर गिरफ्तार किया था। इस घटनाक्रम में मुस्लिम को पैर में गोली लगी थी।

मो. ठाकुरान में संपत्ति को कुर्क कर सील करता प्रशासनिक अमला।

कस्बा बिलारी एवं थांवला स्थित संपत्तियां 14-ए गिरोह बंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप के अंतर्गत मुख्य तौर पर गोवंश के आरोपियों की संपत्तियों को सक्षम अधिकारिता से प्राप्त आदेशों का निर्वहन हेतु कुर्क किया गया है

पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलजा मिश्रा,

अरशद पुत्र मौ शफी एवं मुस्लिम पुत्र मजीद थांवला निवासी की संपत्तियां 14-ए गिरोहबंद असामाजिक क्रियाकलापों के चलते कई मुकदमों में वांचीत होने के कारण मुख्य तौर पर गोकशी में दर्ज मुकदमों के चलते कुर्क की गई है।



उपज़िलाधिकारी राजबहादुर

कार्तिक पूर्णिमा: श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

भास्कर ब्यूरो,

डिलारी। क्षेत्र के गांव गक्खरपुर,र फायतपुर,जयनगर,नीला कुण्डा में कार्तिक पूर्णिमा की धूम रही। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान का एक विशेष महत्व है। इस दिन दान करना स्वर्ग का रास्ता खोलने के बराबर माना जाता है।

कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान पर लाखों लोगों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। आधी रात से ही गंगा में स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। भोर होते ही स्नान के लिए गंगातट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर गंगे के जयघोष से घाट गूंज उठे। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान लाखों से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया। गंगा। हर ओर श्रद्धालुओं के सिर ही सिर दिखाई पड़ रहे थे। स्नान के दौरान हर-हर महादेव, जय मां गंगा के उद्घोषों से स्नान घाट भी गूंज उठे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर पूजा कर पुरोहितों को दक्षिणा दी। गंगा तट पर आस्था और मौज मस्ती का संगम देखा गया। युवाओं ने गंगा जल में अठखेलियां की। महिलाएं भी स्नान करने में किसी से पीछे नहीं रही। महिलाओं ने एक दूसरी महिला का हाथ पकड़ कर गंगा में डुबकी लगाई। बच्चों ने परिवार सहित गंगा में स्नान किया। गंगा स्नान के बाद लोगों ने उड़द दाल की खिचड़ी खाई। एक दूसरे को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।

राणा शुगर मिल से ट्रैक्टर चोरी, दी तहरीर

भास्कर ब्यूरो, भोजपुर। पुलिस ने थाना मूंढापांडे के गांव हिरनखेड़ा निवासी किसान खेमपाल पुत्र हरिराम की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ ट्रेक्टर चोरी कर ले जाने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किसान का कहना है कि गांव का सुनील कुमार पुत्र प्रेमपाल सोमवार को ट्रेक्टर ट्राली में गन्ना लादकर राणा शुगर मिल बेलबाड़ा गया था। रात को करीब साढ़े 9बजे चालक ट्रेक्टर ट्राली को गेट पर खड़ा करके मिल में गन्ने की पर्ची बनवाने चला गया। चालक कुछ देर बाद वापस लौटा तो ट्रेक्टर गायब था और ट्राली मौके पर खड़ी थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी ट्रेक्टर का पता नही चला। पुलिस ने किसान की तहरीर पर अज्ञात वाहन चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस संबंध में कुछ लोगों को थाने में लाकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी संजय पांचाल ने शीघ्र ही चोर को पकड़ कर ट्रेक्टर बरामद करने की बात कही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत

भास्कर ब्यूरो,

मूंढापांडे। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मुरादाबाद- बरेली नेशनल हाईवे जीरो प्वॉइंट लक्ष्मीपुर कट्टई टाटा मोटर्स से काम करके अपने घर मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे टाटा मोटर्स के कर्मचारी की बाइक में तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारदी, जिसके बाद वाहन चालक मोटरसाइकिल सवार दान सिंह 37 वर्ष पुत्र सोमपाल निवासी वूजपुर मान थाना मूंढापांडे को अपने वाहन के निचे फसे घायल को रोड पर पांच सौ मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, मौके के चश्मदीद राहगीरों ने बताया कि हाइवे पर सड़क मरम्मत का काम चल रहा है, सड़क की मरम्मत करने वालों ने जगह - जगह सड़क को खोद रखा है जिस कारण दर्जनों बाइक सवार फिसलकर जख्मी हो चुके है,सड़क पर बने गड्ढो की वजह से ही बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन से टक्कर हुई है,बताया गया है कि घटना बीती

मृतक का फाइल फोटो

मंगलवार देर रात लगभग दस बजे कि है, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बुरी तरहा से घायल हुए दान सिंह को रोड से उठाकर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया था जंहा पर इलाज के दौरान दान सिंह ने अपना दम तोड़ दिया है,जिसके बाद पुलिस ने दान सिंह के परिवार वालो को दान सिंह की सड़क हादसे में मौत की सूचना दी, मौत की खबर सुनकर दान सिंह के परिजनों में कोहराम मच गया है, दान सिंह अपने परिवार में पत्नी ममता , बेटी शगुन 8 वर्ष, बेटा पुनीत 5 वर्ष , सुमित 3 बर्ष को रोता बिलखता हुआ छोड़ गए है, पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए हाइवे किनारे लगे सीसी टीवी फुटेज खंगालने सुरु कर दिये है जिससे के एक्सीडेंट में सामील अज्ञात वाहन की पहचान हो सके।

पुलिस ने घर में भैंस का कटान करते तीन को पकड़ा

भास्कर ब्यूरो,

भोजपुर। थाना क्षेत्र अवैध रूप से पशुओं का कटान करने की हब बना हुआ है। मांस व्यापारी कस्बे के मोहल्ला जामा मस्जिद एवं गुलाबबाड़ी एवं रसूलपुर नंगला खेम में घरों में प्रतिदिन सैकड़ों पशुओं का कटान कर आसपास के गांवों, उपनगरों एवं उत्तराखंड तक मांस की सप्लाई बेरोकटोक कर रहे हैं। पुलिस कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर माननीय हाईकोर्ट का हवाला देकर आरोपियों को थाने से ही जमानत पर रिहा कर देती है। आरोपित अगले ही दिन अपने कारोबार में लग जाते हैं।

मंगलवार को उप निरीक्षक अफजाल अहमद खां ने पुलिस बल को साथ लेकर मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी मांस व्यापारी के घेर में छापेमारी कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर मौके से तीन कटी हुई भैंस एवं 2 जिंदा भैंस 2कटरे बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम तंजीम कुरैशी पुत्र हारून,शाहबेज पुत्र हनीफ एवं मुन्ना कुरैशी पुत्र जरीफ निवासी मोहल्ला जामा मस्जिद बताया। पुलिस ने मौके से मांस काटने में प्रयुक्त 3 कुल्हाड़ी, 4 छुरी, लकड़ी का गुटका,रस्सी एवं इलेक्ट्रानिक्स कांटा बरामद कर सील कर दिया। पुलिस ने बरामद मांस की पशु चिकित्साधिकारी से जांच कराई तो उन्होंने मांस के भैंस का होने की पुष्टि की। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज कर थाने से ही जमानत पर रिहा कर दिया। उच्चाधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने मांस पर फिनायल डालकर ढेला नदी के किनारे जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर दबा दिया।

सौ रुपए में मिलते हैं फैक्ट्री से मांस खरीदने के बिल

भोजपुर। घरों में पशुओं का अवैध रूप से कटान करने वाले मांस व्यापारियों को कुरैशी बिरादरी का तथकथित नेता मात्र सौ रुपए में बरेली एवं संभल क्षेत्र में मांस बेचने के लिए अधिकृत मांस फैक्ट्रियों के नाम का बिल थमा देता है। घरों में पशुओं का कटान करने वालों से मांस खरीदने के बाद मांस के छोटे व्यापारी नेताजी से सौ रुपए में बिल लेकर आसपास के गांवों एवं दूरदराज के इलाकों में जाकर फुटकर में मांस बेचते हैं। पूरी जानकारी होने के बाद भी पुलिस फर्जी बिल उपलब्ध कराने वाले नेता के खिलाफ कार्रवाई करने से कतराती है।

डेंगू को लेकर चलाया विशेष सफाई अभियान

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। डेंगू को लेकर स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। रोजाना दर्जनों की संख्या में मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। घर-घर लोग बुखार की चपेट में हैं। जिला व सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। इसी के चलते शासन के निर्देश पर अपर नगरायुक्त अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा फागिंग व एंटी लार्वा का स्प्रे भी करवाया गया। अपर नगरायुक्त ने मौका मुआयना कर फागिंग व एंटी लार्वा स्प्रे का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अपील की कि घरों के अंदर कूलर व गमलों में पानी इकट्ठा न होने दें। उन्होंने बताया कि लगातार फागिंग व एंटी लार्वा का स्प्रे कराया जा रहा है।

सार सुर्खियां

किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

ठाकुरद्वारा । नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनावाला जब्दी निवासी एक ग्रामीण ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 31 अक्टुबर की दोपहर 12 बजे घर से ग्राम दारापुर जाने की बात कहकर निकली थी। शाम तक उसके वापस न आने पर उसकी सभी जगह तलाश की गई लेकिन वह नही मिली।लड़की पक्ष का कहना था कि बाद में उन्हें विश्वस्त सूत्रों से पता चला कि उनकी पुत्री को मोनिस पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम सरकी करीम पुर थाना भोट रास्ते से ही बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मौहम्मद कैफ ने वेट लिफ्टिंग में मारी बाज़ी

बिलारी। देहरादून में द्वितीय गढवाल पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप कि एक स्टेट लीग का आयोजन हुआ जिसे 2012 की ओलम्पियन और भारत की प्रथम फीमेल द्रोणाचार्य अवॉर्डी हंसा शर्मा द्वारा आयोजित कराया गया इस प्रतियोगिता में पुरुषों के लिए आठ व महिलाओं के लिए चार श्रेणीयां रहीं जिसमें बिलारी से प्रतिभाग करने पहुचे मौ कैफ 74 किलो की श्रेणी में सम्पूर्ण विजेता रहे जिसमें उन्होंने बैन्च प्रेस मे 100 किलो कि बैन्च लगाई और डैड लिफ्ट में 185 किलो कि डैड लगाकर दोनों मे गोल्ड हासिल किया और प्रथम रहे जिसके बाद वह बन गए गणवाल पॉवरलिफ्टिंग चैम्पयन कार्य म में विधायक काओ पार्षद,उमंग राज दून महिला शक्ति ट्रस्ट की ट्रस्टी तसनीमा कौसर अधिवक्त । शाइस्ता कौसर,तय्यबा कौसर इत्यादि मौजूद रहे।

दो बाइकों की भिड़ंत में दम्पति घायल

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा । दो बाइको की टक्क र में पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला कालोनी प्रेमपाल (45) पुत्र बिहारी मंगलवार को अपनी पत्नी आशा (40) के साथ अपनी ससुराल ग्राम पाइंदा पुर से अपनी बाइक से ग्राम गोपीवाला अपने घर वापस आ रहा था। इसी बीच ग्राम कमालपुरी के निकट उसकी बाइक को एक अन्य बाइक ने टक्क र मार दी। इस दुर्घटना में पति पत्नी दोनों बुरी तरह घायल हो गए जबकि दूसरी बाइक का चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पँहुची 108 ने घायल दम्पति को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। गंगा स्नान के लिए ग्राम जैतबाड मे गंगा नदी पर आस पास के श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुचे गंगा स्नान से पूर्व सूर्य देवता को जल अर्पण किया जो श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए तिगरी मेला,राजघाट तथा ब्रजघाट नही जा पाये उनहोने अपने घर पर स्नान किया और कुछ श्रद्धालु जैतवाड गंगा नदी पर स्नान करने पहुंचे जिसमे कुतुबपुरअज्जू,चिड़ियाठेर,मोहनपुर, तखतपुर हाशा,जैतपुर पट्टी,चांदपुर मंगोल,वाछलभूड़जैतवाड,आदि गांव के श्रद्धालुओ ने गंगा स्नान किया गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओ ने खिचडी भोज किया।

प्राथमिक विद्यालय के पास लगे मिले गंदगी के ढेर

भास्कर ब्यूरो, डिलारी। विकासखंड डिलारी की ग्राम पंचायत में साफ सफाई व्यवस्था चौपट स्वच्छता मिशन को लगाया जा रहा पलीता आपको बताते चलें कि डिलारी में प्राथमिक विद्यालय सामुदायिक अस्पताल के सामने नाला बंद होने के कारण नाले का गंदा पानी विद्यालय में चला जाता है नाला खोलने को लेकर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने कई बार इसकी शिकायत की लेकिन शिकायत का कोई भी समाधान नहीं हुआ वहीं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि हमारे विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे स्कूल आते हैं नाले में गंदगी के कारण मच्छर पैदा हो रहे हैं जिसके चलते तरह-तरह की बीमारियां पैदा होने का खतरा बना हुआ है वहीं विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि लगभग 3 माह पहले सफाई करने के लिए सफाई कर्मी आया था उसके बाद सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आया जिसकी शिकायत हमने कई बार ग्राम प्रधान और ब्लॉक के अधिकारियों से की, लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया वही स्कूल के शिक्षक ने जल्द ही सफाई कराने की मांग की है जिससे कि उड़ने वाली तरह-तरह की बीमारियों से बचा जा सके।

किसान ने दो चोरों के खिलाफ दी तहरीर

भास्कर ब्यूरो, भोजपुर। मंगलवार को चोर गांव गजरौला सैद की मिलक निवासी किसान अनवार खां पुत्र शरीफ के घर के बाहर दरवाजे पर खड़े पानी के इंजन को चुराकर ले जाने लगे। आहट होने पर किसान की पत्नी जाग गई। उसके शोर मचाने पर चोर इंजन को नहर की पटरी के किनारे खाई में फेंककर गायब हो गए। किसान ने दो चोरों की पहचान पड़ोसी गांव अकबरपुर निवासी आरिफ पुत्र नबाव व जुबैर पुत्र राजेनबी के रूप में की है। किसान ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को नामजद तहरीर दी है।

कैंटर वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

भास्कर ब्यूरो,

भगतपुर। थानाक्षेत्र के ग्राम खैरखाता निवासी 65 वर्षीय शाहिद हुसैन मंगलवार को कुछ सामान खरीदने मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव करनपुर गए थे। लौटते समय दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे गांव मिलक मेवाती के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में शाहिद हुसैन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक कुछ दूरी पर कैंटर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर काफी संख्या में ग्रामीण मिलक मेवाती पर पहुंच गए उन्होंने दलपतपुर मार्ग

जाम कर दिया। सूचना पाकर थाना भगतपुर पुलिस मौके पर पहुंची व ग्रामीणों को समझाया बुझाया। इस दौरान ग्रामीण शव को मार्ग से हटाकर अपने ग्राम खैरखाता ले आए।

इस संबंध में परिजनों ने किसी तरह की कार्रवाई से इनकार किया है। मृतक के पांच पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। मृतक की पत्नी हाजरा सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर राम गंगा के तट पर आस्था का सैलाब उमड़ा।

जयनगर स्थित रामगंगा नदी के घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भोर में ही एकत्र हो गई। श्रद्धालुओं ने स्नान कर राम गंगा घाट पर पूजा अर्चना की हालांकि चंद्रग्रहण के चलते इस बार श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। राम गंगा घाट पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों और महिलाओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। कुछ श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों का राम गंगा घाट पर ही मुंडन भी कराया। कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर पुलिस भी अलर्ट रही। श्रद्धालुओं ने राम गंगा घाट पर पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

जिला पंचायत सदस्य ने फैसला कराने के नाम पर की गर्भवती से मारपीट

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए लाख सख्त कानून बनाएं लेकिन दबंग व्यक्ति जनप्रतिनिधि का चोला पहनकर गुंडागर्दी करने से बाज नहीं आ रहे जिनकी वजह से महिलाओं के ऊपर अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला जनपद मुरादाबाद केक काटघर थाना क्षेत्र के देवापुर का सामने आया है जहां पर एक गर्भवती महिला के साथ जिला पंचायत सदस्य सहित चार लोगों ने जमकर मारपीट की मारपीट में महिला को काफी गंभीर चोटें भी आई हैं जिसकी शिकायत महिला ने थाने पहुंची और चारों आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है

बता दें कि जनपद मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के ग्राम देवापुर निवासी गर्भवती महिला प्रीति ने कटघर थाने पहुंच कर 4 लोगों के खिलाफ एक शिकायती पत्र देकर मामला कटघर थाने पर दर्ज कराया है। आरोप है कि देवापुर निवासी हरिओम काफी समय से महिला प्रीति को आए दिन परेशान करता आ रहा है। जिससे परेशान होकर इसकी शिकायत महिला ने जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह से की तो महिला के मुताबिक जगत सिंह ने महिला और हरिओम को अपने घर बुलाया। जब महिला ने आरोपी की सारी बातें जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह के सामने बताई तो वहां पर दोनों में कहा सुनी शुरू हो गई।

जब महिला ने विरोध किया तो जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह ने आरोपी का पक्ष लेते हुए अपने भाई करण सिंह राम सिंह और हरिओम के साथ मिलकर महिला के साथ जमकर मारपीट कर दी। जिसमें महिला को काफी गंभीर चोटें आई हैं। महिला का आरोप है कि वह गर्भवती है जिसको दबंग व्यक्ति जगत सिंह व उसके साथियों द्वारा महिला के साथ जमकर मारपीट की और धमकी देते हुए उसे वहां से भगा दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला अपने परिवार के लोगों के साथ कटघर थाने पहुंची और चारों लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए एक शिकायती पत्र कटघर थाने देकराय की गुहार लगाई। अब देखना यह होगा कि अब देखना ही होगा पीड़ित महिला को कब तक न्याय मिल पाएगा यह तो आने वाला यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

आवश्यकता है

मदरसा दर्सगाहे आलिया इस्लामिया ,शरीफनगर (मुरादाबाद) के निम्नलिखित पद पर आवश्यक्ता है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन शैक्षिक प्रमाण पत्रों (सत्यापित) सहित रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रकाशन की तिथि से तीन सप्ताह के भीतर मदरसा कार्यालय को प्रेषित करें, विलम्ब से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु रजिसटर्ड डाक द्वारा सूचना दी जायेगी।

मुरादाबाद	रिक्तियां/ आवश्यक्ता है	वेतनमान	आयु	शैक्षिक योग्यता
सहायक आध्यापक/ अध्यापिका तहतानिया (1-5)	1 (एक)पद	सरकार द्वारा निर्धारित	18वर्ष से कम नहीं	आलिम या हाफिज अथवा इंटर परीक्षाउर्दू के साथ पास।

प्रबंधक मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मदरसा मदरसा दर्सगाहे आलिया इस्लामिया,शरीफनगर मुरादाबाद पिनकोड-244602

गंगा स्नान मेले से लौट रहे दो पक्षों में जमकर संघर्ष, दर्जनों घायल

मोरना (एमटी न्यूज)। गंगा स्नान कर वापस लौट रहे एक ही गांव के दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चलने से गांव में भगदड मच गई। दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने एक पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम ढांसरी के संतरपाल व भंवर सिंह दोनों ही पक्ष अपनी भैंसा बुग्गी से तीर्थनगरी शुक्रताल में गंगा स्नान करने के लिए गए थे तथा दोनों ही पक्ष सुबह के समय गंगा स्नान कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। संतरपाल पक्ष का आरोप है कि भंवर सिंह का परिवार उनके परिवार से चुनावी रंजिश रखता है तथा मंगलवार की सुबह सवेरे वह अपनी भैंसा बुग्गी से अपने गांव लौट रहा था, जैसे ही वह गांव खुजेड़ा के करीब पहुंचे तो भंवरसिंह पक्ष के लोगों ने चुनावी रंजिश कहते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिस पर मौके से वह जान बचाकर अपने गांव की ओर भाग निकले लेकिन रास्ते में करीब आधा दर्जन लोगों ने उन्हें घेर लिया व लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। भंवरसिंह पक्ष का आरोप है कि वह शुक्रताल गंगा स्नान मेले में स्नान करने के लिए गए थे तो मेले में भैंसा बुग्गी खड़ी करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया तथा दूसरे पक्ष ने देख लेने की धमकी दी थी। जिस पर वह मंगलवार की सुबह गंगा स्नान कर अपने गांव लौट रहा था कि रास्ते में दूसरे पक्ष के लोगों ने खुजेड़ा गांव के पास करीब आधा दर्जन लोगों ने घेर लिया तथा लाठी-डंडों व धारदार हथियार

से हमला कर दिया, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए तथा घायलों को भोपा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर हालत गंभीर के चलते डश्वक्टरों ने घायलों को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया था, जहां पर दो की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों ही पक्षों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है। थानाध्यक्ष ककरौली जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर भंवरसिंह पक्ष पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मन्दिर के दान पात्र से चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर पुलिस ने किया खुलासा

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर मन्दिर के दान पात्र से चोरी की घटना का सफल अनावरण। 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किए गए शत-प्रतिशत 8846/ रूपये पुलिस ने किए बरामद शातिर चोर की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विनीत जायसवाल के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा, 24 घण्टे के अन्दर मन्दिर के दानपात्र से चोरी की घटना का खुलासा करते हुए,पुलिस ने चौकिंग के दौरान 01 चोर सोनू वर्मा उर्फ उमंग पुत्र स्व0 नरेशचन्द वर्मा निवासी रुडकी, हरिद्वार, उत्तराखंड को टाउन हाल के पास से गिरफ्तार किया गया। जिस के कब्जे से दान पात्र से चोरी की गयी धनराशि 8846/-रुपये बरामद हुए। आरोपी के द्वारा पूछताछ में नशे का आदि बताया और नशा करने के उद्देश्य से चोरी की घटना करता है ये बताया।

उपचुनाव की घोषणा होते ही सबकी निगाहें खतौली सीट पर जमी

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। उपचुनाव की घोषणा होते ही सबकी निगाहें खतौली सीट पर जम गई है। हर कोई जानना चाहता है कि विक्रम सैनी के बाद इस सीट पर कौन काबिज होगा और इस बार उपचुनाव में बीजेपी किसको मैदान में उतारने वाली है। चर्चाओं का बाजार तो यहां तक गर्म है कि विक्रम सैनी के आउट होने के बाद पार्टी हाईकमान अब उनकी बीवी राजकुमारी या फिर उनके बेटे प्रभात सैनी को राजनीति की पिच पर उतारने पर विचार कर रही है। कवाल कांड की वजह से निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी ने राजनीतिक बुलंदियों को छुआ था, लेकिन उसी कवाल कांड के दंश ने उन्हें ऐसा डुबाया कि दूसरी बार विधायक बनने के महज 7 माह के अंदर उनकी सदस्यता रद्द करा दी। उनकी विधायकी जाते ही खतौली विधानसभा सीट को लेकर सियासी आस्तीनें चढ़ने लगी। एक तरफ जहां बीजेपी द्वारा विक्रम सैनी की बीवी

या उनके बेटे को चुनाव मैदान में उतारे जाने की अटकलें तेज हो गई हैं, वहीं दूसरी तरफ विक्रम सैनी की टिप्पणी के बाद रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी समेत कार्यकर्ताओं ने खतौली में डेरा डाल लिया है। 15 नवंबर को खतौली में जयंत चौधरी का रोड शो है, जिस पर बीजेपी ने पैनी नजर गड़ाई हुई है। कई और भी हैं दावेदार ।भले ही उपचुनाव में विक्रम सैनी की बीवी या फिर उनके बेटे को मैदान में उतारे जाने की चर्चाएं चल रही हो, लेकिन इन सबके बीच निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी की कुर्सी को कब्जाने के लिए कई दावेदार भी सामने आए हैं, जिनमें पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेंद्र सैनी और पहले भी खतौली सीट से चुनाव लड़ चुके सुधीर सैनी शामिल हैं। विपक्ष भी कस रहा कमर, एक तरफ जहां बीजेपी में खतौली सीट पर दावेदार को लेकर पार्टी में कशमकश चल रही है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष भी इस सीट को हथियाने की फिराक में है और गुणा-घटा करने में लगा हुआ है। पहले बेटे की जमानत जब्त कराने और फिर विक्रम सैनी से करारी शिकस्त का सामने कर चुके पूर्व सांसद राजपाल सैनी भी सपा-रालोद गठबंधन के टिकट पर इस कतार में दोबारा से है। हालांकि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमा नागर, अभिषेक गुर्जर और संजय राठी के नाम भी सामने आए हैं।

विश्व उर्दू दिवस की पूर्व संध्या पर मेधावियों का सम्मान

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। यू0डी0ओ0 ने सादात हॉस्टिल में किया आयोजन, वक्ताओं ने उर्दू को भारत की साझा विरासत बताया मुजफ्फरनगर-उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने अल्लामा इकबाल के जन्म दिवस के उपलक्ष में विश्व उर्दू दिवस की पूर्व संध्या पर सादात हॉस्टिल में शानदार उर्दू सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता डॉ0 शमीमुल हसन और संचालन कलीम त्यागी ने किया। यहां उर्दू के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा उर्दू की खिध्दमात के लिए देश के वरिष्ठ पत्रकार वदूद साजिद, लेखक इरफान अली व उर्दू शिक्षक आबिद अली को विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देश के नामी वरिष्ठ पत्रकार वदूद साजिद रहे, जिन्हें उनके उर्दू प्रचार और पत्रकारिता सेवाओं के लिए मौलवी मौ0 बाकर अली पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने संगठन को धन्यवाद देते हुए कहा कि उर्दू न केवल एक भाषा है, बल्कि भारत की सभ्यता और साझा विरासत भी है। उर्दू के विकास के लिए उन्होंने कहा कि बैसाखी का सहारा लेने के बजाय खुद ही कदम उठाने होंगे। लेकिन हमें निराश होने की जरूर।

श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। जनपद में मंगलवार को धन-धन साहिब श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम परसों रोज से रखे श्रीअखंड पाठ साहिब की समाप्ति की गई। इसके बाद विशेष दीवान सजाया गया। जिसमें हजूरी रागी जत्था सरदार वीरेंद्र सिंह पंछी, रुड़की रोड गुरुद्वारे का हजूरी रागी जत्था, नुमाइश कैंप का हजूरी रागी जत्थे और गुरु गोविंद सिंह स्कूल के बच्चों ने भी कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। कीर्तन के बाद ज्ञानी जोगा सिंह और ज्ञानी हरजीत सिंह ने गुरु नानक देव के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। किरत करो, नाम जपो, वांड छको के बाद विशेष तौर से लुधियाना पंजाब से

आए ज्ञानी सरबजीत सिंह ने बहुत ही गुणकारी कथा के माध्यम से संगत को निहाल किया। इस मौके पर गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार गुरचरण सिंह बराड़ और सेक्रेटरी सरदार रणजीत सिंह राजपाल द्वारा सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और गले में सरोपा डाला गया। इस उपलक्ष पर एचडीएफसी बैंक द्वारा ब्लड डोनेट कैंप भी लगाया गया जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने ब्लड डोनेट किया ,कार्यक्रम में गुरु सिंह सभा द्वारा विशेष निमंत्रण पर लक्ष्मी नारायण मंदिर, गोलक धाम मंदिर, माता वैष्णो देवी मंदिर के पदाधिकारी, व्यापार मंडल, राजनीतिक पार्टियों के नेता, सभासद गण, औद्योगिक क्षेत्र के पदाधिकारी के साथ-साथ केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान और मंत्री कपिल देव अग्रवाल मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं नें लगायी आस्था की डुबकी

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुकतीर्थ गंगा घाट पर पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी माँ गंगा में, स्नान कर धर्म लाभ कमाया,इस दौरान सुरक्षा के लिये पुलिस भी भारी संख्या में मौके पर तैनात रहा। महाभारत कालीन तीर्थ शुकतीर्थ में मंगलवार की सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गंगा घाट पर पहुँची जहाँ उन्होंने गंगा में स्नान किया। खिचड़ी के प्रसाद को ग्रहण किया साथ ही अनुष्ठान कर दान किया। इस दौरान प्रसिद्ध शुकदेव आश्रम, हनुमतधाम, गणेश धाम, तिलकधारी आश्रम, शिवधाम, गायत्री धाम, पार्वती धाम, गौड़ीय मठ, महाशक्ति सिद्ध पीठ, माँ अन्नपूर्णागिरि आश्रम, दण्डी आश्रम आदि आश्रम में जाकर मन्दिरो के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया तथा संतो से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। यातायात को नियंत्रित करने के लिये मोरना, इलाहाबास, फिरोजपुर सहित शुकतीर्थ में अनेक प्वाईंट बनाये गये हैं साथ ही भारी वाहनों का तीर्थ नगरी में प्रवेश बन्द रहा। गंगा घाट पर किसी भी वाहन के प्रवेश को बन्द रखा गया।

तारों के जाल से वार्ड के लोगों को दिलाई निजात

भास्कर ब्यूरों

बुढ़ाना। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 से भारतीय जनता पार्टी से सदस्य पद का चुनाव लड रहे समाजसेवी मुहम्मद इमरान कुरैशी ने मंगलवार के दिन वार्ड नंबर 13 में बरसों से मुंह बाए खडी विद्युत समस्या से वार्ड के लोगों को निजात दिलाई और सभी का दिल जीत लिया। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 13 में काफी समय से जर्जर पडी एक विद्युत लाईन जिसके ऊपर दर्जनों तार वार्ड के एक परिवार के घर में लटके हुए थे। जैसे ही इस बात का पता समाजसेवी मुहम्मद इमरान कुरैशी को लगा तो उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय विद्युत अधिकारियों से की तो उन्होंने आज सुबह विद्युत कर्मचारियों को मौके पर भेजकर वार्ड वालो की इस समस्या का समाधान करवाया। जिस पर सभी वार्डवासियों ने समाजसेवी मुहम्मद इमरान कुरैशी का आभार जताया और उनको ही चुनाव में वोट देने का आश्वासन दिया।
इस दौरान मुहम्मद इमरान कुरैशी ने वार्डवासियों से कहा कि वे आगे भी ऐसे ही किसी भी समस्या के निराकरण के लिए 24 घंटे आपकी सेवा में तत्पर हैं। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी मुहम्मद इमरान कुरैशी इससे पहले भी काफी समय से वार्ड नंबर 13 की अन्य समस्याओं का भी निस्तारण कर वार्ड के लोगों को राहत देने का भी काम कर चुके हैं।

सार सुर्खिया

गांव बसी, वैल्ली व नसीरपुर में पीएलवी ने किया विधिक शिक्षा का प्रचार

भास्कर ब्यूरों

बुढ़ाना। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के उच्चाधिकारियों व न्यायिक अधिकारी सचिव सलोनी रस्तोगी के दिशा निर्देश के अंतर्गत मंगलवार के दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के पीएलवी पैनल अधिवक्ता को विधिक शिक्षा का प्रचार प्रसार करने के लिए गांव गांव में विधिक प्रसार के लिए दिशा निर्देश दिए गए। जिनके निर्देशों व आदेशों के अनुपालन में बुढाना ब्लाक के03 गांवों जिनमें बसी खुर्द, वैल्ली और नसीरपुर में जाकर तीनों ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में विधिक शिक्षा का प्रचार प्रसार किया गया और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताया और कमजोर वर्ग जिनमें अनुसूचित जाति, महिला, बच्चों, विकलांग, वर्ग व्यक्ति, कामगार व मजदूरों व्यक्तियों के लिए जिन पर कोई भी संसाधन नहीं है और दीवानी फौजदारी मुकदमों में वाद लंबित हैं या उनके बच्चे, रिश्तेदार या परिवार के सदस्य जो जिला कारागार में बंद हैं और उनको छुड़ाने के लिए उनके पास पैसा भी नहीं है और कोई वकील भी नहीं है। ऐसी स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर में वो व्यक्ति अपना आवेदन कर निशुल्क विधिक सेवा अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है और अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। इसके अलावा कोई भी अन्य विधिक सेवा संबंधी या सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए भी कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान यहां पर पीएलवी हेड प्रवेश कुमार, पीएलवी तैय्यबा अजरा मंसूरी व इरम कुरैशी मौजूद रही।

धूमधाम से सम्पन्न हुआ गुरुनानक देव का 553 वां प्रकाशोत्सव

भास्कर ब्यूरों

बदायूँ। सिख धर्म के पहले गुरु गुरुनानक देव जी का 553 वां प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम से गुरुद्वारा जोगीपुर में मनाया गया जिसमें सर्वप्रथमए चल रहे अखंड पाठ साहिब संपन्न किया गया तत्पश्चात हजूरी रागी द्वारा कीर्तन से संगत को निहाल किया गयाद्य गुरु परव में विशेष कीर्तन दरबार में कथावाचक गुरदीप सिंह द्वारा गुरु नानक देव जी के बारे में बताया गयाद्य उन्होंने बताया कि किस प्रकार से गुरु नानक देव जी ने भटके हुए लोगों को सही मार्ग पर लाने का कार्य कियाद्य विशेष तौर पर आए जगप्रीत सिंह ने अपने पूरे जत्थे के साथ कीर्तन के माध्यम से भक्तों को परमेश्वर से जोड़ा और सारा वातावरण भक्तिमय हो गयाद्य कार्यक्रम के समापन के उपरांत सभी लोगों ने गुरु महाराज का लंगर छकाद्य इस गुरु परव में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सभी सदस्यों सहित सेकड़ों लोग उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम में समाजसेवी अशोक खुराना का विशेष सहयोग रहाद्य अंत में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार प्रतिपाल सिंह तथा अंत वेदवानी सारी गुरु पर्व की बधाई देते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

ओंकार सिंह के नेतृत्व में मुख्यचिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन

भास्कर ब्यूरों

बदायूँ। जिला कांग्रेस कमेटी ओंकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस जनों नेए जनपद में पैर पसार रहे डेंगू बुखार के रोकथाम के लिए एक ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबोधित उनके कार्यालय में जिला चिकित्सा प्रशासन अधिकारी को दिया। इससे पूर्व कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन मार्च निकालते हुए मांग की जनपद में डेंगू बुखार एक विकराल जनहानि का रूप लेता जा रहा है इसके लिए प्रशासन को ग्रामीण अंचलों में एवं शहरी क्षेत्रों में मच्छरों को मारने वाली दवा का छिड़काव करवाना चाहिए तथा ग्रामीण अंचलों में जहां पर डॉक्टरों की व्यवस्था नहीं है न चिकित्सा औषधियों की व्यवस्था है वहां पर टीमें गठित कर डेंगू से पीड़ित लोगों के उपचार की व्यवस्था करवानी चाहिए एवं ग्रामीण क्षेत्रों पर सीएससी केंद्र पर डेंगू निरोधक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ राम रतन पटेलए जिला पिछड़ा कांग्रेस के अध्यक्ष मोरपाल प्रजापतिए जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सूरजपाल सिंह सोलंकीए राधेश्याम चौहानए हरिशंकरए प्रेमपाल सिंहए राम अवतारए दिनेश कुमारए शराफत मियांए मसूद अहमद व शकील अहमद आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भास्कर ब्यूरों

करहल/मैनपुरी। कुर्रा न्याय पंचायत की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मुलायम सिंह यादव इंटर कॉलेज सौज के मैदान में किया गया। खेलकूद रैली का उद्घाटन प्रधानाचार्या कंचन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के संयोजक एआरपी सतेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने सभी विद्यालयों के बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को बनाये रखने की बात कही। खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ प्राथमिक वर्ग.बालक में भानु प्रताप बजरतलिया प्रथमए बालिका बर्ग में सुरभि कछपुरा प्रथमए 100 मीटर दौड़ उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में अनिकेत बिरसिंहपुर प्रथमए बालिका में रोशनी प्रथमए 200 मीटर दौड़ प्राथमिक बालक में हिमांशु सेहाखुर्द प्रथम बालिका में शशि सेहाखुर्द प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों पर नियंत्रण के प्रयास की नोडल अधिकारी ने की समीक्षा

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। जिला चिकित्सालय में डेंगू के उपचार की व्यवस्था का बारीकी से किया निरीक्षण। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों पर नियंत्रण की कार्यवाही की धरातल पर समीक्षा करने के लिए नोडल अधिकारियों द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मिनेश कुमार चावला ज्वाइंट डायरेक्टर सहारनपुर डिवीजन ने मुजफ्फरनगर में सात व आठ नवंबर को भ्रमण किया। नोडल अधिकारी ने जिला चिकित्सालय में डेंगू के उपचार की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लड बैंक में डेंगू की एलाइजा जांच, प्लेटलेट की उपलब्धता, ब्लड कॉम्पोनेंट्स, सेपरेटर मशीन की क्रियाशीलता को भी परखा। जिला चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सा विभाग स्थित बुखार वार्ड में मरीजों तथा उनके परिजनों से इलाज व दवा की उपलब्धता के विषय में पूछताछ की।नोडल अधिकारी ने बताया सात और आठ नवंबर को दो ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालय का भी भ्रमण किया गया। ब्लॉक मख्याली में डेंगू के रोगियों के लिए आरक्षित वार्ड का निरीक्षण किया गया और इसके साथ-साथ पैथोलॉजी लैब, हेल्प डेस्क, फार्मेसिस्ट स्टोर एवं अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। डॉ. चावला ने पैथोलॉजी लैब में मिनी वाटर प्यूरीफिकेशन यूनिट ईटीपी की सराहना की। उन्होंने कहा ब्लॉक चिकित्सालय खतौली में भी वार्ड तथा जांच की सुविधाओं को परखा गया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय स्थित ऑक्सीजन प्लांट्स की क्रियाशीलता और पूरे दिन प्लांट में ऑक्सीजन की प्यूरिटी प्रेशर गैस सिलेंडर की स्थिति, वेड साइड ऑक्सीजन की उपलब्धता संबंधी बिन्दुओं की समीक्षा की। नोडल अधिकारी ने जनपद में डेंगू की स्थिति को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ महावीर सिंह फौजदार एवं जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह से वार्ता की तथा सर्विलांस गतिविधियों के विषय में पूछताछ की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया डेंगू मलेरिया पर रोकथाम के लिए विभाग द्वारा समस्त उपाय किए जा रहे हैं। जिला चिकित्सालय में डेंगू के जांच एवं उपचार की समस्त सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध है। डेंगू के सभी मरीजों को

प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं पड़ती। जनपद के ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। अत: घबराए नहीं बचाव अपनाएं डेंगू पर नियंत्रण हम सबकी सहभागिता से संभव है।
मलेरिया अधिकारी अलका सिंह ने बताया डेंगू मलेरिया से डरें नहीं, बल्कि सही समय पर जांच करवाएं, और उपचार करवाएँ। सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू और मलेरिया की निशुल्क जांच की जा रही है। परामर्श एक रुपये के पर्चे पर दिया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में बुखार फैल रहा है, वहां शिविर लगाए जा रहे हैं।

जनपद में प्रदूषण विभाग ने किए 10 कोल्हू सील

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जनपद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में आच्छादित है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग द्वारा संशोधित ग्रेडेड रेस्पोन्स एक्शन प्लान प्रभावी है। जनपद में वायु प्रदूषण नियंत्रण किये जाने के उद्देश्य से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण किये जा रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम कासमपुर पठेड़ी में गुफरान पुत्र मौ0 सईद, पाशा पुत्र कुदरत अली, शाहिद हसन पुत्र स्व0 अब्दुल गनी, जाहिद पुत्र अमीर, इनामुल पुत्र सरफराज, अमीर आलम पुत्र रफीक अहमद, खुर्रम पुत्र अमीर आलम, गुलशेर पुत्र असगर, मुसरत पुत्र स्व0 शराफत, अजहर पुत्र स्व0 निसार, प्रदीप कुमार पुत्र खिलेराम द्वारा स्थापित एवं संचालित कुल कोल्हुओं पर ईंधन के रूप में, पॉलिथीन का प्रयोग होता पाये जाने पर उक्त कोल्हुओं की क्रशिंग प्रक्रिया को सील किया गया। उक्त कोल्हू संचालकों के विरूद्ध पर जुर्माने लगाये जाने की कार्यवाही भी जा रही है।
क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह द्वारा बताया गया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु निरन्तर दिन एवं रात्रि में भी निरीक्षण कराये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान दोषी पाये जाने

पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

महिला समेत 6 को बुढ़ाना पुलिस ने भेजा जेल

भास्कर ब्यूरों

बुढ़ाना। स्थानीय पुलिस ने जहां एक ओर एक बदमाश को गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजा है वहीं दूसरी ओर दूसरे मामले में पिता पुत्र को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के एसएसपी विनीत जयसवाल के आदेशानुसार, एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, सीओ बुढ़ाना विनय गौतम के पर्यवेक्षण और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवेंद्र सिंह यादव द्वारा गठित की गई टीम में शामिल बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार ने हैड कांस्टेबल मौहम्मद वकार और कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह के सहयोग से एक मुखबिर की सटीक सूचना पर सफीपुर रोड पर स्थित एक प्राइवेट स्कूल के समीप से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक बदमाश उम्मेद पुत्र कालू निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी कस्बा बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी सत्येन्द्र नागर ने दारोगा अजय कुमार त्यागी और कांस्टेबल सैनी कुमार के सहयोग से चौधरी चरण सिंह तिराहे से गश्त करने के दौरान ब्रिजेश पुत्र नाहर सिंह और विनीत पुत्र ब्रिजेश निवासीगण गांव बडकता बुढ़ाना को छेड़छाड़ सहित कई अन्य धाराओं में लिखापढ़ी करने के बाद गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। इनके अलावा कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार ने कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल सुधीर कुमार, कांस्टेबल प्रेमचंद शर्मा और महिला कांस्टेबल सोनम के सहयोग से बुढ़ाना में दबिश देकर दहेज एक्ट में वांछित चल रहे आरिफ पुत्र याकूब, याकूब पुत्र नसरू और सानिया पत्नी याकूब निवासीगण बुढाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

विधायक निधि से सफीपुर पट्टी में 2 मार्गों का हुआ निर्माण

भास्कर ब्यूरों

बुढ़ाना। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव हारुन अली सिद्दीकी मंगलवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान से उनके गांव गढ़ी नौआबाद में स्थित पैतृक आवास पर मिले और नगर पंचायत चुनाव में गठबन्धन का प्रत्याशी बनाए जाने पर गहनतापूर्वक विचार विमर्श करते हुए विस्तार से चर्चा की गई। हारुन अली सिद्दीकी ने उनको कहा कि आम कार्यकर्ता महत्वाकांक्षी नहीं होता। उनकी सोच मात्र क्षेत्रीय छोटे-मोटे चुनाव लड़ने पर ही सीमित रहती है बाकी समय पार्टी के लिए पार्टी द्वारा घोषित विधानसभा तथा लोकसभा प्रत्याशियों के लिए ही कार्य करता रहता है। इसलिए विधायक राजपाल सिंह बालियान से इसके लिए अनुरोध किया गया कि वे अपने कुछ सूत्रों द्वारा जिताऊ उम्मीदवार के लिए सर्वे कराकर छोटे कार्यकर्ताओं को भी मौका दें। अन्यथा आम कार्यकर्ता का मनोबल टूट जाएगा। इसके पश्चात सपा नेता हारून अली सिद्दीकी के द्वारा अपने समर्थकों और शुभचिंतकों सहित अन्य जिम्मेदार लोगों से भी आगामी चुनाव के संबंध में गोपनीय रूप से चर्चा की गई तथा उनकी नब्ज टटोलने का भी काम किया गया। जब हारून अली सिद्दीकी से आगामी चुनाव में किस प्रत्याशी के विषय में मदद करने के लिए पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बुढाना कस्बे में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी सभी मेरे अपने परम मित्र हैं। जिसे भी पार्टी गठबंधन प्रत्याशी तय करेगा उसके लिए ही गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा और पार्टी संगठन को भी इसके लिए अवगत कराया गया है कि किसी भी प्रत्याशी को जबरदस्ती ना थोपा जाए। स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं तथा आम मतदाता एवं जनता की भावनाओं को ष्टिगत ही रखा जाए। हारून अली सिद्दीकी ने बताया कि वो अपने कारोबार के सिलसिले में अक्सर कस्बा बुढ़ाना से बाहर ही रहते हैं। हमें सफीपुर पट्टी की राजनीति पर ही ष्टि रखनी चाहिए परंतु पार्टी संगठन ने जो जिम्मेदारी दी उनको दी है वे उससे भी पीछे नहीं हटने वाले हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से कह दिया है कि वे अभी सही समय का इंतजार करें। सही समय पर हम सभी के द्वारा सर्व सम्मति से बिल्कुल सही निर्णय ही लिया जाएगा। इसके अलावा उनकी संस्तुति पर विधायक राजपाल सिंह बालियान के द्वारा विगत दिवस अपनी विधायक निधि से सफीपुर पट्टी में दो रास्तों का निर्माण भी करा दिया गया है। उसके लिए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की जनता द्वारा तथा मेरे द्वारा उनका हार्दिक धन्यवाद किया गया है।

CHANGED MY NAME
MOHAMMAD TOUFEER S/O SHAREEF AHMAD R/O VILLAGE BAGHRA MUZAFFARNAGAR PINCODE 251306 UTTAR PRADESH HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS WRONG MOHAMMAD TOUFEER CORRECT- TOFEEK

रेल भूमि अधिग्रहण में किसानों को मिलेगा मुआवजा: वैष्णव

■ सहारनपुर रेलवे स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने की दी जानकारी

सहारनपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में जहां पूर्व में आये मामलों में लिए गए संज्ञान एवम कृत कार्यवाही के संदर्भ में विस्तृत रूप से बताया वहीं ग्राम लाखनोर सहित नागल आदि में किसानों की भूमि अधिग्रहण में हुई असमानता से प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा मिलने की बात भी कही है। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट के लिए जवाबदेही निश्चित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि सिद्ध पीठ माँ शाकम्भरी देवी पवित्र स्थल पर मोबाइल सिग्नल नही आने की जो जानकारी दी गयी थी, उसमे टावर लगाने का काम हुआ है और 12 अगस्त से वहां नेटवर्क की समस्या का समाधान हो गया है। उन्होंने बताया कि 19 ट्रेन जो कोरोना काल मे प्रभावित हुई थी उनमे से 17 रेलगाड़ियां संचालित हो गयी है शेष 2 भी अविलम्ब चालू हो जाएंगी, जिनके लिए रास्ता नही मिल पा रहा है। खलासी लाइन, ढमोला नदी की ड्रेनेज की समस्या का समाधान करने के लिए पीएम ने 6 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत किये गए है, जिसका भूमि पूजन भी किया गया है। शारदा नगर में ढाई करोड़ रुपये पुल की सीट के लिए स्वीकृत हुए हैं। महानगर की आबादी 9 लाख हो जाने पर भी कोई पार्क नही होने के क्रम में टीटू कैलोनी को आकर्षक पार्क के रूप में विकसित करने के आदेश दिए गए हैं। लकड़ी के पुल का रिप्लेसमेंट होगा जिसके लोए 7 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। जो रेलवे स्टेशन के दोनों भागो को जोड़ेगा ये स्थिति भी स्पष्ट की गई है। योजनाए आगामी 50 वर्षो को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रेल विकास को 350 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या, लखनऊ चारबाग, प्रयागराज, हरिद्वार सहित सहारनपुर रेलवे स्टेशन को भी विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। पिलखनी में वुड वर्क के लिए भी कार्य योजना तैयार हो गयी है और गुड्स शेड तैयार किया जाएगा। पिलखनी से पहली दो रेल निकल चुकी हैं। उन्होंने पैसेंजर रेल भाड़े के सम्बंध में विस्तार से समझाया कि पहले जो रेल होती थी उसमें परिवर्तन हुआ है और जितनी तीव्र गति से रेल को चलाना है, उसके लिए रेल ट्रैक भी आधुनिक बनाये जा रहे है जिसमे रेल की स्पीड को 130 किमी प्रति घण्टा रहेगी। उन्होंने बताया कि वंदेमातरम रेल सहारनपुर आये इसके लिए 48-50 स्थल ऐसे है जिनमे सुधार की आवश्यकता है, और वो कार्य बहित तेजी से किये जा रहे है। देवबन्द रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बढाने के लिए 23 करोड़ रुपये अतिरिक्त व्यय किये जायेंगे। नये पुल अंडर पास भी बनाये जा रहे है, जिस पर 740 करोड़ रुपये व्यय होने है। टपरी में प्लेटफॉर्म नीचे है भाकला, सोना अर्जुनपुर आदि के प्लेटफॉर्म ऊंचे करने के निर्देश दे दिए गए है। 1050 करोड़ रुपये का काम फ्रेट कॉरिडोर में व्यय किये जा रहे हैं टपरी के निकट रेलवे यार्ड में शेड बनाया जा रहा है। उन्होंने सहारनपुर दिल्ली के लिए शीघ्र ही नई रेलगाड़ी और देने की भी जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में कैराना सांसद प्रदीप चौधरी, प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सैनी, महापौर संजीव वालिया, विधायक मुकेश चौधरी, देवेंद्र निम, पश्चिम भाजपा अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, पूर्व भाजपा सांसद राघव लखनपाल शर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ0 महेंद्र सिंह सैनी, नगर अध्यक्ष राकेश जैन आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

आर्कटिक के स्वदेशी लोगों के सम्मेलन में उत्तर के जनजातीय समूहों की सांस्कृतिक एवं भाषायी विरासत के संरक्षण पर हुई चर्चा

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। मास्को में दो नवंबर को आयोजित आर्कटिक के मूल लोगों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वालों ने आर्कटिक के मूल निवासियों की भाषाओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए उठाए जा रहे कदमों, वहां की पारंपरिक अर्थव्यवस्था, सीमा-पार सहयोग और उत्तरी ध्रुव के मूल जनजातीय समूहों के लोगों की गतिविधियों पर सरकारी विनियमन पर चर्चा की। वर्ष 2021-2023 के दौरान आर्कटिक काउंसिल की रूस की चेयरमैनशिप के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजना के तहत यह शिखर सम्मेलन हुआ। रॉसकांग्रेस फाउंडेशन ने इस सम्मेलन का आयोजन किया। रूस के राष्ट्रपति के सलाहकार और 2021-2023 के दौरान आर्कटिक काउंसिल की रूस की चेयरमैनशिप से जुड़ी आयोजन समिति के कार्यकारी सचिव एंटन कोबिकोव ने कहा, रूस आर्कटिक के मूल निवासियों के कल्याण और उनकी संस्कृति, रीति-रिवाजों एवं भाषाओं को संरक्षित करने के लिए लगातार काम करता है। इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वालों ने रूस के उत्तरी हिस्से की कम आबादी वाले जनजातीय समूहों के विकास से संबंधित सबसे अहम मुद्दों को लेकर अपनी राय रखी और विभिन्न तरह के आइडिया पेश किए। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि जो काम अब तक हुआ है, वो इस इलाके की भविष्य की परियोजनाओं की मजबूत बुनियाद बनेगा और हमारी विधायी पहलों में इसका असर देखने को मिलेगा। खास तौर पर, सम्मेलन के प्रतिभागियों ने आर्कटिक काउंसिल के प्रोजेक्ट डिजिटलाइजेशन ऑफ द लिंग्विस्टिक एंड कल्चरल हैरिटेज ऑफ द इंडिजिनस पीपुल्स ऑफ द आर्कटिक के क्रियान्वयन पर चर्चा की जिसकी पहल रूस ने की थी।

वी ने 5 सर्कलों के ग्रामीण बाजारों में 300 नई वी शॉप्स के साथ अपने रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार किया

भास्कर ब्यूरो

गुरुग्राम। ब्रॉडबैण्ड की बढ़ती पहुंच के साथ पिछले कुछ सालों के दौरान देश में डिजिटलीकरण तेजी से बढ़ा है। इसके अलावा देश की अगली 500 मिलियन की आबादी को कनेक्टेड बनाकर डिजिटल विकास में योगदान देते हुए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने अपने ब्राण्ड के लॉन्च के बाद से अपने सबसे बड़े रीटेल विस्तार की योजना बनाई है।

उप-जिला स्तर पर अपना रीटेल फुटप्रिन्ट बढ़ाने के लिए वी ने महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और यूपी वेस्ट के कई नगरों में नए फोर्मेट की 300 ह्यवी शॉप्सह्व खोली हैं। वी ने अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने तथा अपना रीटेल फुटप्रिन्ट बढ़ाकर मोबाइल यूजर्स के साथ जुड़ते हुए आने वाले महीने में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण बाजारों को कवर करने की योजनाएं बनाई है। नई रीटेल पहल के बारे में बात करते हुए अभिजीत किशोर, सीओओ, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा वी हमेशा से आधुनिक अवधारणाओं, उत्पादों एवं सेवाओं को लाने में अग्रणी रहा है, जो उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हैं। आज भी ग्रामीण भारत में बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता हैं, जो फिजिकल रीटेल फोर्मेट में आरामदायक एवं फेस-टू-फेस सेवाओं की उम्मीद रखते हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र भारत में मोबाइल इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमने वी शॉप अवधारणा के रूप में अपनी ग्रामीण रीटेल रणनीति में नया दृष्टिकोण अपनाया है जो लाखों भारतीयों को डिजिटली कलेक्ट कर बेहतर भविष्य के निर्माण में योगदान देगा।

साइट फॉर किड्स के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाया

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। जॉनसन एंड जॉनसन विजन*, नेत्र स्वास्थ्य श्रेणी में एक वैश्विक लीडर और जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक* का हिस्सा, एवं लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन ने आज उनके स्कूल-आधारित नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्कूल साइट फॉर किड्स के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाया। 2002 में जॉनसन एंड जॉनसन विजन और लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा सह-स्थापित, साइट फॉर किड्स कार्यक्रम का उद्देश्य कम आय वाले और कम सेवा वाले समुदायों के बच्चों के लिए व्यापक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके आंखों की देखभाल तक पहुंच में अंतर को कम करना है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में 500 से अधिक बच्चों के लिए एक विजन स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया था। दो दिवसीय कार्यक्रम लायंस सफारी पार्क और कलकत्ता ग्रेटर विद्या मंदिर स्कूल में हुआ। प्रमुख आई केयर प्रोफेशनल्स, स्थानीय नेत्र विज्ञान संगठनों, एनजीओ, सामुदायिक भागीदारों, जॉनसन एंड जॉनसन विजन के प्रतिनिधियों, और स्थानीय लायंस इस कारण का सम्मान करने के लिए उपस्थित थे। बच्चों के लिए साइट कार्यक्रम 2004 से पूरे पश्चिम बंगाल में चल रहा है। भारत में नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के संगठन के उद्देश्य पर जोर देते हुए, टिनी सेनगुप्ता, बिजनेस यूनिट निदेशक, विजन केयर इंडिया, जॉनसन एंड जॉनसन विजन ने कहा लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन के साथ साझेदारी करना और साइट फॉर किड्स के 20 साल के मील के पत्थर का जश्न मनाना एक पूर्ण सम्मान की बात है।

एक्सपोर्ट सेमिनार का आयोजन 22 नवम्बर को

सहारनपुर। जिला उद्योग बंधु व मंडलीय उद्योग बंधु संस्था के कार्यकारिणी सदस्य की एक बैठक अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी की अध्यक्षता में दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में की गई।

अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी कार्यकारिणी सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि संस्था के वार्षिक महोत्सव समन्वय-2022 के सफल आयोजन पर हम गवर्निंग बॉडी व सभी सदस्य एवं नगर वासियों के सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं। संस्था किसी एक व्यक्ति की नहीं है यह संस्था आप सभी की है कोई भी काम जो संस्था हित में है सर्वोपरि है। संस्था निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। इसी क्रम में संस्था अपने सदस्यों के ज्ञानवर्धन के लिए आगामी 22 नवंबर 2022 को एक एक्सपोर्ट सेमिनार आयोजित करने जा रही है। जिसमें निर्यातक कैसे बने इसके लिए आए और जाने एवं जनपद के निर्यात को कैसे बढ़ाया जाए और क्या-क्या समस्याएं आ रही हैं के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिसमें बाहर के एक्सपर्ट भी सेमिनार में प्रतिभाग करेंगें। सभी सदस्य इस एक्सपोर्ट सेमिनार में अवश्य भाग ले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एचएस चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्था का संख्या बल ही संस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है, हमारी संस्था का संख्या बल निरंतर ही बढ़ता जा रहा है।

महासचिव मंजीत सिंह अरोड़ा ने बैठक का संचालन करते हुए उपस्थित सदस्यों को गत माह की गतिविधियों से अवगत कराया और कहा कि जिला उद्योग बंधु व मंडलीय उद्योग बंधु एक ऐसा मंच है जहां पर हम अपने सदस्यों की समस्याओं का निस्तारण प्रभावी ढंग से रखकर शासन प्रशासन से कराया जाता है। किसी भी सदस्य की कोई समस्या हो तो वह लिखित में संस्था को दें ताकि उसका निस्तारण उक्त मंचों के माध्यम से कराया जा सके। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा संस्था के वार्षिक समारोह के सफल आयोजन पर अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी को बुके देकर एवं गवर्निंग बॉडी सदस्यों का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी ने बैठक में उपस्थित सभी कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया। बैठक में उपाध्यक्ष संजय कपूर, अमर गुप्ता, नीरज माहेश्वरी, अमित चौधरी एवं शरद भार्गव विश्वजीत पुंडीर आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। बैठक में विश्वजीत पुंडीर, अर्जुन मल्होत्रा एवं वरुण चावला ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की।

एमसीडी चुनाव में अखिल भारतीय कुशवाहा महासंघ ने अपने समाज को सभी राजनीतिक पार्टियों से टिकट दिए जाने की मांग की

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में एमसीडी का चुनाव का ऐलान कर दिया गया है सभी राजनीतिक पार्टियां उम्मीदवारों के चयन में जुट गई हैं इसी क्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महासंघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव शिवशरण कुशवाहा के नेतृत्व में समाज की बैठक की गई। जिसमें मुख्य रुप से दिल्ली स्टेट सैनी सेवा समाज के अध्यक्ष जय भगवान सैनी, आरडी मौर्या, अशोक सक्सेना, जीवाराम शाक्य बैठक में मौजूद थे। जिसमें तय किया गया कि जो पार्टी समाज के उम्मीदवारों को टिकट देगी उस पार्टी का समर्थन अखिल भारतीय कुशवाहा महासंघ करेगी। इस बैठक में कुशवाहा, सैनी, शाक्य, मौर्या, माली, महतो, मरार, दांगी आदि टाइटल लिखने वाले लोग उपस्थित थे। शिवशरण ने भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सहित अन्य दलों से मांग की है कि राजधानी दिल्ली में कुशवाहा समाज के लोगों की संख्या दिल्ली के हर वार्ड में अच्छी संख्या में है। कुशवाहा समाज के लोग हर वार्ड में राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस समेत अन्य दलों से टिकट मांगने वाले कुशवाहा समाज के उम्मीदवारों को राजनैतिक दल अधिक से अधिक टिकट देने का काम करें, जिससे उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी और भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जो भी पार्टी कुशवाहा समाज के लोगों को टिकट देगी उस वार्ड में अखिल भारतीय कुशवाहा महासंघ उस पार्टी का समर्थन कर उम्मीदवार को जिताने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज दिल्ली में राजनीतिक हिस्सेदारी और भागीदारी को लेकर लगातार अभियान चला रहा है जिसका फायदा भी समाज के लोगों को पिछले कुछ चुनाव से मिल रहा है। शिवशरण ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 के चुनाव में हमारा समाज भाजपा के साथ था तो, यूपी में भाजपा की सरकार बनी, हमारा समाज छगन भुजबल के साथ था इसलिए वहां भी डिप्टी सीएम छगन भुजबल बने थे, राजस्थान में हमारा समाज कांग्रेस के साथ था अशोक गहलोत जो कि हमारे समाज से आते हैं वह मुख्यमंत्री बने, वहीं बिहार में भाजपा को बढ़त दिलाने वाले सम्राट चौधरी के काम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उसी प्रकार यदि एमसीडी चुनाव में राजनीतिक पार्टियां हमारे समाज को अधिक संख्या में टिकट देंगे तो उसका फायदा भी उन पार्टियों को मिलना तय है।

प्रकाश उत्सव पर नगर में निकाली प्रभात फेरी

सहारनपुर/नानौता नगर के गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी के 553वें प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा परिसर में शब्द कीर्तन करते हुए नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने शब्द कीर्तन के माध्यम से गुरु नानक देव जी के जीवन का गुणगान किया। गुरुद्वारा परिसर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के बाद गुरु के अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया। मंगलवार को नगर के मोहल्ला सरावज्ञान स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से पहली पातशाही श्रीगुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर अरदास के बाद नगर प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा साहिब से आरंभ हुई प्रभातफेरी नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस गुरुद्वारे पर पहुंची। प्रभात फेरी का नगर में अनेक स्थानों पर स्वागत हुआ। गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ व शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। ज्ञानी हरविंदर सिंह द्वारा गुरुवाणी के माध्यम से गुरु नानक जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए हुए उपदेश कीरत करो, नाम जपो, वन्ड छको तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के बाद गुरुद्वारा परिसर में गुरु के अटूट लंगर का आयोजन किया गया।

चंद्रमोहन नल्लूर ने यूक्रेन में फँसे भारतीय विद्यार्थियों को बाहर निकलने में मदद की

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। ऑपरेशन गंगा भारतीय प्रवासियों द्वारा निस्वार्थ भाव से यूक्रेन के सीमावर्ती देशों में भारत सरकार के साथ मिलकर हमारे प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी, जो इस मिशन की सफलता के लिए दूर तक गए, के अथक सहयोग से चलाया जा रहा एक अभियान है। यूक्रेन में फँसे विद्यार्थियों की सुरक्षा करने से लेकर चार केंद्रीय मंत्रियों को पूरे मिशन की निगरानी के लिए भेजे जाने से पोलैंड में चंद्रमोहन नल्लूर जैसे पथप्रदर्शकों को अपार साहस मिला। कहा गया है कि बूंद-बूंद से सागर बनता है। चंद्रमोहन नल्लूर उन कुछ लोगों में से थे प्रथम थे, जिन्होंने यूक्रेन में फँसे हताश विद्यार्थियों की पुकार को सुना। विकट चुनौतियों के बीच एक युद्धपीड़ित देश के बीच से भारतीय प्रवासियों को बाहर निकालना एक अभूतपूर्व प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने न केवल विद्यार्थियों को बाहर निकलने में मदद की, बल्कि विद्यार्थियों की डरी हुई भीड़ को भी संभाला, जो लगातार बमबारी देखकर निराशा के शिकार हो चुके थे। श्री नल्लूर के प्रयासों की मदद से जानलेवा परिस्थितियों और इन फँसे हुए लोगों के लिए आपूर्ति की बढ़ती कमी के बीच 5000 सिम काड्र्स की व्यवस्था की गई, ताकि वो सीमा पार करके पोलैंड में पहुँचने के बाद अपने प्रियजनों के साथ संपर्क कर सकें। श्री नल्लूर ने विभिन्न क्षेत्रीय संगठनों की मदद से भाषा पर आधारित कॉल सेंटर शुरू किए और प्रवासियों के लिए सीमा पार करने से पहले अस्थायी रूप से भोजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई। इस अंतर्राष्ट्रीय संकट के बीचोंबीच चंद्रमोहन नल्लूर विद्यार्थियों और हजारों मील दूर बैठे उनके अभिभावकों के बीच संपर्क का एक मुख्य स्रोत बन गए।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन ने सड़क सुरक्षा के लिए लॉन्च किया पायलट प्रोजेक्ट

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। जहां एक ओर भारत तेजी से देश भर में अपनी सड़कों के बुनियादी ढांचें को मजबूत बना रहा है, वहीं दुर्भाग्यपूर्ण बात यह भी है कि सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़े निराशा का कारण बने हुए हैं। सड़क दुर्घटनाएं दुनिया भर में सभी आयु वर्गों में मौतों का मुख्य कारण है और 5-29 आयु वर्ग के लोगों को घायल करने वाला पहला कारण है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में तकरीबन 1.5 लाख लोगों की मौत होती है और 4.5 लाख लोग घायल हो जाते हैं। इनमें से 60 प्रतिशत से अधिक मौतें सड़क का उपयोग करने वाले संवेदनशील यूजर्स की होती हैं। इंटरनेशनल रोड फेडरेशन, भारत के सबसे तेजी से विकसित होते ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म, सैटलमिंट के साथ साझेदारी में ब्लॉकचेन-आधारित सड़क सुरक्षा प्लेटफॉर्म के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट और सुपर मोबाइल ऐप का लॉन्च करने जा रहा है, जो तकनीक के इस्तेमाल द्वारा देश में सड़क सुरक्षा की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परियोजना के बारे में बात करते हुए केके कपिला, चेयरमैन, आईआरएफ ने कहा, सड़क सुरक्षा के लिए पारम्परिक दृष्टिकोण के वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं, जिसकी पुष्टि इस बात से होती है कि सरकार द्वारा कई उल्लेखनीय प्रयासों जैसे जीरो फैटेलटी कॉरीडोर, ब्लैकस्पॉट्स को पहचान कर फिक्स करना, कैमरे लगाना आदि के बावजूद 2021 में अधिकतम संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। पश्चिमी देशों के सड़क सुरक्षा समाधान भारत में कारगर नहीं हैं, पश्चिमी देशों के विपरीत भारतीय सड़कों पर कई तरह का ट्रैफिक एक साथ रहता है।

चुपा चुप्स ने गुड़गांव में रोमांच के साथ मनाया हैलोवीन

गुरूग्राम, **भास्कर ब्यूरो।** हैलोवीन अब सिर्फ पश्चिमी देशों की अवधारणा ही नहीं रही, भारतीय लोग भी इस अवधारणा के साथ जुड़ चुके हैं। भारतीयों का रूझान आज हैलोवीन की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। इसी उपलक्ष्य में उपभोक्ताओं को ट्रिक, ट्रीट, गेम्स, थीम पार्टीज का अनुभव प्रदान करने के लिए परफेट्टी वैन मेल्ले इंडिया की ओर से प्रतिष्ठित कन्फेक्शनरी ब्राण्ड चुपा चुप्स ने हैलोवीन की पूर्वसंध्या पर डीएलएफ साइबरहब, गुरूग्राम में ऑन-ग्राण्ड एक्टिवेशन का आयोजन किया। करते रहो फन फना फन फन के दृष्टिकोण के साथ ब्राण्ड ने लोकप्रिय टीन इन्फ्लुएंसर्स और जाने-माने आरजे जैसे आरजे श्रुति, विदित और मोहित के साथ साझेदारी की है, जो पांच दिनों के दौरान दर्शकों को बेजोड़ अनुभव प्रदान कर रहे हैं। ब्राण्ड ने मॉडर्न ट्रेड एवं ई-कॉमर्स चैनलों पर क्वर्की लिमिटेड एडीशन हैलोवीन थीम पैक भी उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा चुपा-चुप्स के नए पैक्स पर रोचक ऑन-पैक एआर गेम भी पेश किया गया है। हैलोवीन की अवधारणा पर खरे उतरते हुए, ब्राण्ड ने आधुनिक एआई टेक्नोलॉजी का भी लॉन्च किया है, जिसके द्वारा यूजर फन अवतार www.chupachupshalloweenhacks.com में डीआईवाय हैलोवीन लुक्स क्रिएट कर सकते हैं। जाने-माने टीन इन्फ्लुएंसर्स ने इंस्टाग्राम पर टेक इनोवेशन के द्वारा अपना हैलोवीन लुक पेश किया और दर्शकों ने भी अपने कूल लुक्स और अवतार शेयर किए। इस रोचक अभियान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजेश रामाकृष्णन, मैनेजिंग डायरेक्टर- परफेट्टी वैन मेल्ले इंडिया ने कहा चुपा चुप्स एक विश्वस्तरीय प्रतिष्ठित ब्राण्ड है।

रेल मंत्री ने किया विकास रथ का लोकार्पण

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। नगर निगम की 5 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक ष्विकास रथष् का आज यहां दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, क्षेत्रीय मंत्री डॉ.पुरूषोत्तम,मेयर संजीव वालिया, राज्य सभा सदस्य नरेश बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह सैनी, महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने लोकार्पण किया। किशोर शर्मा द्वारा संचालित लोकार्पण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम, पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा, पूर्व विधायक नरेश सैनी व जगपाल सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र कश्यप, जिला प्रभारी डी के शर्मा, नवाब सिंह नागर सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता कार्यकर्ता आदि शामिल रहे। साहित्यकार डॉ वीरेन्द्र आजम द्वारा संपादित 120 पृष्ठों की पुस्तक ष्विकास रथष् को 1857 की क्रांति के उन अमर शहीदों को समर्पित किया गया है जिन्हें सहारनपुर में फांसी पर लटकाया गया था तथा जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद कराने में अपना जीवन होम कर दिया। पुस्तक में नगर निगम की पांच साल की उपलब्धियों को सचित्र वर्णित किया गया है। इन उपलब्धियों में कान्हा उपवन गौशाला का निर्माण, गाय के गोबर से निर्मित जैविक खाद सहित विभिन्न उत्पाद, डिवाइडरों के निर्माण के साथ ही वृहद् वृक्षारोपण, सभी 70 वार्डों में 58 हजार से अधिक एलईडी लाइट, नगर निगम परिसर का सौंदर्यीकरण, शुद्ध पेयजल के लिए ओवरहेड टैंक और नलकूपों का निर्माण, दिल्ली रोड व बूढ़ी माई चौक सहित महानगर से लगभग सवा सौ कूड़ा घरों का समापन, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और एम आर एफ सेंटरों का निर्माण, बेहट रोड पर कूड़ा निस्तारण के लिए एक सौ बीघा भूमि खरीद कर प्लांट निर्माण का कार्य शुरू करने, मेडिकल कॉलेज में कोरोना टेस्ट मशीन, जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना, नुमाइश कैंप में विद्युत शवदाह गृह का निर्माण, जलभराव की समस्या से शहर को मुक्त कराने के लिए बड़ी संख्या में नालों सड़कों नालियों आदि के निर्माण के साथ ही महानगर के सौंदर्यीकरण की झलक भी किताब में है। सहारनपुर के विकास और नगर के प्रति अपने दायित्व और प्रतिबद्धता को लेकर मेयर संजीव वालिया ने भी पुस्तक के माध्यम से जनता से संवाद किया है।

वीडियो आधारित किफायती शिक्षा के साथ ट्यूशन उद्योग में क्रांति लाने के लिए तैयार 88गुरू

भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। ऑनलाइन ट्यूशन प्लेटफॉर्म को लेकर पेरेंट्स की सबसे बड़ी शिकायत रहती है कि वे काफी महंगे हैं। 88गुरू ने उनकी इस शिकायत को दूर कर दिया है। 88गुरू एक एडटेक स्टार्टअप है। इसका मकसद वीडियो आधारित ऑनलाइन ट्यूशन को गुणवत्तापूर्ण बनाने के साथ-साथ किफायती बनाना भी है। इसी मकसद को ध्यान में रखकर 5वीं से 8वीं तक के छात्रों के लिए हर विषय की फीस महज 88 रुपये प्रति माह से शुरू की गई है। इसमें कोई अनिवार्य सालाना पैकेज भी नहीं है। इतना ही नहीं, पंजीकरण के बाद 7 दिनों तक स्टूडेंट्स इसका निःशुल्क ट्रायल भी ले सकते हैं। 88गुरू के डायरेक्टर अनिल आहूजा कहते हैं कि ये तमाम विशेषताएं ही हमें दूसरे एडटेक स्टार्टअप की भीड़ से अलग एक बेहतर और किफायती विकल्प बनाती हैं। 88गुरू शिव नाडर, डीपीएस, जीडी गोयनका, एमिटी इंटरनेशनल जैसे प्रसिद्ध स्कूलों के शिक्षकों और 15 वर्षों के औसत टीचिंग अनुभव के साथ विश्व स्तरीय शिक्षा सुनिश्चित करता है। व्यक्तिगत प्रैक्टिस के लिए छात्रों को प्रैक्टिस पेपर और वर्कशीट भी दी जाती है। 88गुरू सिंगापुर टीचिंग प्रैक्टिस एसटीपी मॉडल पर आधारित लर्न-प्रैक्टिस-रिव्यू की वर्ल्ड क्लास लर्निंग पद्धति से चलता है।

फोर्टिस अस्पताल नोएडा ने ब्रेस्ट कैंसर को लेकर किया जागरूक, पीड़ित मरीजों को किया गया मोटिवेट

नोएडा, भास्कर ब्यूरो। अक्टूबर महीने को स्तन कैंसर (ब्रेस्ट कैंसर) अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जाता है. इसी के मद्देनजर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल ने ब्रेस्ट कैंसर से जंग जीतने वाली महिलाओं के सम्मान में एक अनोखा सपोर्ट ग्रुप इवेंट आयोजित किया और लोगों को इस बीमारी से होने वाली रिकवरी, इसके डायग्नोज और बचाव के बारे में जागरूक किया. इस सपोर्ट ग्रुप मीटिंग का मुख्य उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर मरीजों को मोटिवेट करना और इस लड़ाई में जीत चुके लोगों को उनके लिए प्रेरणा के तौर पर पेश करना था। इस कार्यक्रम में ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ अपनी हिम्मत का लोहा मनवा चुकीं कई महिलाएं शामिल हुईं और उन्होंने अपनी बैटल के किस्से साझा किए. इन महिलाओं के ये किस्से निश्चित ही उनके लिए प्रेरणादायक साबित होंगे जो फिलहाल ब्रेस्ट कैंसर से ग्रसित हैं. कार्यक्रम में 70 से ज्यादा लोग शामिल हुए जिनमें पेशंट और डॉक्टर्स दोनों ही शामिल थे।

सपोर्ट ग्रुप के इस इवेंट में नोएडा फोर्टिस के डॉक्टर शुभम गर्ग, डॉक्टर इशू गुप्ता, डॉक्टर रजत बजाज, डॉक्टर तृप्ति सक्सेना, डॉक्टर जलज बक्सी ने हिस्सा लिया। हर कैंसर मरीज की अपनी एक कहानी होती है, और हर कैंसर सर्वाइवर सबको कुछ न कुछ सिखाता है. ऐसी ही एक महिला हैं मीनाक्षी मित्तल, जिन्होंने सपोर्ट ग्रुप का ये इवेंट अटेंड किया. मीनाक्षी मित्तल 40 की उम्र में हैं और सबके लिए प्रेरणा हैं।

दिल्ली में नगर निगम तो गुजरात में विस चुनाव बने केजरीवाल के लिए चुनौती

दिल्ली नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करना भी आसान नहीं होगा आम आदमी पार्टी के लिए

मुकेश उपाध्याय

नई दिल्ली। जन आंदोलन से राजनीतिक जीवन शुरू करने वाले अरविंद केजरीवाल की गिनती आज देश के प्रमुख नेताओं में की जाती है। आम आदमी पार्टी की नींव रखने वाले केजरीवाल दिल्ली के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में भी अपनी पकड़ बनाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। यही वजह है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बीजेपी से सीधे टक्कर ले रहे हैं। इसमें वह काफी हद तक सफल भी हो रहे हैं, क्योंकि बीजेपी ने भी कई मौकों पर कांग्रेस को दरकिनार कर आम आदमी पार्टी को अपना प्रमुख प्रतिद्वंदी माना है। हालांकि बीजेपी से चुनावी रण में जीतना आम आदमी पार्टी के लिए आसान नहीं होगा, मगर पंजाब में परचम लहराने के बाद आम आदमी पार्टी को नजरअंदाज करना भी राजनीतिक दलों की बड़ी भूल हो सकती है।

फिलहाल आम आदमी पार्टी के सामने दिल्ली एमसीडी चुनाव और गुजरात विधानसभा चुनाव की चुनौती के एकसाथ आ गई है। उधर अरविंद केजरीवाल का दावा है कि गुजरात में वह भारी मतों से अपनी सरकार बना रहे हैं,

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पत्रकार इसुदान गढ़वी को गुजरात में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है। हालांकि इसके बाद ही गुजरात आप में फूट पड़ने के संकेत भी मिलने लगे हैं। आप में तीसरे नंबर पर बड़ा चेहरा कहे जाने वाले इंद्रनील राजगुरु ने कांग्रेस में घर वापसी कर ली है। इंद्रनील ने इसी साल 14 अप्रैल को कांग्रेस से इस्तीफा देकर आप जॉइन की थी लेकिन कुछ ही महीने में उन्होंने फिर से हाथ को थाम लिया। सूत्रों

- दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए 4 दिसंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती 7 दिसंबर को होगी

के अनुसार, इंद्रनील सीएम उम्मीदवार न बनाए जाने से नाराज थे। पार्टी में विरोध के बीच केजरीवाल के लिए गुजरात फतह करना आसान नहीं होगा।

क्या दिल्ली एमसीडी चुनाव के ऐलान से टेंशन में हैं केजरीवाल

गुजरात विधानसभा चुनाव में जीत की मंशा को लेकर लगातार रैलियां कर रहे केजरीवाल की टेंशन उस समय शायद बढ़ गई होगी। जब दिल्ली में एससीडी चुनाव की तारीख का ऐलान हुआ होगा। दिल्ली में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर विरोधियों के निशाने पर आ रहे केजरीवाल के लिए दिल्ली एमसीडी चुनाव में जीत हासिल करना भी आसान नहीं होगा। हालांकि केजरीवाल ने दिल्ली में फैले प्रदूषण को लेकर जिम्मेदारी ली है, लेकिन विरोधी पार्टी केजरीवाल से इस्तीफे मांग कर रही है।

क्या कूड़े के पहाड़ के सहारे एमसीडी चुनाव जीतेंगे केजरीवाल ?

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने एमसीडी में अपने 15 साल के कार्यकाल के दौरान दिल्ली में कूड़े का पहाड़ बना दिया और चार दिसंबर को होने वाले निकाय चुनाव में लोग आम आदमी पार्टी (आप) को चुनेंगे। दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए 4 दिसंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती 7 दिसंबर को होगी।

दिल्ली के राज्य निर्वाचन आयुक्त विजय देव ने शुक्रवार को तारीखों की घोषणा की। इसी के साथ राष्ट्रीय राजधानी में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, पिछले 15 साल में भाजपा ने पूरी दिल्ली में कूड़ा फैला दिया है, उन्होंने जगह-जगह कूड़े के पहाड़ बना दिए हैं। चार दिसंबर को इस बार दिल्ली की जनता साफ-सफाई के लिए वोट देगी। दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनता वोट देगी। इस बार दिल्लीवासी नगर निगम में भी आप को चुनेंगे।

भाजपा पूर्व विधायक प्रत्याशियों को भी उतार सकती है निगम चुनावों में

भास्कर ब्यूरो

दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां और भी तेज कर दी हैं। उम्मीदवारों के मामले में सोमवार से शुरू हुई रायशुमारी की रिपोर्ट आज पार्टी मुख्यालय में आलाअधिकारियों को सोंपी जायेगी। सूत्रों का कहना है कि पार्टी कुछ वार्डों के लिए ऐसे उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार कर सकती है जोकि पहले भी विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं तो निगम की कुछ सीटों पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशियों को भी टिकट दिया जा सकता है। हालाँकि अनेकों पूर्व विधायक प्रत्याशियों ने निगम चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। सूत्रों की माने तो करीब एक दर्जन ऐसे नेता हैं जो एक या एक से ज्यादा बार पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। अब भाजपा उन्हें नगर निगम चुनाव में उतारने का विचार कर रही है, वही दूसरी ओर 80 फीसदी से ज्यादा निवर्तमान (2017 से 2022 वाले) पार्षदों का टिकट भी काटना तय है। हालांकि इस बार भाजपा ने इस बार सभी पार्षदों के टिकट काटने का ऐलान नहीं किया है। दिल्ली में भाजपा के नेताओं ने नगर निगम के सभी 250 वार्डों में जाकर सोमवार को रायशुमारी की है। कुछ इलाकों में आज भी जनता की राह ली गई। इसके साथ ही मंगलवार की शाम को सभी पर्यवेक्षक अपनी-अपनी रिपोर्ट पार्टी के आला पदाधिकारियों को सोंप देंगे। आपको बता दें कि दिल्ली में भाजपा मुख्यालय आजकल बेहद गुलजार है। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सैकड़ों की संख्या में टिकटार्थी और कार्यकताओं का जमावड़ा लगा रहता है। दिल्ली नगर निगम चुनाव में दावेदारी के लिए अपने अपने रिजूम पार्टी के पदाधिकारियों को सोंप रहे है और पार्टी कार्यालय में इसके लिए एक लग सा बॉक्स बनाया गया है, ताकि लोग इसमें अपना-अपना रिजूम डालकर रहे है, वही दूसरी ओर प्रदेश संगठन महामंत्री से मिलने वालों की लंबी कतारें प्रदेश कार्यालय में देखी जा रही हैं। संगठन महामंत्री रिजूम लेकर आने वाले सभी लोगों से मिल रहे हैं। कई अलग-अलग बैठकों के बाद सोमवार देर शाम को भी रिजूम लेकर आने वालों से महामंत्री मुलाकात कर उनका हालचाल जान रहे है। 12 नवंबर को जारी होगी उम्मीदवारों की सूची दिल्ली प्रदेश बीजेपी की ओर से निगम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची 12 नवंबर तक जारी किये जाने की उम्मीद बरकरार है और पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि नामांकन की आखिरी तारीख से दो दिन पहले सूची जारी कर दी जायेगी। यदि कुछ सीटों पर नाम तय करने में देरी होती है तो उसे अगले दिन तक जारी कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सोमवार से रायशुमारी का काम शुरू हो गया है। जल्दी ही उम्मीदवारों के नाम तय कर लिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने कार्यकताओं को बहुत पहले से जनता के बीच रहने और उनकी मदद करने के लिए बोला हुआ है।

श्री गुरु नानक देव जी के 553वें प्रकाश उत्सव पर कृष्णा नगर में नगर कीर्तन निकाला गया

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। कृष्णा नगर में श्री गुरु नानक देव जी के 553वें प्रकाश उत्सव पर एफ ब्लॉक गुरू सिंह सभा द्वारा मंगलवार को नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा दिल्ली प्रदेश के सिख प्रकोष्ठ के सह प्रभारी स0 गुरमीत सिंह सूरा सहित सिख समुदाय के अन्य लोगों ने हाजिरी भरी और पंज प्यारे साहिबान और संगत का आशीर्वाद लिया। इस नगर कीर्तन में हिन्दू भाईयों और सिख भाईचारा ने मिलकर सेवा की। इस अवसर पर नगर कीर्तन निकाल कर शहर वासियों को प्रकाशोत्सव की बधाई दी। संगत ने शबद गाते हुए गुरु नाम की महिमा का गुणगान किया।

गुरमीत सिंह सूरा ने बताया कि गुरु नानक देव महाराज के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य पर एक सप्ताह से पूरे क्षेत्र में प्रभात फेरियां निकाली गईं। मंगलवार सुबह 5 बजे से 2 बजे तक अंतिम प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें गुरु की पालकी, पंज प्यारों के साथ नगर कीर्तन निकाला और सिख संगत ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। गुरमीत सिंह सूरा ने बताया कि इस अवसर पर लंगर भी लगाया गया और सभी लोगों ने लंगर ग्रहण किया। नगर कीर्तन में राजेन्द्र सिंह, बब्बर भाटिया, प्रीतपाल सिंह आनंद, धर्मेंद्र सिंह चहल, सिमरनदीप सिंह, राजेश चड्ढा, राजेश खन्ना सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी अजय कुमार का किया स्वागत

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के नेतृत्व में आज प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अतिरिक्त प्रभारी अजय कुमार का जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में दिल्ली निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जमीन से जुड़े कांग्रेस कर्मठ कार्यकर्ताओं को निगम चुनावों में मौका देगी। उत्साहित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदूषण, भ्रष्टाचार बनाम चमकती विकसित दिल्ली के नारे पर निगम चुनाव लड़ेगी। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में भाजपा के 15 वर्षों के शासन और 8 वर्षों की अरविन्द केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार, कुप्रशासन, कुप्रबंधन, प्रदूषण को दिल्लीवासियों के समक्ष उजागर करेंगे कि भाजपा और आम आम आदमी पार्टी प्रचार के बल पर सत्ता चला रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा और आम आदमी पार्टी के आचरण और जनता के साथ बेरुखी के कारण दिल्लीवासियों में रोष है जिसके कारण दिल्ली में परिवर्तन होना निश्चित है। निगम चुनावों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों ने भारी संख्या में

आवेदन किया है और पार्टी निगम में कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ, क्षेत्रीय जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को टिकट देगी। दिल्ली में जनता के कांग्रेस के प्रति रुझान को देखते हुए मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि दिल्ली में मेयर कांग्रेस का होगा। नव नियुक्त दिल्ली प्रभारी अजय कुमार ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश की जनता में जो जोश और सैलाब उमड़ा है उसका दिल्ली में असर दिखाई पड़ रहा है, दिल्लीवासी एक बार फिर कांग्रेस की ओर देख रहे है। मैं मौजूद सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करता हूँ कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 लोगों की टीम के साथ काम करें और कांग्रेस प्रत्याशियों को एकजुट होकर विजयी बनाऐ। उन्होंने कहा कि काग्रेस उम्मीदवार और कार्यकर्ता घर-घर जाकर निगम में भाजपा के 15 वर्षों और आम आदमी पार्टी के 8 वर्षों के कुशासन और भ्रष्टाचार, घोटालों, प्रदूषण, अक्षमता और निष्क्रियता का पदार्फाश करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा 15 वर्षों में जो हरित, स्वच्छ और विकसित दिल्ली बनाई थी, भाजपा और केजरीवाल सरकार ने उसे बर्बाद कर दिया। चौ. अनिल कुमार ने कांग्रेस कार्यकताओं से अपील की कि हमारे पास एक वार्ड में अधिक संख्या में उम्मीदवार है और पार्टी सिर्फ एक उम्मीदवार को वार्ड का प्रत्याशी बनाऐंगी। बाकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं कांग्रेस प्रत्याशी के साथ मिलकर उसे जिताने के लिए काम करे क्योंकि पार्टी में भविष्य में हर किसी को कुछ न कुछ देती है। इस समय हमारा एक ध्येय होना चाहिए कि कांग्रेस को निगम में एक तिहाई बहुमत से सत्ता हासिल करे, इसके लिए मुझे कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं से काफी उम्मीदें है जिन्हें आप लोग ही साकार कर सकते है।

सार सुर्खियां

नगर निगम आयुक्त का औचक निरीक्षण जारी

गाजियाबाद, भास्कर ब्यूरो। शहर हित के कार्य और निगम उन्मुख परियोजनाओं को बेहतर करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ लगातार निरीक्षण कर रहे है। खास बात यह है कि निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का आयुक्त ने मनोबल भी बढ़ाया। इसी क्रम में आज सुबह नगर आयुक्त ने सबसे पहले इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रत्येक वार्ड से होने वाले कचरा पृथक्करण की जानकारी ली। इसके अलावा शिकायतों के निस्तारण और कूड़ा कलेक्शन प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की। उसके बाद उन्होंने रमते राम रोड स्थित निगम पार्किंग का निरीक्षण भी किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता हुई गायब

हाथरस/सिकंदराराव, भास्कर ब्यूरो। कोतवाली क्षेत्र के गांव लिहा में एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गयी। जब इसकी खबर मायके पक्ष के लोगों को हुयी तो तो उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर विवाहिता को जान से मारकर गायब करने के गम्भीर आरोप लगाये। जिसके बाद पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर मामले की गहनता से छानबीन में जुट गयी है। मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर पीड़ित पिता सुरेंद्र सिंह पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी गांव अल्हैदीनपुर थाना हसायन ने ससुरालीजनों पर पुत्री को जान से मारकर गायब करने का गम्भीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री आरती की शादी क्षेत्र के गांव लिहा आलमपुर निवासी जगमोहन पुत्र जगदीश के साथ सामथ्यार्नुसार दान दहेज देकर 11 दिसंबर 2019 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ की थी।

केजरीवाल, सत्येन्द्र जैन और सुकेश का पॉलीग्राफ लाई डिटेक्टर टेस्ट होनी चाहिए : मनोज तिवारी

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी ने आज एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ऊपर आरोप ना लगकर आम आदमी पार्टी के किसी अन्य नेता या केजरीवाल सरकार के मंत्रियों पर लगते थे लेकिन अब आरोप प्रत्यक्ष रुप से केजरीवाल पर लगा है जिसका जवाब उन्हें देना पड़ेगा। भाजपा यह मांग करती है कि अरविंद केजरीवाल, सत्येन्द्र जैन और सुकेश चंद्रशेखर की पॉलीग्राफ लाई डिटेक्टर टेस्ट होना चाहिए और उसका लाइव प्रसारण मीडिया में प्रसारित हो। प्रेसवार्ता में प्रदेश

प्रवक्ता अजय सहरावत भी उपस्थित थे। तिवारी ने आम आदमी पार्टी की ओर से लगाए जा रहे आरोप का जवाब देते हुए कहा कि अगर सुकेश चंद्रशेखर से कोई जबरदस्ती पत्र लिखवा रहा है, तो यह भी केजरीवाल सरकार की लापरवाही का नतीजा है। ऐसा इसलिए क्योंकि सुकेश जिस मंडावली जेल में बंद है, वह केजरीवाल सरकार के अंतर्गत आता है और साथ ही जेल मंत्री भी जेल के अंदर बंद है तो ऐसे में अगर जेल के अंदर से पत्र लिखा जा रहा है तो यह सिर्फ जेल प्रशासन और केजरीवाल सरकार की लापरवाही का नतीजा है। आम आदमी पार्टी किस मुँह से भाजपा को दोष दे रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव शराब माफियाओं से वसूल किए गए पैसों से लड़ा गया और ऐसे ही आने वाले चुनाव के लिए सुकेश चंद्रशेखर जैसे लोगों से पैसे वसूलने का काम किया जा रहा था जिसकी पोल खुल चुकी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी को भ्रष्टाचार करते देख भाजपा कभी बर्दास्त नहीं करेगी और अगर इस पर केजरीवाल कुछ कार्रवाई नहीं करते तो भाजपा इस पर आगे भी आवाज उठाती रहेगी।

दिल्ली में कूड़े के पहाड़ की राजनीति करने वाले पंजाब को बना रहे हैं कूड़ाघर : आदेश गुप्ता

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली में कूड़े के पहाड़ की राजनीति करने वाले पहले अपनी गिरबान में झांककर देखें। वो बताएं कि पंजाब के छोटे छोटे शहरों में भी इतने बड़े बड़े कूड़े के पहाड़ क्यों खड़े हैं? दिल्ली में नगर निगम चुनावों को देखते हुए जो ज्ञान दिल्ली में दे रहे हो, वो पंजाब में भी इस्तेमाल करें। आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में वो लगातार झूठ की राजनीति कर रहे हैं। जनता को ये समझना चाहिए, जो आम आदमी पार्टी अपने शासन में पंजाब से कूड़े के पहाड़ नहीं हटा पा रहे, वो दिल्ली में क्या करेंगे। वो रोज कूड़े के नाम पर दिल्ली के 60 हजार सफाई कर्मचारियों का अपमान कर रहे हैं। ये वहीं सफाई कर्मचारी है, जिन्होंने कोरोना के मुश्किल समय में पूरी दिल्ली की सफाई की।

आदेश गुप्ता ने कहा कि, हमने दिल्ली में कूड़े की समस्या को दूर करने के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट

- पंजाब में छोटे छोटे शहरों में लगा है कूड़े के पहाड़ों का अंबार

लगा दिए हैं। कूड़े के पहाड़ों को हाइट कम कर दी है, हम अगले दो साल में ये पूरी तरह से खत्म करने जा रहे हैं। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि पंजाब में तो आम आदमी पार्टी ने पिछले 8 महीनों में कुछ नहीं किया। पंजाब में छोटे छोटे शहरों में बड़े बड़े पहाड़ हैं, इनमें से कुछ की जानकारी नीचे दी जा रही है, उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी इन कूड़े के पहाड़ों के बारे में भी दिल्ली की जनता को बताएगी।

लुधियाना में ताजपुर में कूड़े का पहाड़

लुधियाना में ताजपुर में कूड़े के पहाड़ की हाइट तो कुतुबमीनार से भी ज्यादा है। अभी पंजाब सरकार सिर्फ ये सोच रही है कि उस कूड़े का करना क्या है, जबकि हमने यहां दिल्ली में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट चालू भी कर दिया है।

जालंधर में वरियाणा में कूड़े का पहाड़

जालंधर में वरियाणा में कूड़े के पहाड़ बना हुआ है, वहां तो इनकी सरकार है, दिल्ली में ये बड़ी बड़ी बातें करते हैं, लेकिन पंजाब में तो कूड़े की समस्या का ठीक करके दिखाए। जालंधर में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए, वहां वरियाणा में कूड़े के पहाड़ पर कूड़े का कोई इंतजाम नहीं हो पा रहा। इस कूड़े के कारण जालंधर की स्वच्छता रैंकिंग 150 से नीचे है।

अमृतसर के भगतावाला में कूड़े का पहाड़

गुरु की नगरी अमृतसर में भी आम आदमी पार्टी की सरकार कूड़े के पहाड़ का कुछ नहीं कर पाई है। वहां भी कूड़े के पहाड़ से लोग भगवंत मान सरकार को कोस रहे हैं।

मोहाली में कूड़े इंडस्ट्रियल एरिया में कूड़े का पहाड़

मोहाली जैसे छोटे शहर के इंडस्ट्रियल एरिया फेस8बी में भी आम आदमी पार्टी कूड़े के पहाड़ को खत्म नहीं कर पा रही है। ऐसे में किस आधार पर वो दिल्ली की बातें कर रही है। वहां तो इन्होंने 16 स्थानों पर कूड़े के पहाड़ बनाना शुरू कर दिया है। दिल्ली में भी केजरीवाल सरकार इसी योजना को लागू करने की बातें कर रही है।

गुप्ता ने कहा कि जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, उन राज्यों में सफाई का स्तर बहुत ऊपर है। देश के तीन सबसे साफ शहर इंदौर, सूरत और नवी मुंबई इन सभी में भाजपा की सरकारें हैं।

एमसीडी चुनाव : 'कूड़े पर जनसंवाद' अभियान की शुरुआत

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को एमसीडी चुनाव के तहत कूड़े पर जनसंवाद अभियान की शुरूआत की। आज पहले दिन विधायक आतिशी ने अपनी विधानसभा कालकाजी में जनसंवाद किया। इस दौरान लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। आतिशी ने जनसभा में भाग लेने वालों से भाजपा शासित एमसीडी की मुख्य जिम्मेदारी यानी कि दिल्ली की साफ सफाई से संबंधित कुछ सवाल पूछे। सभी का यही कहना था कि भाजपा ने पिछले 15 सालों में दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा करने के सिवाय कुछ नहीं किया है। लोगों ने खुलकर कहा कि इस बार वह एमसीडी में भी अरविंद केजरीवाल की सरकार चाहते हैं। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कालकाजी से विधायक आतिशी ने कहा कि 4 दिसंबर को एमसीडी का चुनाव है। यह चुनाव किसी पार्टी का नहीं

बल्कि आपकी हमारी गली मोहल्ले का चुनाव है। आपकी हमारी गली मोहल्ले में अगले 5 सालों में साफ-सफाई होगी कि नहीं, उसका चुनाव है। सभी को पता है कि दिल्ली में इस वक्त दो सरकारें चल रही हैं। एक है अरविंद केजरीवाल की सरकार, जो 24 घंटे बिजली देती है, सस्ती बिजली देती है, जीरो बिजली का बिल देती है। मुफ्त पानी देती है। मोहल्ला क्लीनिक देती है जिसमें डॉक्टर, दवाइयां, टेस्ट सब कुछ मुफ्त है। अरविंद केजरीवाल जी की सरकार ने सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बना दिया। हम जहां खड़े हैं यहां से 500 मीटर की दूरी पर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस है। वहां पर 50 सीटों पर एडमिशन के लिए इस साल 2000 बच्चों ने फॉर्म भरा था। यह है अरविंद केजरीवाल की सरकार। अरविंद केजरीवाल जी ने महिलाओं को बस यात्रा मुफ्त दी। बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा मुफ्त में दी। दूसरी तरफ पिछले 15 सालों से एमसीडी में भाजपा की सरकार है। एमसीडी का एक सबसे जरूरी काम साफ-सफाई है। मैं जनता से पूछना चाहती हूं कि आपके इलाके में साफ सफाई होती है या नहीं होती है? आप दिल्ली में किसी भी इलाके में चले जाएं, हर जगह कूड़े का ढेर है। दिल्ली में रहने वाला हर व्यक्ति, चाहे वह अमीर हो या गरीब, हर घर के सामने कूड़े का ढेर दिखाई देता है। भाजपा ने पिछले 15 सालों में दिल्ली को तीन बड़े-बड़े कूड़े के पहाड़ दिए हैं, भलस्वा, ओखला और गाजीपुर का कूड़े का पहाड़। इतने सालों में यह कूड़े के पहाड़ लगातार बढ़ते रहे हैं। पहले हम कहते थे कि दिल्ली कुतुब मीनार का शहर है, इंडिया गेट का शहर है। अब हम कहते हैं कि दिल्ली कूड़े के पहाड़ों का शहर है। 15 सालों में भाजपा ने हमें दिल्ली में यह दिया है। जो लोग कूड़े के पहाड़ों के आस-पास रहते हैं, कभी उनसे जाकर पूछिए। 5 किलोमीटर तक कूड़े की बदबू आती है। आसपास चील, कौवे उड़ते रहते हैं। कूड़े के पहाड़ों की वजह से पानी भी दूषित हो जाता है, जिसकी वजह से बहुत गंभीर यानी कैंसर जैसी बीमारियां होती हैं।

सिसोदिया और गोपाल राय के नेतृत्व में आगामी एमसीडी चुनाव को लेकर हुई आप विधायकों की अहम बैठक

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने एमसीडी चुनाव की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में आज एमसीडी चुनाव की तैयारी पर चर्चा के लिए सभी ह्यआपह्ल विधायकों की एक केंद्रीय समीक्षा बैठक बुलाई गई। जिसमें एमसीडी चुनाव से संबंधित अहम मुद्दों पर विस्तार में चर्चा की गई। और चुनावी रणनीतियों के खाखा पर चर्चा की गई। दिल्ली की 250 सीटों पर एमसीडी चुनाव की तैयारी के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आम आदमी पार्टी ने एमसीडी चुनाव के तहत आज यानी कि 8 नवंबर से कूड़े पर जनसंवाद अभियान की शुरूआत कर दी है। इसको लेकर विधायकों को व्यक्तिगत रूप से निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जनसंवाद के माध्यम से आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी लोगों से कूड़े से जुड़ी समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान पर चर्चा करेंगे। साथ ही लोगों को भाजपा शासित एमसीडी की दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा करने की मंशा से अवगत कराएंगे। दिल्ली के एक-एक व्यक्ति से जमीनी स्तर पर जुड़ने के निर्देश दिए गए। आम आदमी पार्टी की ओर से भाजपा शासित एमसीडी द्वारा दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा करने के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जाएगा।20 नवंबर तक दिल्ली के सभी 13682 बूथों पर जनसंवाद किए जाएंगे। आप विधायकों के नेतृत्व में हर दिन लगभग 500 जनसभा करने का निर्णय लिया गया है। जनसभाओं के आयोजन से संबंधित रणनीति पर चर्चा की गई।

ISHAN INSTITUTE OF PHARMACY, GREATER NOIDA

VACANCIES FOR
B. Pharm & D. Pharm Courses
Invites Application for following posts within 10 days by Email/Hard Copy
Posts: Professors, Associate Professors, Assistant Professors, Admin Staff, Librarian, Assistant Librarian, Lab Technicians & Assistants.
Qualifications and Experience as per Pharmacy Council of India Norms
Salary: As per UP Govt./GOI Norms
Campus: Plot 2, Knowledge Park 1, Greater Noida-201310
Email: hr@ishan.ac
Mob.: 9319213520, Ph.0120-2334410

संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा ए0जी0एस0 पब्लिकेशन्स, एफ 23, सेक्टर-06, नोएडा से मुद्रित एवं एफ 23, सेक्टर-06 से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। **वेबसाइट:** dainikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालय: 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद-201002 उत्तर प्रदेश, ई-मेल: nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712

खेल नीति पर जमकर बरसे जयंत चौधरी,कहा यूपी में सुविधाओं का टोटा

भास्कर ब्यूरो

बागपत। पहुचे राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी ने कहा कि छोटा–से राज्य दिल्ली के खिलाड़ी नेशनल गेम्स में ढेरों पदक जीत लेते हैं जबकि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी पीछे रहते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण सुविधाओं का अभाव है। मेरे द्वारा अपनी सांसद निधि खिलाड़ियों को सुविधाएं देने के लिए समर्पित की हुई है क्योंकि हम चाहते हैं कि खेल और खिलाड़ी के विकास पर पूरा ध्यान दिया जाए। दरअसल, राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी आज कंडेरा गांव में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे थे। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि अभी गुजरात में जो नेशनल गेम्स हुए थे उसमें उत्तर प्रदेश को आठवां स्थान मिला। एक छोटक–सी दिल्ली ने हमारे प्रदेश से ज्यादा पदक प्राप्त किये। प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाएं नहीं है। स्टेडियम, तकनीकी शिक्षा देने वाले गुरु होने चाहिए, सरकारी नौकरी में प्राथमिकता हो, तभी खिलाड़ी प्रोत्साहित होते हैं। उन्होंने कहा कि ष्खुद मेरे द्वारा भी 100 प्रतिशत सांसद निधि को खेल के ढांचे को तैयार करने के लिए समर्पित किया हुआ है। जयंत चौधरी ने खतौली प्रकरण पर उन्होंने कहा कि देश में कानून व्यवस्था है यह सिद्ध हो चुका है। यहां के चुनाव में गठबंधन का प्रत्याशी दमदार होगा और मजूबती से रालोद के सिंबल पर चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा ना करके चीतों पर सस्ती चर्चा करने में ज्यादा खुश है। निकाय चुनाव पर बोलते उन्होंने कहा कि रालोद मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

संघर्ष में छह आरोपी दबोचे

भास्कर ब्यूरो,

बड़ौत। नगर की सरकुलर रोड पर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में मंगलवार पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।घायलों में साजिद पुत्र वाहिद, आदिल पुत्र याकूब, आंसु पुत्र कल्लू व कल्लू तकिया वाली मस्जिद के पास रहने वाले है। घायल साजिद ने बताया कि सोमवार की शाम सुनहरी मस्जिद के पास रहने वाले कुछ युवक घर के बाहर खड़े हुए थे, तभी युवकों ने परिवार की महिलाओं व युवतियों के प्रति गाली देना शुरू कर दिया। इस पर परिवार के लोगों ने उन्हें रोका तो उन्होंने गाली–गलौच शुरू कर दी और हाथापाई का प्रयास किया। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने मामला शांत करा दिया। आरोप लगाया कि एक घंटे बाद आठ से दस लोग लाठी–डंडे व धारदार हथियार लेकर घर में घुस गए और मकान के अंदर बैठे लोगों पर हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को छह आरोपी सुहेल,अनस,आकिब,मासूम,वाजिद व एक बाल आपचारी को गिरफ्तार किया।

सार सुर्खियां

रालोद सुप्रीमो का चेयरमैन ने किया स्वागत

भास्कर ब्यूरो,बागपत। जनपद के कंडेरा गांव में वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करने जा रहे रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी का रालोद कार्यकर्ताओ ने शहर के राष्ट्रीय वंदना चौक पर स्वागत किया।मंगलवार को कंडेरा गांव में वालीबाल प्रतियोगिता व जनता के सुख दुख में शामिल होने पहुंचे राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी के स्वागत के लिए राजुद्दीन चेयरमैन के नेतृत्व में रालोद कार्यकर्ता राष्ट्रीय वंदना चौक पहुंचे। जहा पर लोगो ने जयंत चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया। रालोद सुप्रीमो ने राजुद्दीन चेयरमैन से चुनाव की तैयारी के बारे पूछा और मजबूती से चुनाव लडने को कहा इसके बाद उनका करवा आगे बढ़ गया। इस मौके पर ओमवीर ढाका, अजहर खान, अजेंद्र बली, आस मोहम्मद, कलीम अल्वी, नदीम खान, आदि मौजूद रहे।

बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

भास्कर ब्यूरो,बड़ौत। नगर में दिल्ली–सहारनपुर हाईवे पर मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन से बाइक में टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दिल्ली के रहने वाले दो युवक सुहेल व इरफान मंगलवार को नगर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। दोपहर के समय दोनो का नायरल पानी पीने का मन किया। इस पर दोनो बाइक लेकर दिल्ली रोड पर बुलेट बाइक के शोरूम के पास सड़क पर लगे नारियल के ठेले पर नारियल पानी पीने पहुंचे गए। दोनो ने बाइक पर बैठे हुए ही दो नारियल लिए और उनका पानी पीने लगे। इस दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी,जिससे उनके एक युवक उझलकर सामने खड़ी कार का शीशा तोड़ते हुए उसमें जा घुसा और दूसरा सड़क किनारे गिर गया। चालक अपने वाहन को लेकर वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी।

शोच करने गई महिला को दबोचा

भास्कर ब्यूरो,दोघट। थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर बने शौचालय में शोच करने गई महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी। महिला द्वारा शोर मचाने पर बचाव में आए उसके पति की भी युवक के सहयोगियों ने पिटाई कर दी। महिला ने दोघट थाने पर तहरीर दी है। दोघट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दोघट थाने पर तहरीर देकर बताया की वह अपने घर के बाहर बने शौचालय में शौच करने गई थी जैसे ही वह शौचालय में अंदर घुसने लगी तो पीछे से आए एक युवक ने उसका हाथ पकड़ लिया उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिसपर महिला ने शोर मचाया तो उसका पति घर के अंदर से निकलकर आ गया।

उधार दी हुई रकम मांगने पर युवक को पीटा

भास्कर ब्यूरो,दोघट। फौलादनगर गांव में उधार दी गई रकम मांगने गए व्यक्ति को घर में बंद कर चार लोगों ने पिटाई कर दी। व्यक्ति की पिटाई करने वाले व्यक्ति ने बाद में खुद ही थाने पहुंच दो लाख रूपए लूटे जाने की सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस को मामला झूठा मिलने पर दो लोगों का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। इंस्पेक्टर दोघट किरनपाल सिंह ने बताया की जानकारी करने पर पता चला की मिलाना निवासी व्यक्ति सलीम के फौलादनगर निवासी मतलूब पर 16 हजार रूपए उधार है मंगलवार को जब वह अपनी उधार दी गई रकम लेने गया तो वहां उसकी कहासुनी हो गई। जिसपर मतलूब व उसके साथियों ने सलीम को घर के अंदर बंद कर उसकी पिटाई कर दी। तथा इसके बाद मतलूब ने दोघट थाने पहुंच झूठी सूचना दे दी की उसके तीन चार लोगों ने दो लाख रूपए लूट लिए। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस को मामला झूठा पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने सलीम व मतलूब का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

परिवार को सांत्वना देने वालो का लगा तांता

भास्कर ब्यूरो, दोघट। रालोद के पूर्व प्रदेश सचिव एवं टीकरी चौयरमैन सोमपाल राठी के छोटे भाई सतवीर राठी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जिनका मंगलवार को देहरादून के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने वालो का तांता लगा रहा।

सगे भाई ने लगाई गन्ने के खेत में आग

भास्कर ब्यूरो,दोघट। टीकरी कस्बा निवासी बबलू सिंह ने दोघट थाने पर तहरीर देकर बताया की वह दिल्ली नौकरी करता है कस्बे में उसके ही सगे भाई साहब सिंह ने उसके खेत में खड़ी दो बीघा गन्ने की फसल में आग लगा दी। इंस्पेक्टर दोघट किरनपाल सिंह ने बताया की मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है आरोपित को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

भास्कर ब्यूरो,बिनौली। धनौरा सिल्वरनगर गांव के इंटरमीडिएट कालेज में मंगलवार को जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर समारोह हुआ। जिसमें बिनौली ब्लाक ओवरऑल चौंपियन बना। विजेता खिलाड़ियों की आतिथियों ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन हुई 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग स्पर्धा में पिलाना के यश प्रथम, बिनौली के अजय तोमर द्वितीय व अर्पित बागपत तृतीय रहे। सीनियर बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ स्पर्धा में विनीत राठी बिनौली प्रथम, मोइन सैफी छपरौली द्वितोय व शुभम चौधरी खेकड़ा तृतीय स्थान पर रहे। 26 स्वर्ण पदक लेकर बिनौली ब्लाक बना चौंपियन बना। विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विजेता खिलाड़ियों को डीआईओएस रविंद्र सिंह, प्रबंध संचालक डॉ. रेखा सिंह व आतिथियों ने मेडल व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य सुशील चौधरी ने खेल शिक्षकों व आतिथियों को शाल व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। राजगुरु तोमर के संचालन में हुए समारोह में प्रधानाचार्य सतेंद्र तोमर, तेजवीरी देवी, भरत सिंह, राजीव तोमर, गौरव राठी, सचिन राठी, सचिन कुमार राठी, भूपेंद्र सिंह, विशाल राय, राहुल तोमर, गौरव डबास आदि मौजूद रहे।

मीटर लगाने के विरोध में किसानों की पंचायत

भास्कर ब्यूरो

छपरौली। क्षेत्र के रठौड़ा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में ऊर्जा निगम कर्मचारियों द्वारा किसानों के निजी नलकूपों पर मीटर लगाने के विरोध में पंचायत का आयोजन किया।मंगलवार को राठोडा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में निजी नलकूपों पर मीटर लगाने के विरोध में किसानों ने पंचायत की पंचायत मे वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों को अन्नदाता बताती है।वही दूसरी ओर किसानों के निजी नलकूपों पर मीटर लगाकर बर्बाद करने पर तुली है। जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वेदपाल दादा तथा अन्य वक्ताओं ने भी किसानों के निजी नलकूपों पर ऊर्जा निगम के द्वारा लगाए जा रहे मीटर का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर वह नलकूपों पर मीटर नहीं लगने देंगे। अगर ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने किसानों की अनुपस्थिति में मीटर लगा भी दिए तो वह उखाड़ फेंक दिए जाएंगे। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार को रठोडा गांव में ही चौबीसी खाप के किसानों की की जाएगी जिसमें आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। पंचायत कीअध्यक्षता सत्यवीर सिंह तथा संचालन वेदपाल दादा ने किया। इस अवसर पर सूबेदार महावीर सिंह अब्बास इकबाल सदैव कमर पाल सोनपाल इंदर सिंह उपेश ओमपाल इंद्रपाल राजेंद्र सिंह कृपाल सिंह मास्टर बृजपाल आदि मौजूद रहे।

दौड़ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

भास्कर ब्यूरो

बड़ौत। सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, शिक्षा निदेशक निर्दोष शर्मा व निदेशिका चारू जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।सुबह से ही सभी प्रतिभागी अपनी अपनी प्रतियोगिता का बेसब्री से इंतजार करते नजर आए।एक नई उमंग नया जोश तथा कुछ कर दिखाने का जुनून सभी के सिर पर सवार था। स्कूल प्रांगण मानो प्रतिभागियों के उत्साह से जगमगा रहा था। 400 मीटर दौड़ में नाइल हाउस प्रथम एवरेस्ट द्वितीय तथा अमेजन हाउस तृत्य स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में अमेजॉन प्रथम तथा एवरेस्ट द्वितीय स्थान पर रहा। 1600 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, आशीष द्वितीय तथा उदय तृतीय स्थान पर रहे। रिले रेस में नाइल हाउस प्रथम अमेजन हाउस द्वितीय तथा एवरेस्ट हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कबड्डी, क्रिकेट, टग ऑफ वार तथा खो खो मे नाइल हाउस, अमेजन हाउस, पेसिफिक हाउस तथा एवरेस्ट हाउस के बच्चों ने खूब दमखम दिखाया। अंत में निदेशिका चारू जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है।इसमें बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण हो रहा है तथा देश विदेश में हमारे क्षेत्र की प्रतिभागी आगे आ रहे हैं।

चीनी मिलों पर अभी भी करोड़ों रुपया बकाया

भास्कर ब्यूरो

बागपत। चीनी मिलों पर अभी भी किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है और चीनी मिलें नए सत्र की तैयारियों में जी–जान से जुटी हैं। प्रशासनिक अधिकारी बकाया भुगतान दिलाने का प्रयास तो कर रहे हैं, लेकिन यह प्रयास किसानों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। मलकपुर चीनी मिल का वर्ष 2022–23 का नया पेराई सत्र जल्द ही शुरू होने जा रहा है। मिल प्रबंधन पांच नवंबर से मिल का पेराई सत्र शुरू करने की बात कह रहा है। हालांकि चीनी मिल के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। वहीं दूसरी ओर अभी तक पेराई सत्र 2021–22 का भी पूर्ण गन्ना भुगतान किसानों को नहीं हो पाया है। अभी भी चीनी मिल पर लगभग 300 करोड रुपये का बकाया है जो अन्य चीनी मिलों से कई गुणा अधिक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह घोषणा कर चुके हैं कि नया पेराई सत्र शुरू होने से पहले किसानों को पुराने पेराई सत्र का पूर्ण भुगतान किया जाएगा। मलकपुर चीनी क्षेत्र का लगभग 23 हजार हेक्टेअर गन्ने का रकबा है, जिसमें लगभग 35 हजार किसान चीनी मिल में अपना गन्ना डालते हैं। तीन दिन पहले ही बागपत आए प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने मलकपुर चीनी मिल के मामले में कहा था कि यह एक निजी मिल हैं और बकाया गन्ना भुगतान दिलाने के लिए मिल को नोटिस देकर उनसे शपथ पत्र लिए गए हैं। 30 दिसंबर तक चीनी मिल से किसानों का भुगतान कराया जाएगा।वहीं रमाला सहकारी चीनी मिल की बात करें तो चीनी मिल पर 37 करोड़ रुपया बकाया चल रहा है। इस भुगतान को कराने के लिए प्रदेश मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह ने मिल प्रबंधन को 15 नवंबर तक का समय दिया है। अब देखना यह होगा कि क्या तय किए गए समय के भीतर किसानों को भुगतान हो पाता है या फिर इस बार भी ये केवल कोरे आश्वासन साबित होने जा रहे हैं।

मेहनत के बल पर किया जा सकता है मुकाम हासिल

भास्कर ब्यूरो

बड़ौत। जनता वैदिक डिग्री कॉलेज के मैदान पर मंगलवार को स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें यूपी पुलिस व सीआरपीएफ में सब–इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए क्षेत्र के युवाओं का जोरदार स्वागत किया गया। आयोजित समारोह का शुभारंभ कोच उपेन्द्र तोमर ने किया। उपेन्द्र तोमर ने बताया कि कड़ी मेहनत व लग्न से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है, लेकिन यह जानकारी होते हुए भी आज भी बहुत से युवा शार्टकट का रास्ता अपनाकर सफलता प्राप्त करना चाहते है, जोकि गलत है। उन्होंने बताया कि हाल ही क्षेत्र के दो युवाओं का सीआरपीएफ व चार युवाओं का चयन यूपी पुलिस में सब–इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। जिनमें बड़ौत नगर के युवक गौरव चौधरी का सीआरपीएफ में सब–इंस्पेक्टर, हिलवाडी गांव के संदीप तोमर का भी सीआरपीएफ में सब–इंस्पेक्टर व खेड़ा हटाना गांव के विनित दांगी, महावतपुर गांव की प्राची तोमर पुत्र जयवीर सिंह तोमर, सिरसलगढ की ईशिका व जिवाना गांव के दीपक तोमर का यूपी पुलिस में सब–इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया।

बिना किताबों के ही होंगी वार्षिक परीक्षाएं

भास्कर ब्यूरो

बागपत। शिक्षा विभाग इस बार भी अप्रैल में सेशन की शुरुआत के पहले दिन से किताबें मुहैया करवाने में नाकाम रहा है। स्कूल लगने के 8 महीने के बाद भी किताबों के अभाव में बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तरह बच्चे वार्षिक परीक्षाएं किताबों के बगैर ही देंगे।दरअसल, बिना पाठ्य पुस्तकों के परिषदीय, माध्यमिक विद्यालयों में पढाई हर बार शुरू होती हैं। सत्र आधा बीत जाता है, लेकिन किताबों का मुंह तक बच्चे नहीं देख पाते। कुछ वैसा ही हस्र शैक्षिक सत्र 2022–23 का भी हो रहा है। परिषदीय विद्यालयों की बात करें तो इनमें तो अधिकांश पुस्तकें बच्चों को मिल चुकी हैं, लेकिन माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों को पुस्तकें अभी तक नहीं मिली हैं। कुछ विद्यालयों में जो पुस्तकें मिली भी हैं, वे आधी अधूरी हैं। अद्ध 'वार्षिक परीक्षाओं को बच्चों ने बिना नई पुस्तकों के ही पूर्ण कर लिया है। स्कूलों में शिक्षकों ने जैसे–तैसे पुराने सत्र की पुस्तकों की व्यवस्था कर बच्चों को उपलब्ध भी कराया, लेकिन ये पुरानी पुस्तकें भी कटी–फटी, गंदी हो चुकी हैं। ऐसी हालत में सरकार के सर्वशिक्षा अभियान दावों को भी पलीता लग रहा है। अगर पुस्तकों के वितरण की गति ऐसी ही रही तो शासन की श्सब पढ़े–सब बढ़ेश की मंशा कैसे पूरी होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।आंकड़ों की बात करें तो जनपद में 483 प्राथमिक, 193 उच्च प्राथमिक व परिषदीय और 324 मान्यता प्राप्त विद्यालय है, लेकिन इन विद्यालयों में सिर्फ बड़ौत शहर में स्थित 12 विद्यालयों को नगरीय श्रेणी में रखा गया है। वहीं जनपद में एडेड विद्यालयों की संख्या 72 है, 14 राजकीय विद्यालय हैं और 12 वित्तविहीन विद्यालय हैं। सबसे अधिक फजीहत कक्षा छह से आठ तक के बच्चों की हो रही है। उदाहरण के तौर पर दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में कक्षा छह से आठ तक में कुल 317 बच्चे पंजीकृत हैं और इनमें से एक भी बच्चे को नए सत्र की पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल सकी हैं। प्रधानाचार्य वकीलचंद जैन का कहना है कि हर बार पुस्तकें प्राप्त करने के लिए बीआरसी बड़ौली कार्यालय से फोन आ जाता है, लेकिन इस बार कोई संपर्क उनके द्वारा नहीं किया गया है। इसके अलावा महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में भी 30 प्रतिशत ही पुस्तकें बच्चों तक पहुंच पाई हैं। यहां पर भी बच्चों को बिना पुस्तकों के ही अध्ययन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कीर्ति का कहना है कि जिन स्कूलों ने समय से बच्चों की सूची उपलब्ध करा दी थी, उनके यहां पुस्तकें जा चुकी हैं। जिन स्कूलों ने कोई सम्पर्क ही नहीं किया है, उन्हें कैसे पुस्तकें मिलेगी? अभी जितनी पुस्तकें प्राप्त हुई थी, उनका वितरण कराया जा चुका है।

धूमधाम से मनाया गया गुरुनानक का 553वां प्रकाश पर्व

भास्कर ब्यूरो

बड़ौत। गुरुनानक देव का 553वां प्रकाशपर्व मंगलवार को भक्तिभाव और धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां एक ओर गुरुद्वारे में सिख श्रद्धालुओं ने अरदास के साथ लंगर का आयोजन किया वहीं प्रकाशोत्सव पर देर शाम तक धार्मिक आयोजन का सिलसिला चलता रहा। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर पट्टी मेहर स्थित गुरुद्वारे को दुल्हन की तरह सजाया गया था। फूलों, रंगीन बल्बों की झालरों से गुरुद्वारे की छठा देखते ही बनती थी। सुबह सबसे पहले शबद–कीर्तन का आयोजन किया जिसमें सिख श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद ज्ञानी वीरेंद्र सिंह द्वारा अरदास कराई गई। मुजफ्फरनगर से आए अरदास कराने वाली टीम के सदस्यों अंकित सिंह, हरजीत सिंह, सोनसिंह ने गुरु नानक देव के जीवन पर आधारित कीर्तन सुनाए। बाद में गुरुद्वारे पर अतुट लंगर का आयोजन किया जिसमें सैंकड़ों लोगों ने लंगर चखा। सिख समुदाय ही नहीं बल्कि अन्य समुदाय के लोगों ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेक गुरु नानक देव के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। गुरविंदर कौर ने अपने द्वारा तैयार किया गया केक भी काटा। देर शाम तक गुरुद्वारे में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान भजन सिंह प्रधान, मंजीत सिंह, गुरुदेव सिंह, शमशेर सिंह, तरणदीप सिंह, कवलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, करणजीत सिंह, मस्तान सिंह, सुशील सिंह, पप्पू, विक्की, तेजपाल सिंह, जगपाल सिंह, जसवीर कौर, गुरजीत कौर, हरलीन कौर, नरेंद्र कौर, मनप्रीत कौर, रजनी कौर, डॉ. विशाल, डॉ. साक्षी, टिंकू आदि मौजूद रहे।

यमुना घाटों पर स्नान के लिए आगंतुकों में दिखा उत्साह

भास्कर ब्यूरो

बागपत। गंगा स्नान के पर्व पर जनपद के लोगों ने पवित्र यमुना नदी में स्नान कर पूजन अर्चन किया तथा आरती उतारी। इस दौरान गत वर्षों के मुकाबले बदरखा, यमुना ब्रिज, सांकरोद, जागोस सहित बागपत में पुलिस व प्रशासन द्वारा की गई विशेष तैयारी की बदौलत श्रद्धालुओं की भीड देखने को मिली तथा पूरे क्षेत्र में यमुना घाटों पर बिना किसी दुर्घटना के मेला और स्नान शांति पूर्वक संपन्न हुआ।गंगा स्नान मेला छपरौली कस्बे में लगा जहां पर उपस्थित भाजपा नेता एड भूपेंद्र शर्मा, बड़ौत एसडीएम सुभाष सिंह , सीओ बड़ौत, थाना छपरौली इंचार्ज नितिन पांडे ,सचिन प्रधान ककौर नीटू प्रदीप विकास आदि ने यमुना ने स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं की मदद की।वहीं जागोस में मंदिर समिति, ग्राम प्रधान परिवार के सुरेश शर्मा, पं उमेश कौशिक, विकास शास्त्री, संजीव कौशिक, समाजसेवी सुनील शर्मा ने आसपास के दर्जनों गांवों से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा की।बागपत के यमुना ब्रिज व पक्का घाट के आसपास के यमुना स्नान के लिए कच्चे घाटों पर जनसेवी संस्थाएं सक्रिय रही।

प्रदेश में भाजपा-गठबंधन नहीं धोखेबाज-ठगबंधन सरकार है : अभय सिंह चौटाला

भास्कर ब्यूरो

रोहतक । इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने भाजपा गठबंधन सरकार को ह्यधोखेबाज ठगबंधनह्ल करार देते हुए कहा कि यह ठगबंधन चुनाव जीतने के लिए प्रदेश की जनता से झूठे वायदे करते हैं और चुनाव संपन्न होते ही उन वायदों से मुकर जाते हैं। भाजपा ठगबंधन ने आदमपुर उपचुनाव से पहले गांव ढाणी मोहब्बतपुर के स्कूल को मर्ज करने से रोकने का पत्र जारी किया गया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आदमपुर उपचुनाव से पहले 30 अक्टूबर को आदमपुर के युवाओं से वर्चुअल संवाद में

इस स्कूल को मर्ज किए जाने को अधिकारियों की गलती बताया था और इस स्कूल को मर्ज न करने का वायदा किया था। उपचुनाव से ठीक पहले ढाणी मोहब्बतपुर के राजकीय हाई स्कूल को नजदीकी स्कूल में मर्ज न करने का पत्र भी जारी किया था, जिसे भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर भी किया था। अभय सिंह चौटाला ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि आदमपुर उपचुनाव में मतदान खत्म होते ही तुरंत बाद स्कूलों के मर्ज किए जाने की लिस्ट जारी कर दी गई, जिसमें आदमपुर के 17 स्कूलों के अलावा हांसी, बरवाला, नार नौंद के एक-एक स्कूल शामिल हैं।

वहीं अभय सिंह चौटाला ने रविवार की रात को आदमपुर हलके के गांव खैरमपुर में ह्यह्यस्कूल बचाओ-शिक्षा बचाओह्लह्ल कमेटी की तरफ से स्कूल में स्टाफ की कमी के चलते राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के बाहर पिछले 64 दिन से दिए जा रहे धरने के लिए लगाए गए टैंट को जलाने की घटना को घृणित और निंदनीय करार देते हुए कहा कि भाजपा ठगबंधन के गुंडों द्वारा यह घिनौना काम किया गया है इसकी जितनी भत्र्सना की जाए उतनी कम है।इस ठगबंधन ने जहां शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था का दिवालिया पीट दिया है वहीं रोजगार खत्म कर हरियाणा प्रदेश का सत्यानाश करके रख दिया है।

पराली नहीं जलाने वाली पंचायतों को मिलेगी लाखों रुपए की ईनाम राशि: मुनीष नागपाल

भास्कर ब्यूरो

फतेहाबाद। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के विशेष सचिव डॉ. मुनीष नागपाल ने मंगलवार को गाँव ढाणी बिन्जा लाम्बा में किसानों को सुपर सीडर चलाकर पराली प्रबन्धन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सरकार की इन सीटू, एक्स-सीटू व इन-सीट विथ डी कंपोजर स्कीम के तहत 1000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि हेतु विभाग के पोर्टल **www.agriharyana.gov.in** पर रजिस्ट्रेशन करवाने के बारे में प्रोत्साहित किया विशेष सचिव श्री नागपाल ने ग्रामीणों को बताया कि जिला फतेहाबाद कि जो ग्राम पंचायत रेड जोन में है और वहां धान के बचे

हुए फसल अवशेषों या पराली में कोई भी आगजनी की घटना नहीं होती है तो ऐसे गाँव को रेड जोन से ग्रीन जोन में जाने पर जिलास्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा उन्हें एक लाख रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार जो ग्राम पंचायत येलो जोन से ग्रीन जोन में आयंगे, उन्हें 50 हजार रुपए इनाम स्वरूप देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा जिला फतेहाबाद के नम्बरदार व ग्राम स्तरीय कमेटी के कार्य को देखते हुए उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने किसानों से किसी भी कीमत पर पराली नही जलाने की अपील की।

इस मौके पर कृषि विभाग से भीम सिंह कुलड़िया, उप मण्डल कृषि अधिकारी, फतेहाबाद, सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार, परियोजना अधिकारी, राधेश्याम, राकेश कूंट, कुलवंत बाजिया, विजय भादू ठगाँव के नम्बरदार हरी सिंह, सतपाल, जगदीश ठराय सिंह ठ अन्य काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

मुख्य सचिव के आदेशों के बाद फील्ड में उतरा शिक्षा विभाग

महेद्रगढ़ जिले के 100 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का एक साथ होगा निरीक्षण

जंगशेर राणा

चंडीगढ। मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल के आदेशों के बाद शिक्षा विभाग जल्दी ही अधिकारियों की पूरी टीम और तैयारियों के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। निदेशक सेकेंडरी शिक्षा विभाग डॉ अंशज सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय के अधिकारी महेंद्रगढ़ जिले से इसकी शुरूआत करेंगे।महानिदेशक डॉ अंशज सिंह ने निरीक्षण की तैयारियों को लेकर मंगलवार को निदेशालय में अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। मैराथन मोनिटरिंग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए विभागीय अधिकारी ने बताया कि शिक्षा दीक्षा शैक्षणिक पर्यवेक्षण के तहत करीब 100 अधिकारियों की टीम एक साथ महेंद्रगढ़ जिले के करीब 100 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का बारीकी से निरीक्षण करेगी।निरीक्षण टीम में विभाग के सभी

> ■ ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता भाजपा के विरोध में कर रहे हैं मतदान

एचसीएस,जॉइंट डायरेक्टर,डिप्टी डायरेक्टर ,सहायक निदेशक और डायरेक्टर रउएफ्ळ और कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहेंगे। निरीक्षण के दौरान छात्रों के शैक्षणिक स्तर,स्कूलों के सिविल कार्य,स्कूलों में मिड डे मील की क़्वालिटी, ऋछठ के तहत चलने वाले कार्यक्रमों की प्रोग्रेस रिपोर्ट ,ई अधिगम के तहत छात्रों को बांटे गए टैबलेट ,रक्ट कार्ड,ढअछ सॉफ्टवेयर,पुस्तक वितरण आदि का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा।इसी के साथ स्मार्ट क्लासरूम,बैग फ्री इंग्लिश मीडियम स्कूल ,साइंस किट और विभाग की ओर से चलाई जा रही अन्य प्रकार की गतिविधियों की भी जानकारी ली जाएगी।विभाग की ओर से विद्यालय को दी गयी ग्रांट का कितना और कैसे इस्तेमाल किया गया इसका भी निरीक्षण किया जाएगा ।अधिकारी स्कूलों की एसएमसी के सदस्यों और अभिभावकों से भी चर्चा करेंगे और उनकी परेशानियों और जरूरतों पर चर्चा करेंगे।विभागीय अधिकारी ने बताया कि उन्ही सेकेंडरी स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा जिनमे प्राइमरी विंग भी उपलब्ध होगी ताकि निपुण हरियाणा के तहत चलने वाले कार्यक्रमों का भी निरीक्षण हो सके।विभागीय अधिकारी ने बताया कि इस निरीक्षण के लिए बाकायदा एक शेड्यूल और पूरा प्रारूप तैयार किया गया है जिसके तहत हर विषय और पहलू की बारीकी से जांच की जाएगी।निदेशालय के अधिकारी पूरा दिन उसी स्कूल में बिताएंगे और अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। रिपोर्ट तैयार करने बाद सभी अधिकारी महेंद्रगढ़ के उपायुक्त कार्यालय में इकठ्ठा होंगे जहां महानिदेशक सेकेंडरी शिक्षा विभाग डॉ अंशज सिंह की अध्यक्षता और उपायुक्त महेंद्रगढ़ की मौजूदगी में रिपोर्ट का अवलोकन भी किया जाएगा।गौरतलब है कि मुख्य सचिव की ओर से सभी विभागाध्यक्षों को फील्ड में जाकर विभाग की गतिविधियों और चल रहे कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट लेने और परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए गए थे,जिसके बाद अब शिक्षा विभाग की ओर से हर शुक्रवार को जिला स्तर पर स्कूलों का निरीक्षण करने का फैसला लिया गया है।फिलहाल शुरूआत महेंद्रगढ़ जिले से की जा रही है,बाकी जिलों में स्कूलों के निरीक्षण से सम्बंधित तैयारियां भी विभाग की ओर से कर ली गई हैं।

जीवनभर चौ. छोटूराम की रीति-नीति व तौर तरीकों का रहूंगा सिपेहसालार : उपराष्ट्रपति

दैनिक भास्कर

रोहतक। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैं भारत के किसान की जितनी सेवा कर पाऊं, उतनी कम है। आज मेरे जीवन का निर्णायक व महत्वपूर्ण दिन है।सांपला के इस दीनबंधु सर छोटू राम स्मारक स्थल से एक संदेश लेकर जा रहा हूं और अपने पूरे जीवन चौधरी छोटूराम की रीति, नीति और तौर-तरीकों का सिपेहसालार रहूंगा।उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ रोहतक जिला के सांपला स्थित दीनबंधु सर छोटूराम के स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज इस स्थान पर आकर उन्हें जितनी खुशी और ऊर्जा मिली है, उसको वे शब्दों में बयान नहीं कर सकते हैं। मौसम खराब होने की वजह से सडक मार्ग से आना पड़ा।इस स्थान पर आने के लिए गाड़ी नहीं होती, तब भी मैं जरूर पहुंचता। इस स्थान पर आना मेरे जीवन का निर्णायक महत्वपूर्ण दिन है। मंगलवार मैं यहां से एक संदेश लेकर जा रहा हूं और उस संदेश के साथ जीवन भर चौधरी छोटूराम की रीति, नीति व तौर-तरीकों का सिपेहसालार के तौर पर अनुसरण करूंगा। अपने जीवन में भारत के किसान की जितनी सेवा कर पाऊं, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद हर हाल में मिलना चाहिए। किसान पुत्र को इस पद पर पहुंच कर जो सम्मान दिया गया है। उसके असली हकदार हमारे बुजुर्ग है। उन्होंने कहा कि सर चौ. छोटूराम जैसे महान लोगों ने इतिहास रचा। चौधरी छोटूराम के विचार देखिए कि उन्होंने सन 1923 में भविष्य की जरूरतों के अनुरूप भाखड़ा बांध बनवाने के लिए गंभीर प्रयास किये। इस चौधरी छोटूराम की जन्मस्थली को नमन करता हूं। हरियाणा की भूमि पावन भूमि है। जहां ऐसे महापुरुषों ने जन्म लिया। मनोहर के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है हरियाणा ।उपराष्ट्रपति ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री यशस्वी और ऊजार्वान हैं और 6 अगस्त को निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उन्हें हरियाणा की शुरूआत इस स्थान से करने को कहा था, जिसके लिए वे उनके आभारी हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। हर क्षेत्र में हरियाणा दूसरे राज्यो के लिए नजीर की भूमिका निभा रहा है। हरियाणा सरकार की कई ऐसी योजनाएं है, जिनको दूसरे राज्यों ने भी अपनाया है। हरियाणा प्रदेश में भ्रष्टाचार को खत्म करने और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता तथा मैरिट के आधार पर नौकरी देने के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के बाद देशभर के किसान आशीर्वाद देने आए। उसी दौरान सांसद बृजेंद्र सिंह ने मुझे चौधरी छोटूराम की पांच पुस्तके भेंट की, जो आज मेरे पुस्तकालय की सबसे अहम किताबें हैं। इन पुस्तकों से मुझे जीवन भर ऊर्जा और दिशा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि सर चौ. छोटूराम की कमी तो सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भी महसूस की थी। अगर बदलाव लाना है तो चौधरी छोटूराम की बातों पर अमल करना होगा। दीनबंधु सर चौ. छोटूराम स्मारक स्थल पर महामहीम उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

कृषि प्रधान के साथ हरियाणा को बनाएंगे कृषक प्रधान राज्य : मुख्यमंत्री

दैनिक भास्कर

नई दिल्ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उपराष्ट्रपति का हरियाणा में प्रथम आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा को कृषि प्रधान प्रदेश कहा जाता था। सरकार कोशिश कर रही है कि अब हरियाणा को कृषक प्रधान बनाया जाए। किसानों की आय कैसे बढ़े। इसको लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा हर क्षेत्र में आगे हैं। आबादी और क्षेत्र के हिसाब से हरियाणा देश का अग्रणी राज्य है। हम आईटी एक्सपोर्ट में पूरे देश में सबसे आगे है।उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी के हिसाब से भी हरियाणा काफी आगे है। हरियाणा के खिलाड़ी दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं और सेना में भी हमारे प्रदेश की भागीदारी 10 प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बरसात के पानी की निकासी के लिए जिला वाइज प्लान बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी के प्राकृतिक बहाव के आधार पर यह योजना तैयार होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत प्राकृतिक बहाव की ओर ड्रेन, झील अथवा तालाब बनाकर बरसात के पानी की निकासी की जाएगी। ये रहे मौजूद। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति की धर्मनत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, सांसद बृजेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पूर्व विधायक प्रेमलता, सतीश नांदल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय बंसल, नगर निगम के मेयर मनमोहन गोयल, कर्नल आर एस सुहाग के अलावा अधिकारियों में उपायुक्त यशपाल, पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्रपाल, हुडा की सम्पदा अधिकारी श्वेता सुहाग, सांपला के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सुभाष चंद्र जून, तहसीलदार गुलाब सिंह आदि उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति बनने के बाद हरियाणा के पहले दौरे से गौरवान्वित हुए जगदीप धनखड़

बलराम शर्मा

रोहतक। भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति बनने के बाद आज अपने पहले दौरे की शुरूआत किसानों के मसीहा दीनबंधु सर छोटू राम के गांव गढ़ी सांपला से कर स्वयं को सौभाग्यशाली माना और हरियाणा आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। अपने दौरे की शुरूआत हरियाणा से होने पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा चाहे वह अन्न की या सीमाओं की सुरक्षा की बात हो, हरियाणा के युवाओं में सदैव राष्ट्रभक्ति सर्वोपरी रही है और वे अपना सर्वोच्च बलिदान देने में भी पीछे नहीं हटते हैं। उपराष्ट्रपति आज रोहतक जिला में अस्थल बोहर में स्थित बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे। उनके साथ भारत की सेकंड लेडी डॉ. सुदेश धनखड़ भी विद्यार्थियों को अपना आर्शिवाद देने पहुंची। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में 2145 विद्यार्थियों को उपराष्ट्रपति ने डिग्रियां और मेडल प्रदान किए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा में ट्रांसफोर्मेशन की शक्ति होती है। दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन में बहुत अहम पल होता है, जिसे उन्हें कभी नहीं भूलना चाहिए। आज के बाद यहां से निकल कर विद्यार्थियों को राष्ट्र व समाज को सर्वोपरी रखते हुए सेवा भाव से समाज के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा मस्त नाथ विश्वविद्यालय देश के लिए संस्कारवान और देशभक्ति से परिपूर्ण युवाओं को शिक्षित कर रहा है और उन्हें खुशी है कि कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी ने जानकारी दी है कि जल्द ही यहां सैनिक स्कूल भी खोला जा रहा है।

देश के विकास में सहयोग करेगी: दुष्यंत चौटाला

दैनिक भास्कर

नई दिल्ली। जीएसटी टीम को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के प्रत्येक जीएसटी सदस्य की सक्रियता देश के विकास में सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले तीन सालों में बहुत कुछ सीखा है कि कैसे टैक्स प्रणाली में सुधार किया जाए, दिन-प्रतिदिन की मांग, छोटे व मंझौले धंधों को किस प्रकार से जीएसटी कांउसिल में कवर करना है। इसके बाद हमने कई निर्णय लिए हैं और उन निर्णयों की वजह से टैक्स व्यवस्था को तेज व बेहतर बनाने में काम किया गया जैसे कि डिजीटलीकरण से सहयोग मिला, ताकि राष्ट्र को आगे बढाया जा सकें। उन्होंने कहा कि हमें टैक्स व्यवस्था के वातावरण में सभी का सहयोग करने की जरूरत है और देश के विकास में केन्द्र व राज्य के साथ-साथ करदाताओं की तरफ से भी सहयोग की अपेक्षा रहती है।

सार सुर्खियां

उपराष्ट्रपति ने की हरियाणा की खेल नीति की सराहना

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले अगर बच्चे खेल में रूचि रखते थे तो उनके अभिभावक खेलने की बजाय उन्हें पढ़ाई करने के लिए डांटते थे, लेकिन आज हरियाणा के खिलाडियों ने खेल क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया है, उससे आज अभिभावक खेल को एक कैरियर के रूप में देखते हैं।

उपराष्ट्रपति युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत - मुख्यमंत्री मनोहर लाल

नई दिल्ली। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आप केवल राजनेता नहीं बल्कि अर्थशास्त्री भी हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हर समस्या को एक अनुभवी व्यक्ति के रूप में सुलझाने की उनकी कला से वे स्वयं भी प्रभावित हैं। मनोहर लाल ने कहा कि बंगाल के राज्यपाल रहते हुए वहां की समस्याओं को जिस प्रकार से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुलझाया, शायद ही कोई और व्यक्ति ऐसा कर पाता। उनकी इसी काबिलियत पर आज वे उपराष्ट्रपति के पद पर हैं।

मौलिक कर्तव्यों का पालन करना युवाओं की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं का आह्वान किया कि वे आज शपथ लें कि संविधान में लिखित मौलिक कर्तव्यों पर भी उतना ही बल देंगे, जितना मौलिक अधिकारों पर दिया जाता है। मौलिक कर्तव्यों का पालन करना आवश्यक है, इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने माता-पिता, गुरुजनों और वृद्धजनों का सदा आदर करें और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

शिक्षार्थ आइए-सेवार्थ जाइए के भाव से जीवन में आगे बढ़ें विद्यार्थी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री ने डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के बाद अपने जीवन में विद्यार्थी एक नई सीढ़ी चढने जा रहे हैं और समाज के लिए सेवा भाव से कार्य करने के बाद ही वास्तविक सफलता का आनंद मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थ आइए-सेवार्थ जाइए के भाव से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने चाहिए। आज का क्षण वे कभी न भूलें, क्योंकि डिग्री हासिल करने के बाद वे समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंत बालक नाथ योगी ने इस संस्थान को बड़े परिश्रम से सींचा है और यह संस्थान इसी प्रकार दिन दौगुनी रात चौगुनी उन्नति करता रहे, यही कामना है।

हरियाणा ने वैट टैक्स प्रणाली को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई-दुष्यंत

नई दिल्ली। उन्होंने कहा कि हरियाणा टैक्स सिस्टम में मॉडयूल-1 से मॉडयूल-2 की ओर परिवर्तन कर रहा है जबकि यह परिवर्तन आसान नहीं है लेकिन हरियाणा ने साल 2003 में वैट टैक्स प्रणाली को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी और उसके बाद अन्य राज्यों ने वैट टैक्स प्रणाली को अपनाना शुरू किया था।

दुष्यंत ने कहा कि इसके बाद साल 2003 से साल 2006 के बीच देश में वैट व्यवस्था के लागू होने से परिवर्तन हुआ और उसके बाद अन्य राज्यों ने भी वैट को अपनाया।

प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से भारत एक टैक्स-एक राष्ट्र के सिस्टम में लीड करेगा : उपमुख्यमंत्री

बलराम शर्मा

दिल्ली। हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला, जिनके पास आबकारी एवं कराधान का प्रभार भी हैं, ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से भारत ह्यह्यएक टैक्स-एक राष्ट्रह्लह्ल के सिस्टम में लीड करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले सालों में भारत में कई नए करदाता जुडेंगें और लोगों की टैक्स देने की क्षमता बढ़ेगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हरियाणा टैक्स सिस्टम में मॉडयूल-1 से मॉडयूल-2 की ओर परिवर्तन कर रहा है। दुष्यंत मंगलवार को नई दिल्ली के ताज होटल में टीआईओएल अवार्ड कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि टीआईओएल द्वारा अनुपालक करदाताओं, कर प्रौद्योगिकी सेवाप्रदाताओं, सक्रिय सुविधाकताओं, कर-अनुकूल आयुक्तालयों, सुधार वाले राज्यों को आर्थिक विकास के पहियों के लिए प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और करदाताओं को प्रदान करने वाले एक विश्वसनीय चैनल के रूप में कार्य करने के साथ-साथ नीति निमार्ताओं को प्रतिक्रिया देने पर पुरस्कार दिए जाते हैं।

भारत अवसरों और निवेश के मामले में आज ग्लोबल लैंड बना

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज भारत तेज गति से विकास कर रहा है। भारत में अवसरों की कोई कमी नहीं है। भारत अवसरों और निवेश के मामले में आज ग्लोबल लैंड बन गया है। भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिन्होंने भारत पर राज किया है, उनको भी हमने पीछे छोड़ दिया है। अगर भारत इसी तेजी से विकास करता रहा तो भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। विद्यार्थियों को कभी भी अपनी प्रतिभा को कम नहीं आंकना चाहिए और नवाचारों से संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि सैनिक स्कूल, चितौडगढ़ में अगर उन्हें स्कॉलरशिप नहीं मिली होती तो वे कानून की अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि वकालत के लिए लाइब्रेरी खोलने के लिए जब वे बैंक से 6 हजार रुपये का ऋण लेने गए तो बैंक मैनेजर ने मदद की, लेकिन आज केंद्र सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत युवाओं को स्टार्ट-अप खोलने के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब वे सांसद बने थे, तो उस समय सांसद के नाते 50 गैस कनेक्शन हर वर्ष मिलते थे। आज 18 करोड़ गैस कनेक्शन फ्री देकर केंद्र सरकार ने एक नया आयाम स्थापित किया है, जो कभी किसी ने नहीं सोचा था। इतना ही नहीं, 1 अप्रैल, 2020 से 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 138 करोड़ जनसंख्या को कोरोना की वैक्सीन की दोनों डोज के साथ-साथ बूस्टर डोज लगाने का जो कीर्तिमान स्थापित किया है, ऐसी उपलब्धी दुनिया के किसी देश ने हासिल नहीं की होगी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज देश में इतना विकास हो रहा है, फिर भी कुछ लोग उसका आनंद लेना नहीं चाहते। युवा देश का भविष्य है और उन्हें यह चिंतन करने की आवश्यकता है कि देश के लिए कौन सही है। उन्होंने कहा कि 34 वर्षों के बाद नई शिक्षा नीति - 2020 बनाकर जो बदलाव लाने का काम किया है, वह अपने आप में किसी क्रांति से कम नहीं है।

नई शिक्षा नीति 2025 तक होगी लागू

दैनिक भास्कर

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारे कार्यकाल के दौरान हरियाणा में शिक्षा क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। केंद्र सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति को वर्ष 2030 तक राज्यों में लागू करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन हम इसे वर्ष 2025 तक लागू करेंगे।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में मानव शरीर को निरोगी रखने की कला है, जबकि एलोपैथी में बिमारी होने के बाद ईलाज होता है।

इसलिए एलोपैथी, आयुर्वेद, युनानी इत्यादि पद्धतियों में एक ही डिग्री के लिए प्रयास किए जांएगे।

हरियाणा में होंगी एमबीबीएस की 3050 सीटें

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 में हरियाणा में एमबीबीएस की केवल 750 सीटें थी जो आज बढकर 1700 हो गई हैं। हम हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रहे हैं और हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने से एमबीबीएस की सीटें 3050 हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि पंचकूला में आयुर्वेद का ऐम्स भी खोला जा रहा है। इसके अलावा गांव में आयुर्वेद के केंद्र भी खोले जाएंगे। ये रहे मौजूद, इस अवसर पर उपराष्ट्रपति की धर्मनत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, अलवर के सांसद एवं श्री बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा एवं कृष्ण पंवार, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मुख्यमंत्री के ओएसडी (प्रचार) गजेंद्र फौगाट, मेयर मनमोहन गोयल, रोहतक मंडलायुक्त जगदीप सिंह, एडीजीपी ममता सिंह, उपायुक्त यशपाल, पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीणा, झज्जर के एसपी वसीम अकरम, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्रपाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार लोहचब, हेमेंद्र सिंह मीणा व मेधा भूषण, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय बंसल, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सम्पदा अधिकारी श्वेता सुहाग, रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक मेजर गायत्री अहलावत, मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरएस यादव, प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव, कुलसचिव मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

यूनाईटेड किंगडम के अधिकारी हरियाणा के 100 से अधिक अधिकारियों को टैक्स प्रणाली के संबंध में दे रहे हैं प्रशिक्षण : दुष्यंत चौटाला

नई दिल्ली। रोदुष्यंत ने कहा कि ब्रिटिश हाई कमीशन के सहयोग से यूनाईटेड किंगडम के अधिकारी हमारे 200 से अधिक अधिकारियों को टैक्स प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम टैक्स व्यवस्था में सीख रहे हैं और अगर अच्छा करने के लिए सीख सकते हैं तो हमें सीखना चाहिए और अनुभव प्राप्त करना चाहिए। यह हमारा वार्षिक कार्यक्रम हैं और देश का तेजी से विकास करने के लिए यह जरूरी भी है।

गोआ व दिल्ली को छोडकर छोटे राज्यों में प्रति व्यक्ति रिसिवर गुडस में हरियाणा सबसे आगे: दुष्यंत चौटाला

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत ने कहा कि आज जब जीएसटी क्षतिपूर्ति रूकी है, उन्होंने संसद में कहा था कि सभी उत्पादक राज्य उतने स्वस्थ नहीं होंगें जितने कि खपत आधार पर राज्य होंगें।

उन्होंने गर्व के साथ कहा कि आज हरियाणा एक उत्पादक राज्य हैं जिसकी जनसंख्या 3 करोड से कम है और गोआ व दिल्ली को छोडकर छोटे राज्यों में प्रति व्यक्ति रिसिवर गुडस में हरियाणा सबसे आगे हैं और आज हमारा टैक्स 26 हजार रूपए प्रति व्यक्ति है।

page-10_page 1 08-Nov-22 7:50 PM Page 1

खेल-कारोबार

आज ही के दिन 1985 में एंटोली कारपोव को हरा रूस के गैरी कास्पारोव दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैम्पियन बने थे।

सारसुर्खियां

सेमीफाइनल से पहले भारत को बड़ा झटका

एडिलेड। सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड में टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच खेलने की तैयारी कर रहे भारत के कप्तान रोहित शर्मा नेट प्रैक्टिस के दौरान चोट खा बैठे। रोहित की चोट कितनी गंभीर है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। रोहित थ्रोडाउन विशेषज्ञ की गेंदो को खेल रहे थे कि इस बीच एक गेंद उनके दाहिने हाथ पर लगी, जिसके बाद वे दर्द से कराह उठे। टीम के फीजियो ने उनका हल्का उपचार भी किया, जिसके बाद भारतीय कप्तान दोबारा अभ्यास के लिये नेट पर लौटे मगर एक गेंद खेलने के बाद उन्होने बल्ला किनारे कर लिया। रोहित एक आइस बाक्स पर बैठ गए, जहां चोटिल रोहित से मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन ने बात की। रोहित शर्मा को कितनी चोट आई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन हाथ पर गेंद लगते ही रोहित शर्मा मैदान में बैठ गए थे। उनके चेहरे पर तेज दर्द का भाव स्पष्ट देखा जा सकता था।

खेल निकायों में चुनाव

जम्मू। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद ने कामकाज में पारदर्शिता लाने के मकसद से 14 खेल निकायों को नई मतदाता सूची जमा करने और चुनाव समय पर कराने के निर्देश दिये है। जम्मू-कश्मीर में करीब 14 खेल संघ अवैध रूप से काम कर रहे हैं। इस तथ्य के बावजूद कि उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है, ये खेल निकाय जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के बैनर तले गतिविधियां कर रहे हैं, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। जब तक चुनाव नहीं कराए जाते और मान्यता के साथ संबद्धता में संशोधन नहीं किया जाता, इन निकायों को अमान्य माना जाएगा। चुनाव कराने के लिए निर्देशित खेल निकायों में जम्मू-कश्मीर तीरंदाजी संघ, बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन, शतरंज एसोसिएशन, साइक्लिंग एसोसिएशन, राइफल एसोसिएशन, बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन, स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन, टेबल टेनिस एसोसिएशन, कुश्ती संघ, टेनीकोइट एसोसिएशन, र एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन, खो-खो एसोसिएशन, रग्बी एसोसिएशन, पेनकक सिलाट एसोसिएशन शामिल हैं।

मैड्रिड में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान एस्पेनयोल के मार्टिन ब्रेथवेट से बॉल छीनते एटलेटिको डी डिएगो के नहुएल मोलिना। एजेंसी

करियर के सर्वश्रेष्ठ पायदान पर लक्ष्य

बीडब्लूएफ रैंकिंग

- लक्ष्य सेन को छठी रैंकिंग की सफलता

कुआलालंपुर, एजेंसी। भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ द्वारा जारी ताजा विश्व रैंकिंग में दो स्थान की छलांग के साथ पुरुष एकल वर्ग में छठी पायदान पर पहुंच गये हैं, जो उनके करियर में अब तक का सर्वश्रेष्ठ है।

पिछली जनवरी में इंडिया ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट और मार्च में प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने के बाद सेन ने इस साल की शुरुआत में शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाई थी।

साईराज व चिराग ने रचा इतिहास

साईराज और चिराग ने फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद सुपर 750 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय युगल टीम बनकर इतिहास रच दिया है। महिला युगल में, अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की अनुभवी जोड़ी दुनिया में 21वें नंबर पर बनी हुई है। गायत्री गोपीचंद और त्रेसा जॉली की उभरती युवा जोड़ी पांच पायदान चढ़कर दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी बन गई है। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्तो और ईशान भटनागर दो पायदान के फायदे से 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बीडब्लूएफ की मंगलवार को जारी पुरुष एकल रैंकिंग में किदांबी श्रीकांत 11वें और फार्म में चल रहे एचएस प्रणय 12वें स्थान पर हैं।

महिलाओं में पीवी सिंधु एकल वर्ग में पांचवें स्थान पर रही, जबकि सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर सात का रूतबा हासिल किया है।

फाइनल की एक टीम का फैसला आज

रोमांचक होगी पाक और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल की जंग

- आंकड़ों में पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी
- किसी बड़े उलटफेर में न्यूजीलैंड टीम सक्षम



सिडनी, एजेंसी। किस्मत की बदौलत टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची बाबर आजम के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की टीम बुधवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी।

दोनो टीमों के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला नौ नवंबर को दोपहर 1.30 बजे से खेला जाएगा। आंकड़ो के लिहाज से पाकिस्तान का पलड़ा भारी दिखता है, मगर विश्वकप में अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी राह कतई आसान नहीं होगी। दोनो टीमो के बीच अब तक खेले गए सभी टी-20 विश्वकप में यह सातवीं भिड़ंत होगी। टी-20 विश्वकप मुकाबलों में अब तक कीवी टीम के खिलाफ पाकिस्तान के सिर चार बार जीत का सेहरा बांधा है, जबकि दो बार उसे हार का सामना करना पड़ा है।

मौजूदा टी-20 विश्वकप से ठीक पहले न्यूजीलैंड को उसके घर में हरा कर त्रिकोणीय श्रृंखला जीतने वाली बाबर की टीम पहले ही मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर चुकी है। सेमीफाइनल में पाक टीम इसका फायदा उठाने की पुरजोर कोशिश करेगी। रविवार सुबह पाकिस्तान के लिये आशा भरी किरण लेकर आई, जब नीदरलैंड ने जबरदस्त उलटफेर करते हुए मजबूत दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हरा दिया।

शहीन पर टिका गेंदबाजी आक्रमण

पाकिस्तान का प्रदर्शन तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के नेतृत्व वाले मजबूत गेंदबाजी आक्रमण पर टिका रहेगा। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज शान मसूद, इफ्तिखार अहमद और शादाब खान पर एक बार फिर प्रशंसको की उम्मीदें टिकी होंगी। कप्तान बाबर आजम और रिजवान की सलामी जोड़ी अगर टीम को तेज और बड़ी शुरूआत देने में सफल रहती है तो पाक टीम की राह और आसान हो सकती हैं।

चुनौती देने को तैयार केन की सेना

विश्वकप की चमचमाती ट्राफी को उठाने में सिर्फ दो कदम दूर केन विलियम्सन की टीम पाकिस्तान को बेपटरी करने के लिये अपना सर्वस्व झोंकने को तैयार होगी। कीवी टीम का मौजूदा विश्वकप का सफर अब तक काफी शानदार रहा है और अगर विलियम्सन के लड़ाके अपनी लय को बरकरार रख पाते हैं तो इनसे निपटना पाक के लिये कतई आसान नहीं होगा।

यह होंगी संभावित टीम

न्यूजीलैंड टीमः फिन एलन, डेवॉन कॉनवे (विकेट कीपर), केन विलियम्सन (कप्तान), डेरिएल मिचेल, जेम्स नीशम, मिचेल सेंटनर, टिम साउथी, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्युसन, ट्रेंट बोल्ट

पाकिस्तान टीमः मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हैरिस, शान मसूद, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, हैरिस रउफ, शाहीन शाह अफरीदी

गेंदबाजी ही हमारा मुख्य हथियार हैः विलियम्सन

- परिस्थितियों के साथ बिठाना होगा तालमेल

सिडनी, एजेंसी। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने मंगलवार को कहा कि आस्ट्रेलिया में मौजूदा टी-20 विश्व कप में अब तक उनकी पूरी टीम खासकर गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है और उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में भी गेंदबाजों का उत्कृष्ट प्रदर्शन टीम की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

विलियम्सन ने कहा कि वे हमारे लिए अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने हमारे लिए लंबे समय तक खेला है, चाहे वह विकेट लेना हो या विशेष रूप से उन परिस्थितियों में तालमेल बैठाना जो निश्चित रूप से हमें विश्व कप जैसे बड़े आयोजनों में आने के लिए चाहिए। हम एक और टीम के खिलाफ उतरेंगे और हमें उन समायोजनों को फिर से करना होगा।

विलियम्सन ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दिलचस्प है, हमने यहां पहला मैच खेला, विकेट बहुत अच्छा था और फिर दूसरी बार जब हम यहां खेले तो यह बदल गया था। कभी-कभी आप शायद वह ले सकते हैं जिसकी आप उम्मीद कर रहे थे कि विकेट ऐसा होगा। पहले गेम में और लगता है कि यह उसी तरह से व्यवहार करेगा, जैसा उसने नहीं किया।

उन्होने कहा कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें यहां खेली हैं। इसलिए हमें वास्तव में अपने क्रिकेट और उन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिनसे हमें निपटना हैं। हमे तय करना होगा कि हम परिस्थितियों के साथ कैसे तालमेल बिठाते हैं।

नीदरलैंड के स्टीफन ने लिया सन्यास

- क्लब स्तर पर क्रिकेट खेलते रहेंगे स्टीफन

एडिलेड, एजेंसी। टी-20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल की रेस से बाहर करने वाली नीदरलैंड टीम के सलामी बल्लेबाज स्टीफ़न मायबर्ग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।

मायबर्ग ने कहा कि हैंगिंग अप द बूट्स। ईश्वर महान है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मैं विश्व कप में अपना करियर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ समाप्त करूंगा। यह याद हमेशा ताजा रहेगी। मैं केएनबीसी क्रिकेट और नीदरलैंड का आभारी हूं। दोस्त, परिवार, प्रायोजक और समर्थकों को मैं धन्यवाद।

कहा कि मैने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए सन्यास का मन बनाया है। हालांकि वह क्लब स्तर पर खेलते रहेंगे। गौरतलब है कि पिछले रविवार को टी-20 विश्वकप के अपने अंतिम लीग मैच में नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को जबरदस्त उलटफेर करते हुये 13 रन से हरा दिया था। इस मैच में 38 वर्षीय मायबर्ग ने मात्र 30 गेंदों में 37 रन बना कर अपनी टीम को मजबूत आधार दिया जिसकी बदौलत नीदरलैंड चार विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर सकी थी। प्रिटोरिया में जन्मे मायबर्ग ने 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और करियर में 22 वनडे और 45 टी-20 मैच खेले हैं।

गर्सिया ने जीता एकल खिताब

फोर्ट वर्थ। फ्रांस की कैरोलिन गर्सिया ने आर्या सबलेंका को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियनशिप का एकल खिताब जीत लिया है। गर्सिया ने इस साल खेले गए सभी फाइनल जीते हैं। सबलेंका के खिलाफ हालांकि पहले सेट में उन्हे कड़ा संघर्ष करना पड़ा मगर दूसरा सेट उन्होने आसानी से अपने नाम कर लिया। गर्सिया ने कहा कि यह निश्चित रूप से बहुत बड़ी खुशी है।

गुणथिलाका मामले में पैनल किया गठित

- जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी कार्रवाई

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने दनुष्का गुणथिलाका से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है।

एसएलसी ने मंगलवार को बताया कि तीन सदस्यीय जांच पैनल में न्यायमूर्ति सिसिरा रत्नायके (हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश), निरोशना परेरा, अटॉर्नी-एट-लॉ और असेला रेकावा, अटॉर्नी-एट-लॉ शामिल हैं।

गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 विश्वकप के दौरान गुणाथिलका पर यौन उत्पीड़न के चार आरोप लगाए गए थे। उन्हें सिडनी में ससेक्स स्ट्रीट के एक होटल से रविवार सुबह गिरफ्तार किया गया था। विश्वकप की रेस से बाहर होने के बाद श्रीलंका की टीम स्वदेश लौट गई है। जबकि गुणथिलाका को आस्ट्रेलिया में पूछताछ के लिये रोका गया है।

एसएलसी ने कहा कि समिति उन कथित घटनाओं की जांच पर भी ध्यान केंद्रित करेगी, जो श्रीलंका क्रिकेट के ध्यान में आई हैं। कहा जाता है कि यह कथित घटना ऑस्ट्रेलिया में टीम के प्रवास के दौरान हुई थी। पैनल द्वारा इस मामले में रिपोर्ट के आधार पर श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति खिलाड़ियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी।

अमेजन पे का 'अब हर दिन हुआ आसान'

- लॉंच किया अभियान का दूसरा संस्करण

नई दिल्ली। अमेजन पे ने मंगलवार को डिजिटल अभियान 'अब हर दिन आसान' के दूसरे चरण का अनावरण किया।

अमेजन पे इंडिया के पूर्णकालिक सदस्य विकास बंसन ने बताया कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक भारतीय की भुगतान और वित्तीय जरूरतों को हल करके उनके जीवन को आसान बनाना और आकांक्षाओं को पूरा करना है, हमनें डिजिटल भुगतान को विश्वसनीय सुविधाजनक तेज और बिना रुकावट के बनाया और व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए भुगतान विकल्पों की पसंद उपलब्ध कराई है। हमारा ध्यान छोटे व्यापारियों को भुगतान टूल और समाधानों के माध्यम से सशक्त बनाना है, जो विभिन्न कस्टमर टचप्वॉइंट्स पर उनके डिजिटल भुगतान अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। अभियान जागरूकता फैलाने और डिजिटल भुगतान को अपनाने की जरूरत को और मजबूत करने और प्रत्येक व्यापारी, उपभोक्ता, बुजुर्ग या युवा को निर्बाध रूप से लेनदेन करने के लिए प्रोत्साहित करना हमारा एक प्रयास है।

केएफसी पर जल्द ही मिलेगी मैगी

नई दिल्ली। केएफसी ने अपने स्टोर पर मैगी की पेशकश के लिए नेस्ले के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत उसके स्टोर में केएफसी पॉपकॉर्न बोल मेड विद मैगी की पेशकश की गई है। दोनों ब्रांड ने मिलकर केएफसी के चिकन पॉपकॉर्न और मैगी नूडल्स का क्रंची और कॉम्बो का बाउल तैयार किया है। इस अनोखी साझेदारी के जरिये यह पेशकश की गयी है। इस साझेदारी से बहुत ही शानदार रेसिपी बनकर सामने आई है। केएफसी और मैगी के फैन्स के लिए केएफसी पॉपकॉर्न बोल मेड विद मैगी के लिमिटेड एडिशन को अभी पेश किया गया है।

ऑडी क्यू5 का स्पेशल एडिशन किया लॉंच

- नए उपकरणों और फीचर से किया लैस

नई दिल्ली। लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी ऑडी इंडिया ने मंगलवार को भारतीय बाजार में ऑडी क्यू 5 का विशेष संस्करण लॉंच करने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा कि ऑडी क्यू5 के स्पेशल एडिशन को कई नए उपकरणों और फीचरों से लैस किया गया है। इसमें कार के मिरर के साथ नए ब्लैक स्टाइल का पैकेज ऑफर किया जा रहा है।

ऑडी के लोगो और रूफ की रेलिंग काले रंग में हैं। इसमें 5 स्पोक वी स्टाइल ग्रेफाइट ग्रे डायमंड कट अलॉय व्हील्स हैं। इसके अलावा ऑडी क्यू5 के विशेष संस्करण के लिए ऑडी की असली एक्ससेरीज की किट भी दी जा रही है। ऑडी क्यू5 स्पेशल एडिशन दो विशेष रंगों, डिस्ट्रिक्ट ग्रीन और आइबिस वाइट में मिलेगी।

ऑडी इंडिया के प्रमुख बलवीर सिंह ढिल्लन ने कहा कि ऑडी क्यू5 सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है। ऑडी क्यू5 स्पेशल एडिशन सीमित यूनिट्स में उपलब्ध होगी और इस समय स्टाइल में कई तरह के फीचर्स के साथ यह उपभोक्ताओं को दो रंगों में पेश की जा रही है।

नई दिल्ली में एक इलेक्ट्रॉनिक मार्ट स्टोर में फेस्टिवल बंपर ड्रॉ की घोषणा करते कंपनी के सीईओ करण बजाज, अभिनेता हर्षवर्धन राणे और अभिनेत्री पायल राजपूत। एजेंसी

कांग्रेस के दो विधायक और उनके सहयोगियों के 50 से अधिक परिसरों में आयकर विभाग ने की छापेमारी

झारखंड में 100 करोड़ की बेहिसाब आय का खुलासा

- बरामद किये गए डिजिटल साक्ष्य

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों और उनके सहयोगियों के यहां की गई छापेमारी में दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के साथ ही 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन और निवेश किये जाने का पता लगाया है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को बताया कि गत चार नंबवर को यह कार्रवाई की गई थी। दो राजनेताओं और उनके सहयोगियों के कोयला कारोबार, परिवहन, ठेका, लौह अयस्क खनन और कच्चे लोहे के उत्पादन से जुड़े कारोबार को लेकर यह छापेमारी की गई। विभाग ने एक साथ रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, झाईबासा, पटना, गुरूग्राम और कोलकाता स्थित 50 परिसरों पर छापेमारी की।

इस दौरान जो साक्ष्य मिले उससे पता चला है कि इन समूहों ने कर चोरी के लिए विभिन्न तरीकों को अपनाया और व्यय को बहुत बढ़ा चढ़ा कर दिखाया। जिन जगहों पर छापेमारी की गई उनमें दो ठिकाने झारखंड के कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के ठिकाने भी शामिल हैं। बता दें कि इस मामले के बारे में बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह ने भी छापेमारी के दिन मीडिया को जानकारी दी थी और बताया था कि उन्होंने जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग दिया है। वहीं दूसरे विधायक प्रदीप यादव झारखंड के पोड़ैयाहाट सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। बता दें कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की पुरानी पार्टी जेवीएमपी से विवाद के बाद कांग्रेस का दामन थाम लिया था। कांग्रेस राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन की भागीदार है।

बता दें कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड आयकर विभाग के लिए नीति बनाने वाला निकाय है। दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है और अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन/निवेश का पता लगाया गया है। छापेमारी में बड़ी संख्या में गड़बड़ी से जुड़े दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी बरामद हुए हैं।

गिरफ्तार हुए थे कांग्रेस के तीन विधायक

कांग्रेस विधायक जयमंगल ने अगस्त में अपनी ही पार्टी के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि वे झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार को गिराने की साजिश रच रहे हैं। जुलाई में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के तीन विधायकों को नकदी के साथ गिरफ्तार किए जाने के बाद शिकायत दर्ज की गई थी। कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रवक्ता राजीव रंजन ने छापेमारी वाले दिन आरोप लगाया था कि कर विभाग की कार्रवाई गैरभाजपा शासित राज्यों में सरकारों को अस्थिर करने के अभियान का हिस्सा है।

कच्चे तेल के दाम में तेजी रही जारी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में जारी तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में मंगलवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड मंगलवार को 0.71 प्रतिशत फिसलकर 97.22 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.95 प्रतिशत की गिरावट लेकर 90.92 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

गोपाल विट्टल चुने गए जीएसएमए उपाध्यक्ष

- भारती एयरटेल के सीईओ हैं गोपाल

नई दिल्ली। भारती एयरटेल समूह के सीईओ गोपाल विट्टल को जीएसएमए बोर्ड ने उपाध्यक्ष के रूप में सेवा के लिये चुना है। जीएसएमए ने अपने निदेशक मंडल के नए सदस्यों का चुनाव किया है, जिनका कार्यकाल दो वर्षों के लिए होगा, जो 1 जनवरी, 2023 से शुरू होकर 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगा।

जीएसएमए एक वैश्विक संगठन है, जो सकारात्मक कारोबारी माहौल और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक नई खोज, विकास और वितरण के लिए मोबाइल इकोसिस्टम को एकीकृत करता है। भारती एयरटेल समूह के सीईओ गोपाल विट्टल को जीएसएमए बोर्ड ने उपाध्यक्ष के रूप में सेवा देने के लिए चुना है। जीएसएमए के अध्यक्ष के रूप में टेलीफोनिका ग्रुप के सीईओ जोस मारा अल्वारेज-पैलेट लोपेज़ पदासीन रहेंगे।

जीएसएमए महानिदेशक मैट ग्रैनरीड ने कहा कि मोबाइल उद्योग महत्वपूर्ण बिंदु पर है और आगे के अवसरों और चुनौतियों से होकर गुजर रहे हैं।

यह पहले से अधिक महत्वपूर्ण है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें कि मोबाइल इकोसिस्टम की वास्तविक क्षमता लोगों, व्यवसायों और समाज को समग्र रूप से लाभान्वित करे।

सिख धर्म और सहज योग

सुन निरंतर सहज समाधि
तिह घर जाए तो मिटे उपाधि।

अर्थात सहज समाधि निरंतर शून्य में रहने से है - जो प्राणी वहां तक पहुंच जाता है, उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

सिख धर्म के प्रथम गुरु - श्री गुरु नानक देव जी

सिख धर्म के प्रथम गुरु - श्री गुरु नानक देव जी को गुरु नानक, बाबा नानक और नानकशाह के नाम से भी जाना जाता है और इन्हीं ने सिख धर्म की स्थापना की थी । इनके अंदर दार्शनिक, समाजसुधारक, धर्मसुधारक, कवि, देशभक्त, योगी, गृहस्थ और विश्वबंधु इत्यादि सभी के गुणों का समावेश था । इसीलिए इनके विचार केवल सिख धर्म के लिए ही नहीं बल्कि सभी धर्म के लोगो के लिए प्रेरणादायक होते है ।

गुरु नानक जी का जन्म

अंधविश्वास और आडंबरों के कट्टर विरोधी गुरु नानक का प्रकाश उत्सव (जन्मदिन) कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है हालांकि उनका जन्म 15 अप्रैल 1469 को हुआ था। गुरु नानक जी पंजाब के तलवंडी नामक स्थान पर एक किसान के घर जन्मे थे। उनके मस्तक पर शुरू से ही तेज आभा थी।

गुरु नानक जी का बचपन

वह बचपन से ही गंभीर प्रवृत्ति के थे। बाल्यकाल में जब उनके अन्य साथी खेल कूद में व्यस्त होते थे तो वह अपने नेत्र बंद कर चिंतन मनन में खो जाते थे। यह देख उनके पिता कालू एवं माता तृप्ता चिंतित रहते थे। उनके पिता ने पंडित हरदयाल के पास उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा लेकिन पंडितजी बालक नानक के प्रश्नों पर निरुत्तर हो जाते थे और उनके ज्ञान को देखकर समझ गए कि नानक को स्वयं ईश्वर ने पढ़ाकर संसार में भेजा है। नानक को मौलवी कुतुबुद्दीन के पास पढ़ने के लिए भेजा गया लेकिन वह भी नानक के प्रश्नों से निरुत्तर हो गए। नानक जी ने घर बार छोड़ दिया और दूर दूर के देशों में भ्रमण किया जिससे उपासना का सामान्य स्वरूप स्थिर करने में उन्हें बड़ी सहायता मिली। अंत में **कबीरदास** की **'निर्गुण उपासना'** का प्रचार उन्होंने पंजाब में आरंभ किया और वे सिख संप्रदाय के आदिगुरु हुए।

परमात्मा ने पिलाया अमृत

सिख ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि गुरु नानक नित्य बेई नदी में स्नान करने जाया करते थे। एक दिन वे स्नान करने के पश्चात वन में अन्तर्ध्यान हो गये। उस समय उन्हें परमात्मा का साक्षात्कार हुआ। परमात्मा ने उन्हें अमृत पिलाया और कहा–

मैं सदैव तुम्हारे साथ हूं, जो तुम्हारे सम्पर्क में आयेंगे वे भी आनन्दित होंगे। जाओ दान दो, उपासना करो, स्वयं नाम लो और दूसरों से भी नाम स्मरण कराओ।

इस घटना के पश्चात वे अपने परिवार का भार अपने श्वसुर को सौंपकर विचरण करने निकल पड़े और धर्म का प्रचार करने लगे। उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेशों की भी यात्राएं कीं और जन सेवा का उपदेश दिया। बाद में वे करतारपुर में बस गये और 1521 ई. से 1539 ई. तक वहीं रहे।

गुरु नानक देव जी ने की लंगर की शुरुआत

गुरु नानक देवजी ने जात–पांत को समाप्त करने और सभी को समान दृष्टि से देखने की दिशा में कदम उठाते हुए 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। लंगर में सब छोटे–बड़े, अमीर–गरीब एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं। आज भी गुरुद्वारों में उसी लंगर की व्यवस्था चल रही है, जहां हर समय हर किसी को भोजन उपलब्ध होता है। इस में सेवा और भक्ति का भाव मुख्य होता है।

उनकी शिक्षाओं में मुख्यत: तीन बातें हैं:

~ **नाम जपो** यानी प्रभु का स्मरण करो,
~ **कीरत करो** यानी गृहस्थ बन कर रोजगार में लगे रहो और ईमानदारी से कमाओ,
~ **वंड छको** अर्थात मिल बांट कर खाओ, जरूरतमंदों की मदद करो और अपनी आय का कुछ हिस्सा गरीब लोगों में बांटो|

वहीं उन्होंने अहंकार, क्रोध, लालच, भौतिक वस्तुओं से अत्यधिक लगाव और वासना से बचने की सलाह दी।

सामान्यता तो गुरु ग्रंथ साहिब पूरा सहजयोग ही है !

गुरु ग्रंथ साहिब में बहुत से सूक्ष्म संकेतों के द्वारा सहज योग के बारे में बताया गया है| परंतु सिद्ध गोष्टी एवं प्राण सांगली में खुलकर सहज का वर्णन है। सिद्ध गोष्टी अर्थात सिद्धों के साथ वार्ता, गुरु नानक की हिन्दू **नाथ पंथियों** के साथ बातचीत है, जो हिमालय की गुफाओं में रहते थे| जबकि **प्राण सांगली** में लंका के राजा शिवनाभ के साथ वार्ता है।

'सहज' की अवधारणा में गुरु नानक की आध्यात्मिक सोच प्रमुख और महत्वपूर्ण है। लेकिन यह 'सहज' केवल कहने या मौखिक अभिव्यक्ति के साथ नहीं हो जाता है। यह एक वास्तविकता है, एक वास्तविक मानव स्थिति है, एक ठोस, व्यावहारिक मानव उपलब्धि है।

गुरु नानक के विचार में सिख धर्म के लिए 'सहज' एक मुख्य सिद्धांत है जिस का तात्पर्य हुकम को स्वीकृत करना है। इस अर्थ में 'सहज' एक ऐसे व्यक्ति की आध्यात्मिक स्थिति होगी, जिसने ईश्वरीय इच्छा (हुकम, भाना, रज़ा) को स्वीकार किया है। इस प्रकार '**सहज**' सिख धर्म में प्राप्य सर्वोच्च आध्यात्मिक स्थिति है। यह सर्वोच्च आनंद है। इस प्रक्रिया को योग या **आत्म-साक्षात्कार** के नाम से भी जाना जाता है। इस योग की अनुभूति को **परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी** ने मानव में निहित कुंडलिनी नामक अवशिष्ट दिव्य शक्ति को **5 मई 1970** को उजागर कर विश्व के आध्यात्मिक इतिहास में संभव किया थ। आम परिभाषा में सहज योग के नाम से प्रसिद्ध व नानाप्रकार के लाभों से समाविष्ट आज विश्व के **140 देशों** में सहजी जन आनंद का जीवन व्यतीत कर रहे है। अधिक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट्स पर उपलब्ध है:

गुरु नानक के साथ साथ **'सहज समाधि'** शब्द का प्रयोग आमतौर पर **सभी निर्गुण-सम्प्रदाय संत, कबीर, नामदेव, दादू और अन्य करते थे।** गुरु नानक के कालखंड में महा सुख या जीवन मुक्ति 'सहज' अवस्था के रूप में प्राप्त करना ही सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य समझा जाता था और इसी को बाबा नानक आंतरिक अनुशासन और दिव्य वास्तविकता से सीधे संपर्क की अनुभूति कहते हैं। जो साधक 'सहज' को प्राप्त होता है उस की दिव्य स्थिति कैसी होती है वह निम्नलिखित दोहों में स्पष्ट है-

सहजे ग्रिह महि सहजि उदासी ॥ सहजे दुबिधा तन की नासी ॥
जा कै सहजि मनि भइआ अनंदु ॥ ता कउ भेटिआ परमानंदु ॥ (अंग 236-237 ॥5॥)
सहजे अम्रितु पीओ नामु ॥ सहजे कीनो जीअ को दानु ॥
सहज कथा महि आतमु रसिआ ॥ ता कै संगि अबिनासी वसिआ ॥ (अंग 237 ॥6॥)
सहजे आसणु असथिरु भाइआ ॥ सहजे अनहत सबदु वजाइआ ॥
सहजे रुण झुणकारु सुहाइआ ॥ ता कै घरि पारब्रहमु समाइआ ॥ (अंग 237 ॥6॥)
सहजे जा कउ परिओ करमा ॥ सहजे गुरु भेटिओ सचु धरमा ॥
जा कै सहजु भइआ सो जाणै ॥ नानक दास ता कै कुरबाणै ॥ (अंग 237 ॥6॥)

भावार्थ

जिस मनुष्य में आत्मा का प्रकाश या सहज अवस्था प्राप्त हो जाती है, वह सभी कार्यों को सहज तरीके से करता है। उसके हृदय से मेरे तेरे का भेद नष्ट हो जाता है। वह हमेशा सहज ध्यान और आत्मा के आनंद में रहता है। ईश्वर प्रेम का अमृत पीता है, और दूसरों को भी सहज ध्यान का दान देता है । उसका सच्चा धर्म जागृत होता है। वह निर्विचार होकर, परमात्मा के साथ एक हो जाता है। नानक कहते हैं, ऐसी सहज अवस्था प्राप्त किए हुए व्यक्ति के लिए वे अपने प्राणों की आहुति देने को भी तैयार हैं।

गुरु ग्रन्थ साहब की कुछ सहज पंक्तियाँ

अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे ।
एक नूर ते सब जग उपजिया कौन भले कौन मंदे।।

अर्थात हम सब का जन्मदाता एक है एक ही नूर से हम सब उत्पन्न हुए हैं कोई अच्छा और कोई बुरा नहीं। कोई ऊंचा और कोई नीचा नहीं जब हम सब एक ही खुदा के बच्चे हैं तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि हिंदुओं का खुदा अलग और मुसलमानों का खुदा अलग हो।

अदि सच जुगादि सच, हैभी सच नानक होसी भी सच।

प्रभु कालातीत है वह हमेशा ही रहता है भूत में भी था वर्तमान में भी है और भविष्य में भी वही रहेगा।

टुकदम करारी जो करें, हाजिर हुजूर खुदाय।

वह ततक्षण मिलता है अर्थात सन्यास लेने या जंगल में जाकर तपस्या से नहीं।

www.sahajayoga.org.in | www.nirmaldham.org | www.sahajayogamumbai.org
Sahaja Darshan Prachaar aur Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936 | Toll Free - 1800 2700 800